

प्रधानमंत्री मोदी बोले- मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का मूल - 12



शेरी सिंह बनीं भारत की पहली मिसेज यूनिवर्स - 13



इजराइल ने गाजा में युद्धविराम शुरू होने से पहले की जी भरके गोलाबारी - 13



जायसवाल ने जड़ा सातवां शतक, भारत की शानदार शुरुआत - 14

आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.06
सूर्यास्त 05.44


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी 04:43 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 11 अक्टूबर 2025, वर्ष 35, अंक 253, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


पवित्र क्षण



हिमालय की गोद में 15000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित श्री हेमकुंड साहिब एवं पौराणिक श्री लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे विधिवत रूप से शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

## चार साल बाद काबुल में भारत फिर शुरू करेगा दूतावास

नई दिल्ली, एजेंसी

- अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी व जयशंकर के बीच हुई वार्ता, काबुल जल्द ही भारत में भेजेगा राजनयिक
- मुत्ताकी ने दिया भरोसा अपनी जमीन भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देगा अफगानिस्तान

भारत ने शुक्रवार को काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की और अफगानिस्तान में अपने विकास कार्यों को फिर से शुरू करने का संकल्प जताया। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए अफगानिस्तान में तालिबान के शासन की सराहना भी की। जयशंकर ने यह घोषणा अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से व्यापक वार्ता के दौरान की जो गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे।

भारत ने 2021 में अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावास को बंद कर दिया था। उसके चार साल बाद, अफगानिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों की बहाली, भारत की पड़ोसी कूटनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है। बैठक में उद्घाटन भाषण में जयशंकर ने सीमापार आतंकवाद को दोनों देशों के लिए साझा खतरा बताते हुए कहा कि भारत व अफगानिस्तान को आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। मुत्ताकी ने आश्वासन दिया कि अफगानिस्तान किसी भी तत्व को अपनी जमीन का इस्तेमाल नई दिल्ली के हितों के खिलाफ नहीं करने देगा।



अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ जयशंकर।

### भारत हमेशा अफगान लोगों के साथ खड़ा रहा : मुत्ताकी

अपने भाषण में, मुत्ताकी ने भारत को इस क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण देश बताया और कहा कि भारत हमेशा अफगान लोगों के साथ खड़ा रहा है और कई क्षेत्रों में उनकी सहायता की है। हम किसी भी (तत्व) को किसी को धमकाने या अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल दूसरों के खिलाफ करने की इजाजत नहीं देंगे। दाएश इस क्षेत्र के लिए एक चुनौती है और अफगानिस्तान इस संघर्ष में सबसे आगे है। मुत्ताकी ने कहा, सौभाग्य से, इस्लामी अमीरात ऑफ अफगानिस्तान, उसकी सेनाओं और उसके मजबूत संघर्ष ने उसे (दाएश को) अफगानिस्तान से मिटा दिया है। फगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को कहा कि काबुल द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चरणबद्ध प्रयासों के तहत भारत में राजनयिकों को भेजेगा।

### व्यापार को बढ़ावा देने में हमारी साझा रुचि : जयशंकर

जयशंकर ने कहा कि व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में हमारी साझा रुचि है। मुझे काबुल और नई दिल्ली के बीच अतिरिक्त उड़ानें शुरू होने पर खुशी है। अपनी टिप्पणी में, जयशंकर ने जबरन वापस भेजे गए अफगान शरणार्थियों की दुर्दशा को गहरी चिंता का विषय बताया और कहा कि उनकी गरिमा और आजीविका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भारत उनके लिए आवास निर्माण में मदद करने और उनके जीवन के पुनर्निर्माण के लिए भौतिक सहायता प्रदान करना जारी रखने के लिए सहमत है।

ब्रीफ न्यूज

### सबरीमाला स्वर्ण चोरी: आपराधिक केस दर्ज करने के दिए आदेश

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य पुलिस को आदेश दिया कि वह सबरीमला मंदिर के चौखट या लिंटर से सोने की हेराफेरी को लेकर एक आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू करे। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी व न्यायमूर्ति केवी जयकुमार की पीठ ने यह निर्देश यह कहते हुए दिया कि अब तक की गई जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि जहां तक चौखट का संबंध है, सोने की हेराफेरी की गई है। पीठ ने अपने द्वारा गठित एसआईटी को चौखट मुद्दे के साथ-साथ जांच के दौरान सामने आने वाले अन्य सभी पहलुओं की भी पड़ताल करने का निर्देश दिया। एसआईटी से 6 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है।

### आय से अधिक संपत्ति में अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) के एक अधिकारी को कथित तौर पर अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से 190 प्रतिशत अधिक संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारी को 23 सितंबर को केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा स्थित तहसील कार्यालय के शौचालय में 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था।

## अब माफिया की हवेलियों की जगह खड़े होंगे गरीबों के घर : मुख्यमंत्री

### सीएम योगी ने 160 परिवारों को दी फ्लैट की चाबी, 50 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफियाओं से मुक्त कराई गई जमीनों पर अब गरीबों के घर बनाए जा रहे हैं। प्रयागराज और लखनऊ में माफियाओं की हवेलियों की जगह अब गरीबों के मकान खड़े हो रहे हैं। योगी ने कहा कि आगे भी यूपी में माफियाओं की हवेलियों की जगह गरीबों के लिए घर खड़े होंगे। वे गोरखपुर में शुक्रवार को दीपावली से पहले गरीबों को खुशियों का बड़ा तोहफा लेकर आए थे।

उन्होंने देवरिया बाईपास स्थित पाम पैराडाइज हाई-राइज बिल्डिंग में 160 परिवारों को ईडब्ल्यूएस व एलआईजी फ्लैट्स की चाबियां सौंपीं। सीएम ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 118 करोड़ की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। योगी ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके सिर पर अपनी छत हो। यह सिर्फ एक आवास नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी खुशी है। सीएम ने बताया कि जीडीए को निर्देश दिया गया है कि हाई-राइज बिल्डिंग्स के रखरखाव के लिए आवासीय समितियां गठित करें, ताकि लिफ्ट और अन्य सुविधाओं का नियमित रखरखाव हो सके। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में 4 करोड़ गरीबों को आवास मिल चुके हैं, जिनमें 60 लाख लाभार्थी उत्तर प्रदेश से हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी नियत से अच्छे कार्य होते हैं, जब सरकार ईमानदार होती है तो गरीब को उसका अधिकार मिलना सुनिश्चित होता है।



गोरखपुर में शुक्रवार को 120 एलडब्लूएस फ्लैट्स के आवंटी को चाबी सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का किया उद्घाटन

योगी ने गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में 'यूपी ट्रेड शो-स्वदेशी मेला' का उद्घाटन करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति से अराजकता खत्म कर प्रदेश को निवेश योग्य बनाया। जहां मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और सुरक्षा का भरोसा हो, वहां निवेश अपने आप आता है। आज यूपी में ये तीनों ताकतें मौजूद हैं।

### योगी बोले- स्वदेशी खरीदें और गिफ्ट भी हो स्वदेशी

मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि जब हम स्वदेशी खरीदते हैं तो देश के कारीगरों के श्रम का सम्मान करते हैं और पैसा देश में ही रहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं के मुनाफे से देशविरोधी गतिविधियों को बल मिलता है, इसलिए जो भी खरीदें, स्वदेशी खरीदें और जो भी गिफ्ट दें, स्वदेशी दें।

## दिल्ली और एनसीआर राज्यों ने ग्रीन पटाखे जलाने की मांगी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

- मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा
- राज्य बोले- बच्चों को दिवाली मनाने दें, दो घंटे की परमिशन दी जाए

शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों के निर्माण और बिक्री की अनुमति के अनुरोध वाली याचिकाओं पर अपना आदेश शुक्रवार को सुरक्षित रख लिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मुद्दे पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत विभिन्न हितधारकों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। एनसीआर में दिल्ली के साथ उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कई जिले आते हैं।

एनसीआर के राज्यों का भी प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष विधि अधिकारी ने उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि दिवाली, गुरु पर्व और क्रिसमस जैसे मौकों पर दिल्ली-एनसीआर में समय पर किसी प्रतिबंध के बिना हरित पटाखे जलाने की अनुमति दी जाए। एनसीआर राज्यों की ओर से न्यायालय में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि दिवाली पर रात 8 बजे से रात 10 बजे तक हरित पटाखे जलाने की अनुमति दी जानी चाहिए। तुषार मेहता ने उच्चतम न्यायालय में एक अनूठी दलील पेश करते हुए सीजेआई से कहा कि वह अपने भीतर बैठे एक बच्चे के माध्यम से उनके भीतर बैठे बच्चे से इसके लिए अपील कर रहे हैं।



### पीईएसओ सुनिश्चित करेगा बिक्री न हो

मेहता ने कहा कि एनसीआर के राज्यों, दिल्ली सरकार और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक (पदार्थ) सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पटाखों की लड़ी का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल न हो। पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से ही की जानी चाहिए।

## वेनेजुएला की मारिया को शांति नोबेल पुरस्कार

- 20 साल तक गहराते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखी
- नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 20वीं महिला

ओस्लो, एजेंसी

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की शुक्रवार को घोषणा की गई। मारिया को एक ऐसी महिला के रूप में मान्यता दी गई है, जिन्होंने 20 साल तक गहराते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखी है।

नॉर्वे की नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिडनेस ने कहा कि वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए विपक्ष की उम्मीदवार रहीं मारिया को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार के खिलाफ कभी गहरे तक विभाजित विपक्ष को एकजुट करने वाली महत्वपूर्ण शख्सियत के रूप में सराहा गया है। फ्रिडनेस ने कहा, मारिया पिछले एक साल से छिपकर रहने के लिए मजबूर हैं। जान को गंभीर खतरे के बावजूद वह देश में ही हैं और इस फैसले ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, जब अधिनायकवादी सत्ता पर कब्जा कर लेते हैं, तो आजादी की रक्षा करने वाले उन साहसी नायकों को मान्यता देना अहम हो जाता है, जो आवाज उठाते हैं और प्रतिरोध करते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार एकमात्र नोबेल पुरस्कार है, जो ओस्लो (नॉर्वे) में प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार अब तक 112 लोगों को दिया जा चुका है। मारिया इस पुरस्कार को हासिल करने वाली 20वीं महिला हैं।



### राष्ट्रपति ट्रंप की कोशिशें रहीं नाकाम

**वाशिंगटन।** प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं। रिपब्लिकन नेताओं से लेकर दुनिया के कई नेताओं द्वारा ट्रंप को यह पुरस्कार दिए जाने की वकालत किए जाने और खुद ट्रंप द्वारा उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार का उचित उम्मीदवार बताए जाने के बावजूद वह इसे पाने से चूक गए।

## पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अगले साल चुनावी राज्यों से हो सकती है शुरुआत

निर्वाचन आयोग पूरे देश में मतदाता सूचियों के एसआईआर की कवायद को चरणबद्ध तरीके से शुरू कर सकता है और इसकी शुरुआत उन कुछ राज्यों से होगी जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

साथ ही आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची को दुरुस्त नहीं करेगा, जहां स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, क्योंकि जमीनी स्तर की चुनावी मशीनरी इसमें व्यस्त है और संभवतः एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगी। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इन चार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के अलावा, पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा सकता है। बिहार में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम पूरा हो चुका है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बीते सोमवार को कहा था कि सभी राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया को काम जारी है ।

### विदेशी अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना उद्देश्य

एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य जन्म स्थान की जांच करके विदेशी अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। इस कदम को विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार सहित अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में यहां एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था।

## देश में पहली बार रोबोटिक किडनी का प्रतिरोपण, एम्स में हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** एम्स नई दिल्ली में चिकित्सकों ने 45 वर्षीय एक मरीज का रोबोटिक किडनी प्रतिरोपण किया। दावा किया गया कि यह किसी सरकारी अस्पताल में पहली बार हुआ है। सर्जरी विभाग के प्रो. डॉ. वीरेंद्र बंसल ने ऑपरेशन का नेतृत्व किया।

उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में रोबोटिक मंच दा विंची शी सर्जिकल का उपयोग किया गया, जिसमें बेहतर परिशुद्धता, निपुणता और थ्रीडी दृश्य के साथ न्यूनतम चीरफाड़ करनी होती है। इस तकनीक से मरीजों को अक्सर छोटे चीरों के साथ ही कम जटिलताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे वे जल्दी घर लौट सकते हैं। डॉ. कृष्णा असुरी ने बताया कि इस मरीज की किडनी ने काम करना बंद कर दिया था और वह डायलिसिस पर था एवं लगभग छह महीने पहले एम्स में आया था।

तैयारी | बिजरानी जोन से होगी शुरुआत, अगले साल 30 जून तक रहेगा सीजन, पार्क प्रशासन तैयारी में जुटा

## कॉर्बेट में 15 से रोमांच की वापसी, शुरू हो रहा पर्यटन सीजन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में पर्यटकों के लिए रोमांच का इंतजार शीघ्र खत्म होने वाला है। 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे पर्यटन सीजन का आगाज बिजरानी जोन से होगा। पार्क प्रशासन तैयारियों में जुटा है।

सीटीआर के निदेशक डॉ. साकेत बडोला के अनुसार, मानसून के दौरान जंगल की सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बार बारिश सामान्य से अधिक हुई, जिससे कई मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए। पार्क प्रशासन की टीमें लगातार सड़कों की मरम्मत और सफाई कार्य में लगी हैं ताकि 15 अक्टूबर से पहले सभी पर्यटन जोन पर्यटकों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनाए जा सकें। कॉर्बेट का बिजरानी सबसे लोकप्रिय पर्यटन जोन में से एक माना जाता है, जहां हर साल देश-विदेश से हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। बिजरानी का परिदृश्य हर मौसम में अलग-अलग रूप दिखाता है। घने साल वन, घास के मैदान और जल स्रोतों के कारण यह क्षेत्र टाइगर देखने के लिए प्रसिद्ध है। बता दें कि सीटीआर में प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर से 30 जून तक पर्यटन सीजन रहता है। मानसून के दौरान (जुलाई से सितंबर) पार्क को पर्यटकों के लिए बंद रखा जाता है ताकि जंगल के रास्तों और वन्यजीवों को आराम मिल सके। इस बार प्रशासन को उम्मीद है कि बिजरानी जोन के खुलने के साथ ही पर्यटकों की भारी आमद होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था में फिर से जान लौट आएगी।

### सीटीआर ने पर्यटकों से यह अपील की

- बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट का ही करें प्रयोग।
- जंगल सफारी में निर्धारित नियमों का पालन करें।
- हॉर्न का प्रयोग न करें प्लास्टिक न फैलाएं, वन्यजीवों से उचित दूरी बनाए रखें।





### बेसब्री से करते हैं इंतजार

रामनगर के पर्यटन कारोबारी सतप्रीत सिंह शेट्टी बताते हैं कि कॉर्बेट पार्क के खुलने को लेकर स्थानीय व्यापारियों और होटल संचालकों में भारी उत्साह है। हर साल 30 जून को जब पार्क बंद होता है तो तब से हम 15 अक्टूबर का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसके खुलते ही पर्यटन गतिविधियां तेज हो जाती हैं और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने लगते हैं। कहा कि, मानसून के कारण तीन माह तक पर्यटन गतिविधियां पूरी तरह ठप रहती हैं जिससे होटल व्यवसाय, जीप सफारी संचालक, गाइड और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर असर पड़ता है लेकिन पार्क खुलने के साथ ही रामनगर, ढिकुली, मोहान और आसपास के इलाकों में फिर से रौनक लौट आती है।

# डाक विभाग बनाएगा जीवन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पेंशनर्स को नहीं लगाने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर
- डाककर्मी घर जाकर बायोमैट्रिक मशीन से करेंगे सत्यापन



**अमृत विचार :** पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बैंक, सेवा केंद्र या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डाक विभाग ने पेंशनर्स की सुविधा के लिए घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सेवा शुरू की है।

यह जानकारी पोस्ट मास्टर जनरल लखनऊ परिक्षेत्र सुनील कुमार राय ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित प्रदेश परिमंडल कार्यालय स्थित मंथन हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स को नजदीकी डाकघर जाकर सेवा के लिए पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद डाककर्मी तय समय पर घर पहुंचकर बायोमैट्रिक मशीन से पहचान सत्यापित करेंगे और जीवन प्रमाण पत्र जारी करेंगे। इस प्रमाण पत्र की तीन प्रतियां बनेंगी। एक पेंशनर के पास, दूसरी डाक विभाग के पास और तीसरी ईपीएफओ को भेजी जाएगी। इससे पेंशनर्स को भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी और प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी।

सुनील राय ने बताया कि 6 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसकी थीम 'लोगों के लिए पोस्ट, स्थानीय सेवा, वैश्विक पहुंच' थी। भारतीय डाक सेवाएं देश के दूरदराज क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बना रही हैं। उन्होंने बताया कि सप्ताह के अंतर्गत 6 अक्टूबर को टेक्नोलॉजी दिवस, 7 को वित्तीय समावेशन दिवस, 8 को फिलेटली एवं नागरिक सेवाएं दिवस, 9 को विश्व डाक दिवस और 10 को ग्राहक दिवस मनाया गया। राय ने बताया कि ग्राहकों की समस्याओं के समाधान के लिए 2 मई 2025 से डाक सेवा समाधान दिवस की शुरुआत की गई है, जो हर माह के पहले और तीसरे शुक्रवार को आयोजित होता है।

# घबराइए मत, हर पीड़ित को मिलेगा न्याय : योगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि घबराइए मत, हर पीड़ित को न्याय मिलेगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि हर शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य लोगों को राहत देना है, इसलिए हर अधिकारी जनता की पीड़ा को अपनी जिम्मेदारी समझे। जनता दर्शन में महिलाओं की उपस्थिति अधिक रही। मुख्यमंत्री स्वयं कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास जाकर एक-एक कर उनकी बात सुनते रहे। भूमि विवाद और कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## खाद्यान्न का वितरण आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 3 .61 करोड़ राशनकार्ड धारकों के बीच शुक्रवार से अक्टूबर का मुफ्त खाद्यान्न वितरण शुरू हो जाएगा। इस दौरान अलीगढ़, बदायूं, संभल, आगरा समेत मक्का खरीद बहुल वाले 23 जिलों के अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को पांच किलो मक्का भी मुफ्त मिलेगा। वहीं, इनमें से 13 जिलों के पात्र गृहस्थी राशनकार्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त खाद्यान्न के तौर पर प्रति यूनिट एक किलो मक्का दिया जाएगा। खाद्य आयुक्त अनामिका सिंह ने इस संबंध में सभी डीएम व डीएसओ को पत्र भेज कर पारदर्शी ढंग से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1**, ई–प्रापण निविदा संख्या : उप मुख्य इंजीनियर– निर्माण–पुल–गोरखपुर–01–2025 क्लोजिंग दिनांक: 06.11.2025, **कार्य का नाम** – गोरखपुर–वाल्मीकिनगर दोहरीकरण के अंतर्गत गोरखपुर– वाल्मीकिनगर के पनियहवा–वाल्मीकिनगर स्टेशन के बीच पुल संख्या 50 (14X61.0 मीटर) पर निर्माण, आपूर्ति एवं स्टैकिंग। गोरखपुर–वाल्मीकिनगर दोहरीकरण के लिए पुल संख्या 16 (18X61.0 मीटर) ओडब्ल्यूजी, CPR-BUI के मांझी–बकुलहा स्टेशन के बीच पुल संख्या 391 (17X61.0 मीटर) ओडब्ल्यूजी, बीयूडब्ल्यू–जीडी चौथी लाइन परियोजना के चौंका घाट–घाघरा घाट स्टेशनों के बीच पुल संख्या 50 (14X61.0 मीटर) का निर्माण/ लॉन्चिंग, गोरखपुर–वाल्मीकिनगर के पनियहवा– वाल्मीकिनगर स्टेशन के बीच पुल संख्या 16 (18X61.0 मीटर)+2X30.5 मीटर) मांझी–बकुलहा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 16 (18X61.0 मीटर+2X30.5 मीटर) दोहरीकरण, चौका घाट– घाघरा घाट स्टेशनों के बीच पुल संख्या 391 (17X61.0 मीटर) ओडब्ल्यूज़ी और मार्ग, ट्रॉली रिफ्यूज का निर्माण, परिवहन, आपूर्ति और संयोजन जिसमें 25–टन लोडिंग के लिए वेल्डेड प्रकार के ओपन वेब गर्डरों हेतु निरीक्षण सीढ़ी शामिल है गोरखपुर– वाल्मीकिनगर दोहरीकरण के पनियहवा– वाल्मीकिनगर स्टेशन के बीच पुल संख्या 50 (14X61.0 मीटर), छपरा–बलिया दोहरीकरण परियोजना के संबंध में मांझी – बकुलहा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 16 (18X61.0 मीटर) + 2X30.5 मीटर) और पूर्वोत्तर रेलवे के चौका घाट – घाघरा घाट स्टेशनों के बीच पुल संख्या 391 (17X61.0 मीटर) डब्ल्यूजी। अनुमानित निविदा मुल्य : 2110120279.43, बयाना राशि (रू०) : 10000000.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : 00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18 (अट्ठारह माह) ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 23.10.2025 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन करने की अन्तिम तिथि – दिनांक 06.11.2025 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 06.11.2025 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता माप दण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री बी.नगेसिया कापाई/नि०/पुल, मो० 9794845232

**उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण/पुल**

मुजाधि/डब्ल्यू–291 **पूर्वोत्तर रेल, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# सड़कों के चौड़ीकरण व मरम्मत का कार्य शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- करोड़ों की परियोजनाओं की लोनिवि को मिली है मंजूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई शहरों की जमीनी सूरत बदलनी शुरू हो गई है। कई जिलों में सड़कों के चौड़ीकरण, मरम्मत के काम का आगाज हो चुका है। सड़कों के अलावा इस दौरान पुल बनेंगे और बाइपास भी। इससे पूर्व लोक निर्माण विभाग की 1000 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी शासन से मिली है।

शासन से मिली जानकारी के मुताबिक, स्वीकृत परियोजनाओं में सड़कों का निर्माण, उनका चौड़ीकरण, बाईपास और पुल शामिल है। स्वीकृत परियोजनाओं में लखनऊ में हजरतगंज से जियामऊ होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहे तक विशेष मरम्मत का कार्य शामिल है। यह सड़क खराब होने से राहगीरों को दिक्कतें होती हैं। अब मरम्मत कार्य के बाद आने-जाने में आसानी होगी। सीतापुर में रामकोट-वजीरनगर-दधनामऊ मार्ग, सीतापुर-इटिया मार्ग और लखीमपुर खीरी में बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग के चौड़ीकरण समेत अन्य कार्यों की मंजूरी मिली है।

# कलश यात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

कुंडा, प्रतापगढ़



कलश यात्रा में शामिल श्रीराम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार

- परानूपुर से श्रृंगवेरपुर तक कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार:** विकासखंड कुंडा के परानूपुर में श्रीराम कथा के पूर्व शुक्रवार को कलशों के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। शनिवार से शुरू होने जा रही राजन महाराज की श्रीराम कथा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा आस पास के जनपदों के लोग भी कथा श्रवण के लिए आएंगे। प्रतिदिन कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस -प्रशासन भी सतर्क है। पंडाल में बैठने की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है।

शुक्रवार को राजन जी महाराज ने कथा यजमान के साथ कलश पूजन किया। इसके बाद कलशों के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। रथ पर सवार राम दरबार की झांकी चल रही थी। उनके पीछे कलश यात्रा आगे बढ़ती रही। घोड़े, बग्घी और ढोल की थाप परकथा स्थल से अहिबरनपुर, किल्हनापुर, बिजलीपुर सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा श्रृंगवेरपुर धाम पहुंची। आयोजक आनंद पांडेय ने सभी का स्वागत किया। कथा यजमान अजीत पांडेय और पुष्पा पांडेय ने कलश पूजन किया। बाबागंज विधायक विनोद सरोज,जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन डॉ. के.एन. ओझा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अमेठी के युवक की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अमेठी पीपरपुर के कल्याणपुर निवासी 45 वर्षीय रविन्द्र सिंह गुरुवार को बाइक से अंतू इलाके में आया था। वह रात करीब 9 बजे किठावर–बाबूगंज मार्ग से अपने घर कल्याणपुर जा रहा था। अंतू को थाना क्षेत्र के कटका मानापुर स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोग पहुंचे और घायल अंतू को सीएचसी संडवा चंद्रिका ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। परिजन बगैर पोस्टमॉर्टम कराए शव लेकर घर चले गए। एसओ आनंदपाल सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं. | 1193–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 10.10.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | Sr.DEN-III/LKO के क्षेत्राधिकार में ADEN/JNU के अंतर्गत BTP-ZBD खण्ड में Km 789.00 से Km 824.00 (वंदे भारत मार्ग) तक और KS-TLGR खण्ड में Km 852.00 से Km 880.00 (वंदे भारत मार्ग) तक एवं ADEN/BSB के अंतर्गत BSB-BTP खण्ड में Km 772.601 से Km 789.00 (वंदे भारत मार्ग) तक सेफ्टी फेंसिंग (एंटी क्रेश बेरियर/RCC दीवार आदि) की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,77,48,418.42 (एक करोड़ सतहत्तर लाख अड़तालीस हजार चार सौ अट्ठारह रूपये एवं बयालीस पैसे मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,38,800/– (दो लाख अड़तीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |
| 7. | ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1193–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 10.10.2025 3139/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 2027 चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : मायावती

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार:** कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर गुरुवार को संपन्न रैली की अपार सफलता से गदगद बसपा प्रमुख मायावती ने पहली बार अपने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। साथ ही कहा कि आप लोगों के जोश एव संकल्प को देखकर विरोधियों के होश उड़ गए हैं, इसलिए विपक्षियों के हथकंडों से बचने के साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में तन, मन और धन से जुट जाएं, ताकि कांशीराम के सपने साकार किए जाएं।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कार्यकर्ताओं से कहा कि बहुजन समाज के लोग अपने वोटों के बलबूते पर शोषित से शासक वर्ग बनकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सपना पूरा करने के लिए कितने तत्पर व संघर्षशील हैं। इसकी झलक गुरुवार को उन लोगों ने उप्र. समेत पूरे देश को दिखा दी है। अब उन्हें विरोधियों सावधान रहते हुए आगे अपने मिशन 2027 में पूरे तन, मन, धन से लग जाना है, यही संदेश है। इसके अलावा उन्होंने देश भर में उन सभी लोगों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने कांशीराम को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया है।

## स्कूल से लापता किशोरी 16 दिन बाद मिली, आरोपी को तलाश रही पुलिस

**गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** फतनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि उसके भाई की किशोरी बेटी इसी थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। 23 सितंबर को वह घर से स्कूल पढ़ने के लिए निकली। लेकिन देरशाम तक घर वापस नहीं लौटी। दो दिन तक परिजन उसकी खोजबीन में लग रहे। 25 सितंबर को उन्हें रिश्तेदारों के माध्यम से पता चला कि जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला अभिषेक पुत्र देवी शरण उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर नामजद आरोपी सहित किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। घटना के 16 दिन बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। किन्तु नामजद आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं, बरामद किशोरी का शुक्रवार को पुलिस मजिस्ट्रेट के सामने बयान के साथ उसका मेडिकल कराई। एसओ राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी को बरामद कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही नामजद आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## रैली निकालकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम की ओर से मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ . एएन प्रसाद ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में निजी नर्सिंग कॉलेज के 250 से अधिक छात्र–छात्राओं ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। रैली सीएमओ कार्यालय से चौक घंटाघर, पंजाबी मार्केट तक प्रचार प्रसार करते हुए गई। विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र– छात्राओं को सर्टिफिकेट एवम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सीएमएस डॉ . शैलेन्द्र कुशवाहा, डॉ . अमित कुमार, डॉ . ज्ञानेन्द्र मौर्य, डॉ . एएन राय, आरपी सिंह आदि ने मानसिक रोगों के लक्षण बताते हुए इलाज के लिए प्रेरित किया। संचालन करते हुए मुकेश मौर्या ने बताया कि राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय के जिरियाट्रिक के ओपीडी कक्ष में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक ऐसे मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर 14416 पर किसी भी दिन 24 घंटे कॉल कर इलाज कराया जा सकता है।


**कार्यालय अधिषासी अभियन्ता**
**सरयू नहर खण्ड–नानपारा,**
**बहराइच**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/अधि0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राइस–बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में सिविल कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–13.10.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक–24.10.2025 के अपरान्ह् 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक–24.10.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–नानपारा, बहराइच के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेंगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस–बिड/फाइनेन्शियलबिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई–पोर्टल पर सूचित की जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

निविदायें दिनांकः 13.10.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 24.10.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउन लोड/अपलोड की जा सकती है। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–नानपारा, बहराइच का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् हैः–

| लाट संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) लाख रू0 में | धरोहर धनराशि बन्धक हेतु अधि0 अभि0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | परसौरा माइनर के किमी0 0.000 से 2.000 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 0.34 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.007 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 15 दिवस | 50.00 + 9.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 2 | दूबकला माइनर के किमी0 0.000 से 6.215 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 1.72 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.035 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 21 दिवस | 75.00 + 14.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 3 | चेतियामुरार माइनर के किमी0 0.000 से 4.300 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 0.80 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.016 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 15 दिवस | 50.00 + 9.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 4 | डिकरा माइनर के किमी0 0.000 से 3.000 के मध्य सिल्ट सफाई का कार्य। | 0.54 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.011 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 15 दिवस | 50.00 + 9.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 5 | दिकौली माइनर के किमी0 0.000 से 3.400 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 0.92 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.019 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 15 दिवस | 50.00 + 9.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 6 | केशवापुर पंजाबा माइनर के किमी0 0.000 से 8.000 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 3.98 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.080 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 150.00 + 27.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 7 | शॉहपुर कठौतिया माइनर के किमी0 0.000 से 6.800 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 3.38 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.068 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 150.00 + 27.00 + 500 | 'सी या उच्च |
| 8 | कौड़ीकुइया माइनर के किमी0 0.000 से 10.000 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 4.99 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.010 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 150.00 + 27..00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 9 | औरिया टिकई माइनर के किमी0 0.000 से 10.000 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 2.80 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.056 | अधि0अभि0 स0न0ख0– | 30 दिवस | 150.00 + 27.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| | | | | | नानपारा, बहराइच | | | |
| 10 | ददौरा रजवाहा के किमी0 0.000 से 15.130 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 7.580 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.152 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 225.00 + 41.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 11 | गौसपुर रजवाहा के किमी0 0.000 से 6.250 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 3.16 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.064 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 150.00 + 27.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 12 | विशुनपुर राहू माइनर के किमी0 0.000 से 2.280 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 0.40 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.008 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 15 दिवस | 50.00 + 9.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 13 | चुरैला माइनर के किमी0 0.000 से 4.850 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 1.33 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.027 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 21 दिवस | 75.00 + 14.00 + 500 | 'डी' या उच्च |
| 14 | मकोलिया माइनर के किमी0 0.000 से 7.665 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 3.82 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.075 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 150.00 +27.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 15 | कल्पीपारा के किमी0 0.000 से 5.000 के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 2.47 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.050 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 21 दिवस | 150.00 + 27.00 + 500 | 'सी' या उच्च |
| 16 | तुलसीपुर राजवाहा किमी0 0.000 से 15.130. के मध्य सिल्ट सफाई तथा जंगल सफाई का कार्य। | 7.72 | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 0.144 | अधि0अभि0 स0न0ख0–नानपारा, बहराइच | 30 दिवस | 225.00 +41.00 + 500 | 'सी' या उच्च |

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते तथा विवरण उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट से ड्राइंग उपलब्ध न होने अथवा निविदा प्रपत्र में संलग्न न होने अथवा किसी भिन्नता की स्थिति में सम्बन्धित ड्राइंग/प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में उपलब्ध होंगे तथा कार्यालय में उपलब्ध डाक्यूमेन्ट ही अन्तिम मान्य होगें।

अधिषासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड–नानपारा,
बहराइच

**UP-238755 दिनांक 09.10.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**





**न्यूज ब्रीफ**

### ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में मकान निर्माण के दौरान शटरिंग का काम कर रहे एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम इलिचपुर निवासी रंजीत कुमार 35 पुत्र अरविन्द प्रसाद शहर में कहीं पर मकान निर्माण के लिए शटरिंग का काम कर रहा था। जहां पर ऊंचाई से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विवाहिता को भगा ले गया प्रेमी

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर क्षेत्र में एक विवाहिता को उसका प्रेमी भगा कर ले गया। वह अपने साथ नकदी जेवर आदि भी ले गई। घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी। बताया गया कि उसकी पत्नी का पहले से ही मुसीर पुत्र वसीर निवासी ग्राम अजपुरा से सम्बन्ध था। पीड़ित के अनुसार, बीते 8 अक्टूबर की शाम उसकी पत्नी घर से मुसीर के साथ चली गई। जाते समय वह लगभग 30 हजार रुपये कीमत के जेवर व साड़ी आदि सामान भी साथ ले गई। पीड़ित पति ने इस संबंध में थाना जैदपुर में लिखित शिकायत की।

### चन्दन के दो पेड़ काट ले गए चोर

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम जगतपुर में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने दो कीमती चन्दन के पेड़ों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी सचिन कुमार सिंह पुत्र महेश सिंह के खेत में दो चन्दन के पेड़ लगे हुए थे। गुरुवार रात चोरों ने चोरी से दोनों पेड़ काट लिए। सुबह जब सचिन खेत पर पहुंचा तो पेड़ों के कटे होने की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# करवाचौथ का चांद देख सुहागिनों ने पूरा किया व्रत

## पहली बार व्रत रखने वाली सुहागिनों में दिखा खासा उत्साह, चंद्रदेव का पूजन कर मांगा अखंड सौभाग्य

**आस्था**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व रोहिणी नक्षत्र के अद्भुत संयोग में पूरे जिले में आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना में सुहागिनों ने दिनभर निर्जल व्रत रखा और चंद्रदर्शन के साथ व्रत का पारण किया। इस विशेष पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया, विशेषकर उन नवविवाहिताओं में जिन्होंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा। स्थानीय अवकाश होने के चलते पुरुषों ने भी पूरे दिन अपने जीवनसाथियों का भरपूर साथ निभाया। शाम ढलते ही घरों की छतों पर चहल-पहल बढ़ गई। सोलह श्रृंगार में सजी महिलाएं चांद के दीदार को आतुर दिखीं।। व्रत की कथा सुनने के दौरान उत्सुकता और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जैसे ही चांद की पहली किरणें आसमान में बिखरीं, सुहागिनों के चेहरे खिल उठे। महिलाओं ने चलनी से पति का चेहरा देखकर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और व्रत का पारण किया।



रसूलपुर मोहल्ले में करवा की पूजा करती सुहागन महिलाएं। ● अमृत विचार



लखपेड़ाबाग में पूजन करतीं महिलाएं।

**जेल की दीवारें भी न रोक सकीं प्यार :** करवाचौथ का पर्व केवल घरों और छतों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिला कारागार में भी प्रेम, आस्था और परंपरा की अनोखी छटा देखने को मिली। शुक्रवार को यहां 500 से अधिक बंदियों की पत्नियां अपने पतियों से मिलने पहुंचीं और दिनभर उनके संग करवाचौथ का पर्व मनाया। जेल प्रशासन ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कराई।

महिला बंदियों और मिलने आई सुहागिनों ने परंपरागत रीति-रिवाजों से पूजा की। जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि महिलाओं से पहले ही पूजा सामग्री की सूची लेकर आवश्यक प्रबंध किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# छापेमारी में मिली कालातीत सामग्री कराई गई नष्ट

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को सफदरगंज स्थित स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड (शुद्ध ब्रांड) परिसर में छापेमारी की।

टीम ने फैक्ट्री में दूध, घी, पनीर, दही आदि का निर्माण बेहद अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर दशा में होते पाया। मौके पर कालातीत खाद्य सामग्री भी बरामद हुई।

फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के माध्यम से मौके पर ही परीक्षण करते हुए 100 किलो घी, 200 लीटर छांछ, 100 किलो दही व 50 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर मिलाकर करीब एक लाख रुपये मूल्य की सामग्री नष्ट कराई गई। वहीं लगभग तीन लाख के कीमत की 450 किलो चीज़ को सीज किया गया। फैक्ट्री से कुल 5 नमूने जांच हेतु संग्रहीत किए गए। इसी क्रम में रामसनेहीघाट व सफदरगंज क्षेत्रों में सचल खाद्य प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 32 नमूने मौके पर ही जांचे गए। इसके अलावा पाल डेयरी बाबा कुटी फतेहपुर से खोया व पनीर तथा गीता डेयरी दरियाबाद से दूध के नमूने भी संग्रहित किए गए।

डॉ. सलीम प्रताप सिंह ने बताया कि नैनो को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, सलिल कुमार, भगौती प्रसाद, डॉ. अंकिता यादव, पल्लवी तिवारी, अनुराधा व अर्शी फारूकी शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति के अनुसार महिला ने फांसी लगाई है। वहीं मायके पक्ष ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तिलोकपुर के रहने वाले रिशू त्रिवेदी की पत्नी ललिता 26 की गुरुवार देर रात संदिग्ध मौत हो गई। पति उसे लेकर सीएचसी गया, जहां पर डाक्टरों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। उधर पति ने ललिता की तबीयत बहुत खराब होने की बात कहकर अपने साले मुरलीधर पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी ग्राम बहरौली थाना नगराम लखनऊ को सीएचसी बुलाया। मुरलीधर पिता व अन्य के साथ सीएचसी पहुंच गया। पति रिशू का कहना है कि पत्नी ललिता ने घर पर फांसी लगा ली थी, जिसके बाद वह उसे सीएचसी लाया। वहीं मृतका के भाई का कहना है कि पति रिशू एक वर्ष पूर्व बाराबंकी कचेहरी में दहेज प्रथा के मुकदमे में सुलह करके साथ बुला ले गया था। गुरुवार रात रिशू ने गला दबाकर मौत के घाट उतारने के बाद फांसी पर लटका दिया।

# हेतमापुर मेले की तैयारी शुरू

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हेतमापुर स्थित बाबा नारायण दास समाधि स्थल पर यम द्वितीया से शुरू होने वाले तीन दिवसीय मेले को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जागतराम कनौजिया और प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदपुर खाला आशुतोष मिश्रा ने मेले स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश व निकासी द्वार, स्नान गृह, श्रद्धालुओं के ठहराव स्थल और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ ने निर्देश दिए कि सुरक्षा में कोई ढिलाई न हो, सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये मुलायम सिंह यादव



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार



मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते पूर्व विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नेताजी को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक धर्मराज सिंह, सरवर अली खान, रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, सुरेश चंद्र गौतम, दानिश सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान और जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा बबलू सहित कई सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। हैदरगढ़ में सपा नेता गौतम रावत के गोतौना गांव स्थित कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सपा के विस क्षेत्र अध्यक्ष परशुराम यादव की अध्यक्षता में किया गया।

**मसौली:** मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि सपा नेता शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सपा विधायक राम गोपाल रावत ने नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर वीरेंद्र विक्रम सिंह दद्दू, पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, प्रेम किशोर मित्तल प्रधान आदि थे।

# रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, हालत नाजुक

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम कटका में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक युवक पर बांका व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कटका गांव निवासी अरविन्द पुत्र शिवप्रसाद दुर्गा जागरण कार्यक्रम समिति का मुख्य आयोजक है। कार्यक्रम के दौरान किसी महिला को लेकर उसकी दूसरे पक्ष से कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 8 अक्टूबर की शाम जब अरविन्द मसाला लेने दीपू वर्मा की दुकान पर गया, तभी उत्तम पुत्र श्याम बिहारी, अनुपम, अतुल पुत्र अमर सिंह, हंसराज पुत्र लल्ला वर्मा तथा अमन पुत्र दीपू ने एकराय होकर उस पर बांका व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में अरविन्द के सिर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी सिरौली गौसपुर पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भाई विनय कुमार तहरीर देकर बताया कि विपक्षी अराजक व अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### खेत की रखवाली कर रहे किसान पर हमला

सतरिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निंदनपुर निवासी उदल अपने खेत में लगी फसल की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान गाँव के ही राम विलाश पुत्र सियाराम, हरीश पुत्र राम विलाश, महेंद्र पुत्र राम विलाश और बोधी पुत्र सियाराम एक राय होकर अपने जानवरों के झुंड को भगाते हुए उदल के खेत में ले गए। किसान ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि सभी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और आए दिन उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। घटना से किसान व उसका परिवार डरा-सहमा हुआ है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# केवीके हैदरगढ़ को प्रथम पुरस्कार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुमारगंज अयोध्या स्थित नरेंद्र देव कृषि विवि में आयोजित राज्य स्तरीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हैदरगढ़ को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने आधुनिक कृषि पद्धतियों के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए यह सम्मान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्र अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार सिंह को प्रदान किया।

# गोण्डा जा रहे रेल यात्री की बिगड़ी तबीयत, मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तराखंड से लौटकर अपने घर गोण्डा जा रहे एक ट्रेन यात्री की बुढ़वल स्टेशन पर आकस्मिक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोण्डा जिला थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम बढ़नापुर निवासी रामदेव पाल 65 उत्तराखंड में मजदूरी के सिलसिले में जुलाई माह में गए थे। वहां काम पूरा होने के बाद वह ट्रेन से वापस गोण्डा लौट रहे थे। शुक्रवार की भोर चार बजे उन्हे ट्रेन से उतारकर बुढ़वल स्टेशन से अचेत अवस्था में सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

# सीजेआई पर हमले के विरोध में आप ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) पर हाल ही में हुए जूता फेंकने के प्रयास को लेकर आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए इस घटना को लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताया है। पार्टी ने इसे न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य करार देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह ज्ञापन आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जुगराज सिंह के नेतृत्व में सौंपा गया। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि इस घटना पर केंद्र सरकार और सत्ताधारी पार्टी भाजपा की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। आप जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि यह संविधान, न्यायपालिका पर हमला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति इस मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए उचित कार्रवाई करेंगी। इस दौरान विनय श्रीवास्तव, अफसाना बानो, नन्हे राम यादव, तनु चौहान, आकाश वर्मा, चांद बाबू, नियाज अहमद, राजेंद्र पांडे, अयोध्या प्रसाद प्रजापति, रवि पांडे, पप्पू मौजूद रहे।

# फल विक्रेता ने की महिला से छेड़छाड़

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा बाजार में बुधवार शाम एक महिला से फल विक्रेता ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर विक्रेता मौके से भाग गया। जानकारी के अनुसार एक महिला अपनी सहेली के साथ बेलहरा बाजार खरीदारी करने गई थी। बाजार में एक ठेले वाले से केले और सेब के दाम पूछते समय ठेले वाले ने महिला से छेड़छाड़ की। महिला व उसकी सहेली के विरोध करने पर आरोपी ठेला वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी का नाम इमामुद्दीन है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### राम जन्म की लीला ने किया भावविभोर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया बाजार स्थित रामलीला मैदान में श्री शिव शक्ति आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन राम जन्म और मुनि आगमन की लीला का भव्य मंचन किया गया। चक्रवर्ती दशरथ की भूमिका में जितेंद्र मौर्य, कौशल्या के रूप में ओमप्रकाश मिश्रा, कैकेई के रूप में कैलाश और राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न के किरदारों में कृष्णा दीक्षित, धैर्य कुमार, नैतिक दीक्षित व सुमित तिवारी ने जीवंत अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीप कुमार व्यास की संगीतमय प्रस्तुति ने भक्तिरस में और अधिक रंग घोले।

**प्रतियोगिता** | **शानदार प्रदर्शन कर उमर बने मैन ऑफ द मैच**

# सुल्तानपुर ने अवध स्काई को दी करारी मात

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम, बाराबंकी में चल रही 19वीं चौधरी आसिफ अली मेमोरियल प्राइज मनी स्टेट क्रिकेट लीग 2025 के तहत शुक्रवार को सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन और अवध स्काई क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया।

अवध स्काई क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया और 38.5 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 220 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश गौर ने 68 रन बनाए, जबकि हर्षित सिंह ने 39 और मोहम्मद हाशिम ने 27 रनों का योगदान दिया। सुल्तानपुर की गेंदबाज़ी में उमर ने सर्वाधिक 3 विकेट, अश्मित वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा ने 2-2 विकेट, जबकि कृष्ण और डी.आर. सिंह ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुल्तानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 28.3 ओवर में 221 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम की जीत में अंश पटेल के 60 रन, ज्ञानेंद्र वर्मा के 54 रन और महताब के 37 रनों का योगदान रहा। अवध स्काई की ओर से अभिषेक तिवारी ने सर्वाधिक 4 विकेट झटके, जबकि सौरभ यादव और अमन यादव को एक-एक सफलता मिली। उमर को उनके बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह सम्मान मुख्य अतिथि नवीन राठौर एवं आलोक पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। मैच के दौरान बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष खान, सचिव डॉ. सी.ए. जावेद, राजेश अरोड़ा बब्बू, अनस उल्लाह किदवई, मो. आसिफ, अतीक अहमद, शददान जावेद, अज़हर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# संदिग्ध दशा में विवाहिता लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मजरे अशरफपुर से एक विवाहिता पिछले कई दिनों से लापता है। गुमशुदगी की जानकारी मिलने पर भाई ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

मुरारपुर निवासी लालू यादव ने बताया कि उसकी बहन रोली यादव का विवाह करीब आठ वर्ष पूर्व राजेश यादव से हुआ था। बताया कि उसकी बहन से बातचीत होती थी, लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से संपर्क नहीं हुआ। करवा चौथ का सामान देने के लिए जब वह 6 अक्टूबर को अपनी बहन के घर पहुंचा तो वह नहीं मिली। पूछने पर पति राजेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके।

## बाराबंकी डायरी

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर मसौली, बांसा और बड़ागांव में पुलिस अलर्ट मोड में रही। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में कस्बों में फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी। इसके साथ ही, लोगों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से चेकिंग भी की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, उपनिरीक्षक शिवकुमार, रमेशचंद्र, राजकरन सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी।



स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान संघ के पदाधिकारी।

### माध्यमिक शिक्षणेतर संघ का स्थापना दिवस मना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेतर संघ जनपद बाराबंकी का स्थापना दिवस शुक्रवार को डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाराबंकी में प्रदेश मंत्री शिव कैलाश सोनी के नेतृत्व में और जिला अध्यक्ष नीरज पाण्डेय की अध्यक्षता में सादगी और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय शम्भूनाथ वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों, योगदान और भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श किया। बैठक में चन्द्र किशोर तिवारी, देशराज सिंह, पवन कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, सन्दीप कुमार, नरेन्द्र कुमार, सुग्रीव प्रसाद सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।




सेल्फी प्वाइंट पर उपस्थित महिला पुलिसकर्मी।

### छात्राओं को किया जागरूक

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला थाना टीम द्वारा देवा मेला स्थित मिशन शक्ति केन्द्र, मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइण्ट पर महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह मय टीम द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र, मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइण्ट पर जागरूक किया गया व महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण अभियान से संबंधित पम्पलेट तथा अन्य सामग्री वितरित की गई। इसी क्रम में महिला जागरुकता हेतु देवा मेला में मिशन शक्ति सेल्फी प्वाइण्ट बनाया गया है।




बैठक करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

**बाराबंकी : अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने 12 अक्टूबर को होने वाली पीसीएस परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने के लिए गोष्ठी में निर्देश दिए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन परीक्षा के दौरान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन शातिर गिरफ्तार 3 अवैध तमंचे बरामद

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले की तीन थाना क्षेत्रों की पुलिस ने तीन अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली नगर पुलिस ने अतुल कुमार को तमंचा व कारतूस सहित, महोली पुलिस ने वीरेंद्र उर्फ साधु यादव को देशी तमंचा व कारतूस सहित तथा कमलापुर पुलिस ने बृजकिशोर को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा है। तीनों मामलों में पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजा।

### गन्ने की फसल में लगी आग

**संदना, अमृत विचार :** संदना थानाक्षेत्र के रानीखेर गांव में गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई। आग लगने से खेत में खड़ा पन्द्रह बीघा गन्ना जल गया। पहला आश्रम निवासी रामलाखन और रानीखेर निवासी रामपाल यादव का कहना है कि उनकी तीन एकड़ गन्ने की फसल तैयार थी। आग की लपटों को ट्रैक्टर की मदद से काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### बच्चों से मिले बेल्ट कांड के आरोपित शिक्षक

**सीतापुर, अमृत विचार :** बेल्ट कांड में आरोपित प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार वर्मा जमानत पर जेल से छूटने के बाद प्राथमिक विद्यालय नदवा पहुंचे। अपने बीच पुराने शिक्षक से मिलकर बच्चों ने हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान बच्चों और निलंबित अध्यापक के बीच लंबी बातचीत भी हुई।

### लेखपाल से अभद्रता करने वाला गया जेल

**मिश्रिख, अमृत विचार :** मिश्रिख तहसील क्षेत्र की कोतवाली मछरेहटा पुलिस ने लेखपाल से अभद्रता करने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। ग्राम गुलरिहा थाना मछरेहटा निवासी विपिन सिंह पर बिजुवामऊ क्षेत्र के लेखपाल उत्तम कुमार से अभद्रता का आरोप है। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक विजयशंकर ने आरोपी को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया और जेल भेजने की कार्रवाई की।

### धान क्रय शुरू

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 117 धान क्रय केन्द्र संचालित हैं। इस वर्ष कामन धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपये और ग्रेड ए का 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। किसानों को अपील की गई है कि वे विभागीय वेबसाइट fcs.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएं और केन्द्र पर विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

**करवा चौथ**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सुहागिनों ने शुक्रवार को करवा चौथ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। उन्होंने पति की दीर्घायु के लिए दिनभर निर्जला रहकर व्रत रखा। शाम को चंद्रदेव के उदित होने पर उनका पूजन-अर्चन कर व्रत का पारण किया।

इस मौके पर महिलाओं ने एक दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं और सुहाग के प्रतीक भी भेंट किए। बड़ी बूढ़ी महिलाओं से कहानी सुनीं व आशीर्वाद लिया। बाद में पति के हाथों जल पीकर व्रत खोला।

नगर क्षेत्र के मुख्य लालबाग बाजार में चूड़ी, करवा, साड़ियां, कलश, लोटा, डोलची, स्टील व फूल बने बर्तन, मिठाई और अनाज खरीदने वालों की सुबह से ही भीड़ रही।

**26 महिला बंदियों ने पति के दीदार किए :** महिला बंदियों ने भी अपने पति के दीदार किए। कारागार प्रशासन ने महिला बंदियों को पूजा सामग्री उपलब्ध करायी। 26 महिला बंदियों में छोटी, गुड्डी आदि ने अपने पति के दीदार किए। जेल में सभी पति भी निरुद्ध हैं।


करवा खरीदती महिला। • अमृत विचार


पार्लर में मेंहदी लगवातीं महिलाएं। • अमृत विचार

# बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वाला गिरफ्तार

संवाददाता बिसवां

**अमृत विचार :** दिवाली त्योहार से पहले बिसवां पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 गत्ते पटाखे बरामद किए।

क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि कस्बे के मिल्की टोला मोहल्ला स्थित आरके ग्रैंड होटल के पीछे बंद दुकान में रईस पुत्र स्व. महंगू बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने का कारोबार कर रहा था। मुखबिर से इनपुट मिला था कि बारूद की बड़ी खेप किसी दूसरे जनपद भेजी जा रही है। इसी के बाद पुलिस ने छापेमारी कर मौके से उसे गिरफ्तार किया। शातिर के कब्जे से 32 गत्ते बारूदी पटाखे बरामद हुए।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# विभिन्न क्षेत्रों में दो युवकों के मिले शव

## संदिग्ध परिस्थितियों में हो गए थे लापता, हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका

संवाददाता मानपुर, सदरपुर

**अमृत विचार :** दो युवक घर से निकलकर लापता हो गए। बाद में इनके शव मिले तो परिवार के लोगों ने हंगामा करते हुए हत्या किये जाने का आरोप लगाया। मानपुर और सदरपुर इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कुछ लोगों से पूछताछ भी की।

पहली घटना सदरपुर थानाक्षेत्र में घटित हुई। बताते हैं कि ग्राम कोठिला निवासी संतोष (32) पुत्र जगदेव घर से खेत की रखवाली करने निकला था। परिजनों के मुताबिक, उससे मजदूर ढूंढने के लिए भी कहा गया, लेकिन वो घर नहीं लौटा। तलाश शुरू हुई तो उसका शव पड़ोसी गांव रसूलपुर गांव के किनारे बने तालाब के एक छोर पर मिला। दावा है कि शरीर में चोटों के निशान थे। उधर, मानपुर थानाक्षेत्र का कटरा निवासी मुनेजर (30) अपने घर से निकला था। इसके बाद वो घंटों बाद भी घर नहीं लौटा। पीड़ित पक्ष की मानें तो तलाश करते हुए गोन नदी किनारे पहुंचे तो देखा युवक का शव उतरा रहा है। इसी के बाद मानपुर पुलिस पहुंची और गोताखोर की मदद से शव को निकाला। दोनों ही मामलों में पीड़ित पक्षों ने हत्या का आरोप लगाया है। एएसपी दुर्गेश सिंह का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां स्पष्ट हो जाएगी। उधर, गहराते मामलों में पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। • अमृत विचार

# पुण्यतिथि पर मुलायम को दी श्रद्धांजलि

- सपा छात्र सभा ने लांच किया पीडीए स्कैनर

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपा छात्र सभा ने डिजिटल श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पीडीए स्कैनर ऐप लॉन्च किया गया। ऐप को स्कैन करने पर नेताजी के जीवन परिचय, राजनीतिक सफर और प्रेरणादायक कहानियां मोबाइल स्क्रीन पर दिखाता है।

सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम सिंह ने बताया कि इस स्कैनर का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नेताजी के जीवन दर्शन और समाजवादी विचारों से जोड़ना है। स्कैनर को सपा कार्यालय, स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा, ताकि छात्र और आम लोग इसे आसानी से स्कैन कर सकें।

कार्यक्रम में छात्र नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कई छात्र नेता, सपा जिलाध्यक्ष, समाजवादी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते सपा जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी।

# आरसीसी सड़क न बनने से परेशानी

**मानपुर, अमृत विचार:** विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत बिरैचा के सूरेपारा गांव में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण खासा नाराज हैं। ग्रामीणों ने जांच की मांग की। सूरेपारा गांव निवासी कामता प्रसाद का दावा है कि लल्ला के घर से घनश्याम के घर तक का रास्ता कई वर्षों से कच्चा है। कई बार प्रधान से शिकायत करने के बावजूद कोई काम नहीं हुआ। आरोप है कि आख्या लगाने में नियमों की अनदेखी की गई। ग्रामीण पुरुषोत्तम, वीरेन्द्र, घनश्याम और लल्ला आदि का कहना है कि गांव में आज तक एक भी आरसीसी या इंटरलॉकिंग सड़क नहीं बनी।

# धान की सीधी बुवाई पर दिया जोर

संवाददाता, बिसवां,

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और परिषद गीत के साथ हुआ। कृषि यंत्रों, बीज पैकेटों, प्रदर्शन प्लॉट और तकनीकी पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। डॉ. दया एस श्रीवास्तव ने वैज्ञानिक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे उपज में 20-25% वृद्धि संभव है। मुख्य वक्ता डॉ. शिशिर कांत सिंह ने डीएसआर तकनीक को भविष्य की खेती बताया। डॉ. आनन्द सिंह ने एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में 82 किसान, 7 बीज विक्रेता और 4 कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। प्रश्नोत्तरी कराकर किसानों को पुरस्कृत भी किया गया।


बुवाई की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। • अमृत विचार

# मांगे पूरी न होने पर पसनैका के ग्रामीणों का धरना

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार:** ऐलिया ब्लॉक मुख्यालय के गेट पर पसनैका के ढाईं दर्जन ग्रामीणों ने अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है पंचायत विभाग शासन की प्राथमिकता वाली विकास योजनाओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे जहां सरकार की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है। छात्र- छात्राओं को शौंचालय आदि व्यवस्थाओं का लाभ नहीं मिल सका है। शिकायती पत्र प्रेषित किये जाने के बावजूद समस्या का निस्तारण न होने पर ग्रामीणों ने धरने का रास्ता अपनाया। धरने पर बैठे मनोज कुमार, परवन, रामकुमार, मंगल सिंह, रामनिवास, रविन्द्र यादव, होरी लाल, प्यारेलाल आदि ने बताया कि जूनियर विद्यालय सरांयजीत की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण का करीब सात लाख से अधिक शासकीय धन का दुरुपयोग हुआ। दुबारा चालू वर्ष में बिना स्टीमेट स्वीकृति कराए बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण करा दिया, जिसमें नीव तक नहीं है। विद्यालय में शौचालय आदि की सुविधा नहीं है। छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है।

# नौकरी व कृषक बीमा योजना का नहीं मिलेगा लाभ !

जीशान कदीर, सीतापुर

**राघवेंद्र हत्याकाण्ड**

- 24 मार्च को लखनऊ-बरेली हाईवे पर हुई थी पत्रकार की गोली मारकर हत्या
- तीन को जेल और दो शातिरों का सीतापुर पुलिस कर चुकी है एनकाउंटर, पत्नी ने मुख्यमंत्री को भेजा था पत्र

**दो आरोपियों की हो चुकी जमानत, पुलिस गंभीर**

असलम और निर्मल की जमानत हो चुकी है। ऐसे में परिवार की सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर है। घर के बाहर सुरक्षा का पहले से पहरा है। जानकारों की मानें तो सुरक्षाकर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इंस्पेक्टर महोली दिलीप चौबे कहते हैं कि राघवेंद्र बाजपेई के घर के बाहर सुरक्षाकर्मी लगातार ड्यूटी दे रहे हैं। निगरानी भी की जा रही है।

**अमृत विचार :** राघवेंद्र हत्याकाण्ड के बाद पत्नी ने परिवार के पोषण को लेकर जो अर्जी मुख्यमंत्री को भेजी, उस पर प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिये। नियम कानून का हवाला देते हुए कहा गया है कि नौकरी और कृषक योजना दोनों का लाभ मिलना शासनादेश के तहत संभव नहीं है।

दरअसल, 24 मार्च को महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की लखनऊ-बरेली मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीतापुर पुलिस ने बाबा शिवानंद, असलम गाजी, निर्मल सिंह को जेल भेजा। संजय और राजू का इनकाउंटर किया। उधर, राघवेंद्र की पत्नी रश्मी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अर्जी दी, जिसमें कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत लाभ और अस्थायी/ स्थायी नौकरी देने का अनुरोध किया। पत्र के संदर्भ में मुख्यमंत्री कार्यालय से आख्या मांगी गई। ऐसे में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम, अपर प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस जनार्दन ने जांच कराई, तथ्यों के आधार पर 24 मार्च 2022 को हुए शासनादेश संख्या 358/एफ-9-2022 का हवाला उपजिलाधिकारी महोली द्वारा दिया गया। जिसमें हत्या के प्रकरणों में किसान योजना का लाभ और नौकरी (स्थायी/अस्थायी) न दिये जाने का उल्लेख किया। हाल-फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजे गए पत्र से माना जा रहा है कि इन दोनों विषयों पर योजना का लाभ मिल पाना मुश्किल है।

**तो हिस्ट्रीशीटर पर कसेगा पुलिस का शिकंजा :** पिछले माह एक हिस्ट्रीशीटर से जिले की एसओजी टीम ने लंबी पूछताछ की। सूत्र बताते हैं कि पड़ताल में एक रसूखदार का नाम प्रकाश में आया। जिसको लेकर इनकाउंटर में मारे में गए शातिर अपराधियों की कड़ियां जोड़ी गईं, हलांकि बाद में उसे छोड़ गया, लेकिन निगरानी जारी रही। फिलहाल हिस्ट्रीशीटर और रसूखदार पर जल्द शिकंजा कसने की चर्चा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात इलाके में वृद्ध महिला की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महोली कोतवाली क्षेत्र के सितहना गांव की मैकिन (72) पत्नी मैकू पिछले कई वर्षों से काफी समय से हरदोई जनपद के बेनीगंज थाना क्षेत्र स्थित दौलतपुर में अपनी बहन के दामाद शिव प्रकाश के घर रह रही थीं। परिजनों के मुताबिक, देर रात रिश्तेदार मैकिन को कोतवाली देहात के अमीर नगर निवासी मृतका के बहन के दूसरे दामाद बलराम के घर छोड गये। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## सीतापुर डायरी

### नगर विकास मंत्री एके शर्मा का महोली में किया गया स्वागत

**नेरी, अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का जनपद में महोली नगर पंचायत से गुजरते समय तहसील के पास कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता उर्फ टीटू भैया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिशासी अधिकारी रामकृष्ण वर्मा, सभासद कपिल मिश्रा, भगवती बिंदु बाजपेई, रामकिशन, अशोक सिंघल, गोलू लाल, सोलंकी गुप्ता, आशु गुप्ता, सागर गुप्ता सहित नगर पंचायत के अनेक कर्मचारी व सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शासन की योजनाओं को प्राथमिकता से लागू करने का आश्वासन दिया।


नगर विकास मंत्री का स्वागत करते पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता।


ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य।


शोक सभा में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला।

### बिफरा संगठन, डीएपी, मनरेगा मजदूरी और नाली निर्माण की मांग

**सांडा, अमृत विचार :** विकास खण्ड सकरन क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा। ज्ञापन में रबी फसल की बुवाई के बीच डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्राम पंचायत शाहपुर में बकाया मनरेगा मजदूरी का भुगतान कराने और सेमरा खुर्द व सकरन खुर्द क्षेत्र के गांव हसनापुर, बाछेपुर व सिकरहना में जलभराव वाले स्थानों पर नाली निर्माण कराने की मांग की गई है। यूनियन ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की। एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव ने ज्ञापन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### आरएसएस कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा मेला मैदान इमलिया सुल्तानपुर में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर सेरुकहा निवासी दिवंगत आरएसएस कार्यकर्ता अंकित सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। मालूम हो कि बीते दो अक्टूबर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता अंकित सिंह का ड्रम बजाते समय गिरकर निधन हो गया था। शोक सभा आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, गिरीश चंद्र मिश्रा, विपुल सिंह, जय प्रकाश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।


शासन की उपलब्धियों का बखान करते भाजपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### उपलब्धियां बतायीं

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकासखंड सभागार में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने की। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मोदी सरकार के 11 साल के विकास कार्यों और घटाई गई जीएसटी की खूबियों को बताया। जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी और महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने जनता को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष, ग्राम प्रधान और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अभियान** | शहर से लेकर कस्बा और गांवों में महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

# मिशन शक्ति ने बेटियों में बढ़ाया आत्म विश्वास

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जिले भर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति अभियान पूरे जोश से चलाया जा रहा है। गुरुवार को लहरपुर, रामपुर मथुरा और तंबौर इलाकों में महिला पुलिसकर्मियों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को टोलफ्री नंबर 1090, 1098, 1079, 1930, 112 की जानकारी दी गई और छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। बालिकाओं में खेलकूद के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

**महिला पुलिसकर्मी ने दी सुरक्षा की जानकारी :** लहरपुर में महिला मिशन शक्ति प्रभारी योगिता नेगी ने ग्राम गेरुही में चौपाल लगाकर महिलाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कन्या सुमंगला, वृद्धा पेंशन और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं के बारे में बताया। योगिता नेगी ने कहा कि महिलाएं किसी भी परेशानी में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें, पुलिस हर समय आपकी मदद को तत्पर है।

**दौड़ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह :** रामपुर मथुरा इलाके के गोण्डा देवरिया बाबा बालकराम इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। कक्षा 6 की महिमा देवी प्रथम, 7 की आयुषी देवी द्वितीय और 8 की मोहिनी देवी तृतीय रहीं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय और उपनिरीक्षक उमाकांत सविता ने विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया, वहीं प्रधानाचार्य एबी सिंह ने अतिथियों का सम्मान किया।

**छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के तरीके :** तंबौर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में महिला आरक्षी पूजा राय ने छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और आत्मरक्षा के तरीके सिखाए।


छात्राओं को जागरूक करती मिशन शक्ति टीम की महिला आरक्षी। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### करंट की चपेट में आई महिला, भर्ती

**बछरावां (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पखनपुर गांव में पंखा के सामने गेहूं की सफाई करने के दौरान करंट की चपेट में आने से दयावती पत्नी लालबहादुर घायल हो गई। परिजनों ने महिला को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचाया। डॉ. भावेश यादव ने प्राथमिक उपचार किया।

### महिला ने खाया जहर बिगड़ी हालत

**महराजगंज (रायबरेली) :** महराजगंज क्षेत्र के पुरासी गांव निवासी राहुल की पत्नी ज्योति (30) ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

### विवाद में हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

**खीरों (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के भटपुरवा मजरे जोगापुर सुरेश यादव पुत्र स्व. राम औतार यादव ने पुलिस से शिकायत की है। उसका कहना है कि घरेलू मामलों को लेकर गुरुवार को देर शाम बड़े भाई रमेश यादव, दिनेश यादव और भाभी सुनीता यादव ने गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उसकी पत्नी सविता यादव को पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण सीएचसी खीरों में कराया गया है।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**महराजगंज (रायबरेली) :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के बालापुर निवासी अशोक पुत्र मुरलीधर गुरुवार की देर शाम महराजगंज से वापस रायबरेली लौट रहे थे। वापस लौटते समय महराजगंज से कुछ दूर आते ही नवोदय चौराहे के पास बाइक फिसलने से वह सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां से युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### डंपर ने कार में मारी टक्कर, सात घायल

**बछरावां (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने ओवरटेक करते समय स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद स्कॉर्पियो सामने से आ रही बोलेरो में टकरा गई। घटना में सात लोग घायल हो गए। वहीं दो की हालत गंभीर बताई गई है। विदित हो कि उक्त मार्ग पर झामखेडा मोड़ के निकट पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने आगे चल रही स्कॉर्पियो को ओवरटेक करते समय जोरदार टक्कर मार दी। इससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बोलेरो से टकरा गई। इसमें बोलेरो सवार आलोक कुमार पुत्र भूरा (48), शैलकुमारी पत्नी अतुल कुमार (32), राम प्रकाश पुत्र सोहनलाल (62) एवं चालक प्रभात कुमार द्विवेदी पुत्र रामनाथ (55) निवासीगण थाना दतौली जनपद फतेहपुर, वहीं स्कॉर्पियो सवार सायरा बानो पत्नी मुशीर खान (45), मुसैफ खान पुत्र मुशीर खान (20) एवं रहमतुन निशा पत्नी स्व. अनीश (85) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया है। चिकित्सक भावेश यादव ने सभी का उपचार करने के पश्चात रामप्रकाश और मुसैफ की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बच्चों को स्टेशन मास्टर ने परिजनों तक पहुंचाया

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**सराहनीय कार्य**

- घर से भाग कर ट्रेन में सफर कर रहे थे दो बच्चे

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन मास्टर विकास मणि त्रिपाठी ने घर से भाग कर ट्रेन में सफर कर रहे दो बच्चों को सफलतापूर्वक बरामद कर सराहनीय कार्य किया है। दोनों बच्चे लालगोपालगंज से 14217 चंडीगढ़ एक्सप्रेस से घर पर बिना बताए चल दिए थे, लालगोपालगंज स्टेशन मास्टर की सूचना पर लालगंज स्टेशन पर 14217 के जनरल डिब्बे से स्टेशन मास्टर विकास मणि त्रिपाठी और पॉइंट्समैन अमित मिश्रा की सूझबूझ से दोनों बच्चे बरामद किए गए। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ग्राम रामपुर कोटवा लाल गोपालगंज से दोनों बच्चे किसी बात से नाराज होकर दिल्ली मेल ट्रेन के द्वारा घर से भाग निकले थे। दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी होने से घर वालों ने स्टेशन मास्टर विकास मणि त्रिपाठी की सराहना की है।

# सड़क पर लगे जाम में वाहनों के बजते रहे हार्न, फंसी रही एंबुलेंस

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

**हांफी खाकी**

- मार्ग की दोनों पटरियों पर अवैध अतिक्रमण बना जाम की वजह

**अमृत विचार।** सलोन नगर में जाम से निपटने के लिए बनी व्यवस्था फेल हो चुकी है। करवा चौथ त्योहार के चलते कस्बे में लगे भीषण जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई। एंबुलेंस का सायरन बजता रहा, लेकिन कोई भी वाहन टस से मस नहीं हुआ। एंबुलेंस घंटों इस जाम में फंसी रही और धीरे-धीरे रेंगते हुए निकाली गई। जाम खुलवाने पर पुलिस कर्मी भी हांफते नजर आये।

शुक्रवार को तहसील चौराहे पर दोपहर भीषण जाम लग गया। जाम के चलते त्यौहार पर खरीदारी करने आई महिलाओं के साथ राहगीतो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर दो बजे से लगा जाम शाम साढ़े चार बजे तक लगा रहा। उधर, सलोन परशदेपुर, उंचाहार, मानिकपुर रोड पर जाम के चलते वाहनों की लंबी लाइन लग गई। दरसअल कस्बे में सड़कों के दोनों ओर व्यापारियों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। बाजार का हाल यह है कि सुबह होते ही पटरियों के साथ सड़क तक दूकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसके साथ ही बाजार में आने वाले लोग चार पहिया वाहनों को सड़क पर खड़ा करने के साथ बाइकों को आड़े-तिरछा खड़ा कर देते हैं। इससे सड़क संकरी हो जाती है और जाम की समस्या पैदा हो जाती है। सड़क के दोनों ओर आसपास फैले अतिक्रमण और अचानक से बढ़ते वाहनों के दबाव से यह दिक्कत विकराल हो जाती है।



जाम में फंसी एम्बुलेंस के लिए रास्ता करवाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

> कई बार कस्बे में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने का काम नगर पंचायत का है। ईओ को अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> -चन्द्र प्रकाश गौतम, उपजिलाधिकारी, सलोन।

# मुख्य आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

## ऊंचाहार कांडः हत्याकांड से जुड़े अन्य आरोपितों की तलाश में गैर प्रांत तक खाक छान रही पुलिस

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** इसी माह की पहली तारीख को चोर समझकर पीट-पीट कर की गई विक्षिप्त हरिओम वाल्मीक की निर्मम हत्या का मुख्य आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। उस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया, उसके पैर में गोली लगी है।

ज्ञात हो कि एक अक्टूबर की रात क्षेत्र के ईश्वरदासपुर स्टेशन के पास फतेहपुर जनपद निवासी हरिओम बाल्मीक का शव मिला था। उसकी हत्या चोर समझकर की गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने हत्यारों को चिन्हित किया और अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। इस घटना में मुख्य अभियुक्त दीपक अग्रहरि निवासी पूरे बनियन मजरे पचखरा थाना ऊंचाहार को ऊंचाहार कोतवाली, डलमऊ कोतवाली, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मिलकर शुक्रवार को डलमऊ गंगा घाट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के कहना है कि चेकिंग के दौरान उसे संदिग्ध होने पर रोका गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके बाएं पैर में गोली मारी और उसे दबोच लिया। उसको डलमऊ सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया है। इसके साथ इस घटना में अब तक कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मुख्य अभियुक्त पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

**10-15 अन्य लोगों की भी तलाश कर रही पुलिसः** हरिओम वाल्मीक की हत्या में शामिल 10-15 अन्य लोगों को भी पुलिस तलाश रही है। पुलिस के अनुसार उनके दूसरे प्रांत मध्य प्रदेश और बिहार में होने की संभावना है। जिसके लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। जो लगातार उनकी तलाश कर रही है।



मुठभेड़ में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया ऊंचाहार कांड का मुख्य अभियुक्त।

### घटनास्थल से दो सौ मीटर की दूरी पर है मुख्य आरोपित का घर

हरिओम वाल्मीक की हत्या में जिस मुख्य आरोपित दीपक अग्रहरि को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसका घर घटना स्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। घटना स्थान और उसके गांव पूरे बनियन के मध्य ईश्वरदासपुर रेलवे हाल्ट है। जिसके पश्चिमी भाग से कंदरावा रजबहा नहर है। इसी नहर की पटरी के पास हरिओम का शव मिला था।

### विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के छज्जूपुर में गुरुवार को ज्ञान प्रकाश एवं ओमप्रकाश सगे भाइयों के बीच विवाद में हिंसक झड़प हो गई। ओम प्रकाश की पत्नी रेनू दीक्षित का आरोप है कि पति ओमप्रकाश खेत की रखवाली के लिए गए हुए थे। तभी वहां पर ज्ञानप्रकाश अपने जानवरों से धान की फसल को चरवा रहे थे। मना किया तो एक राय होकर जयप्रकाश, यसी दीक्षित एवं बेटा प्रांजल ने उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे गंभीर चोटें आई। पति को बचाने पहुंची पत्नी रेनू दीक्षित पर भी हमला बोल दिया गया, जिससे वह घायल हो गई जबकि जयप्रकाश का आरोप है कि उनके ऊपर लाठी डंडे से हमला किया गया जिसमें जयप्रकाश की बेटी यसी को गंभीर चोट आई है। घायलों को सीएचसी डलमऊ पहुंचाया गया, जहां ओमप्रकाश एवं यशी को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# आतंकी वेशभूषा में असलहे के साथ फोटो वायरल, दहशत

संवाददाता, अमावां (रायबरेली)

**पुलिस ने दबोचा**

**अमृत विचार।** शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर ने लोगों खौफजदा कर दिया। जिसमें आतंकी वेशभूषा में एक युवक असलहे के साथ दिखाई दे रहा है। मामला संज्ञान में आते ही मिल एरिया पुलिस ने तस्वीर वाले युवक को दबोच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सुबह असलहे के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसमें एक युवक आतंकी वेशभूषा में असलहे के साथ दिख रहा है। फोटो वायरल होते ही क्षेत्रीय लोग किसी आतंकी घटना को याद करते हुए खौफजदा हो गए। मामला संज्ञान में आते ही मिल एरिया पुलिस ने वायरल फोटो वाले युवक की जांच शुरू कर दी। संदीनागिन गांव के एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने जांच शुरू की। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया फोटो वायरल करने वाला युवक थाना क्षेत्र के संदीनागिन गांव का आमिर खान पुत्र रफीक खान है। पड़ताल के दौरान पता चला आमिर का भाई किसी प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। वह उसकी लाइसेंसी बंदूक है जिसके साथ उसके छोटे भाई ने फोटो खिंचवाकर वायरल की है। उन्होंने बताया है कि आतंकी वेशभूषा में उसने किस उद्देश्य से फोटो खिंचवाकर वायरल की है इसकी जांच जारी है।



आतंकी वेशभूषा में वायरल फोटो।

### पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार में पीट-पीटकर हरिओम बाल्मीकि की हत्या के मामले में उसकी पत्नी पिंकी से शुक्रवार को नई बस्ती मजरे ऊंचाहार देहात में हेला समाज के संगठन जनता समाजवादी पार्टी व अखिल भारतीय हेला क्षत्रिय समाज संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। जनता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अभिनव राज हेला ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे अमानवीय बताया। कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दे। इस मौके पर रंजीत, बिट्टू, अमर आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की गैर मौजूदगी में ऑपरेशन से प्रसूता की हुई थी मौत, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अमावां (रायबरेली)

**लापरवाही**

- परिजन ने गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के प्रगति पुरम स्थित वी केयर हॉस्पिटल में हुई प्रसूता की मौत के मामले में मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के प्रगति पुरम मोहल्ला स्थित वी केयर हॉस्पिटल का है, जहां डीह थाना क्षेत्र के कमालपुर बड़ेला गांव निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सोमवार की दोपहर पत्नी पूनम भारती को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सक व स्टाफ नर्सो की लापरवाही से डिलीवरी के बाद पत्नी पूनम भारती (28) की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद भी चिकित्सक व स्टाफ द्वारा परिजनों से अभद्रता की गई। भुक्तभोगी सौरभ कुमार की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया और पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने वी केयर हॉस्पिटल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया मृतका के पति सौरभ कुमार की तहरीर पर वी केयर हॉस्पिटल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट में हार्ट ब्लड ब्लॉक होने की जानकारी आई है। साथ ही मृत्यु का सही कारण पता करने के लिए बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। जांच के दौरान दोषी पाए गए स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना है अस्पताल स्टाफ की लापरवाही ने प्रसूता की जान ले ली। लोगों ने यह भी कहा कि चिकित्सक की ना मौजूदगी में निजी चिकित्सालय में प्रसूता को भर्ती किया जाना गलत है।

### मौत के बाद कर्मियों का जारी रहा नाटक

पैसा कमाने के चक्कर में वी केयर हास्पिटल में लोगों के स्वास्थ्स से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा था। हास्पिटल के डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी व लापरवाही के चलते छह अक्टूबर को दर्द से कराह रही प्रसूता की जान चली गई थी। हास्पिटल के स्वास्थ्य कर्मियों पर आरोप लगाया गया था कि बिना डॉक्टर की मौजूदगी में प्रसूता का आपरेशन किया गया, जिसकी वजह से कुछ पल के बाद ही उसकी मौत हो गई। इतना सब कुछ होने के बाद भी हिम्मती स्वास्थ्य कर्मी परिजनों को इस बात का दिलासा दे रहे थे कि डॉक्टर आ रहे हैं परेशान न हो। सब ठीक हो जाएगा।

# घर से नकदी व जेवरात समेत लाखों की चोरी

**युवक पर हमला**

- सप्ताह भर के अंदर एक घर को तीसरी बार निशाना बनाने में बदमाश हुए सफल

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** चौकी प्रभारी करहिया की सुस्त कार्रवाई के आगे बेखौफ बदमाशों ने सलोन पुलिस को खुली चुनौती दी है। बदमाशों ने हफ्तेभर के अंदर एक घर को तीसरी बार निशाने पर लेकर लाखों रुपये के आभूषण समेटते हुए दशवीं के छात्र पर जानलेवा हमला कर भाग निकले। रात में ही घायल छात्र को पीजीआई लखनऊ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबुआइन मजरे कालू जलालपुर निवासी उत्कर्ष तिवारी (16) पुत्र ज्ञानेश तिवारी एनएसपीएस में दसवीं का छात्र है। गुरुवार की रात किशोर अपने छोटे भाई मानस के साथ सीढ़ी के रास्ते छत पर बने कमरे में सोने के लिए जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान खटखट की आवाज आने पर दोनों किशोरों ने जाकर देखा तो अज्ञात बदमाश कमरे की आलमारी से सोने चांदी के आभूषण समेट रहे थे। दोनों किशोरों को देखते ही बदमाश धारदार औजार दिखा कर भागने लगे, जिससे किशोर का छोटा भाई तेज आवाज में चिल्लाने लगा। किशोर ने बदमाश का पीछा करके एक को पकड़ लिया। जिसके बाद अज्ञात बदमाशों ने किशोर ज्ञानेश के सिर पर ईंट और सरिया से वार करते हुए पीछे के रास्ते से भाग निकले। शोरगुल पर पहुंचे परिजनों ने बेहोश पड़े किशोर को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी अगर घटना को लेकर संवेदनशील होते तो बदमाशो की हिम्मत घर में घुसने की न होती।

वहीं इस घटना के बारे में करहिया चौकी प्रभारी, नितिन कुमार ने बताया कि घटना वाली रात जांच करने गए थे तो कुछ भी चोरी नही था। अब परिजन चोरी हो जाने की बात कह रहे है। घटना में अलग-अलग एंगल है। उधर, राघवन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सलोन ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर जांच पड़ताल की गई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्जकर मामले की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।



घटना स्थल पर बिखरा पड़ा समान।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**चोरों ने लाखों का सामान किया पार, नसीराबाद, रायबरेली।** क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस दावे तो तमाम कर रही है, लेकिन गांवों में दहशत का माहौल है। बीती रात नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर एक नौवान तलिया लाल की बाजार में एक घर में घुसे चोरों ने लाखों का सामान कर पार दिया। पीड़ित पप्पू पुत्र राममिलन के घर में सभी लोग सो रहे थे। रात को पीछे के रास्ते से चोर बाउंड्रीवाल से कूदकर घर में घुस गए। घर में रखे लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात सहित तीन लाख नौ हजार रुपये उठा ले गए। घर में सो रहे किसी व्यक्ति को चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह बिखरा हुआ सामान देखा तो होश उड़ गए। थाना अध्यक्ष पवन सोनकर ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है। जांच की जा रही हैं।

### घर से जेवरात व नकदी चोरी, दहशत



चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के दौलत खेड़ा मजरे कुम्भी निवासी सुन्दर लाल यादव ने पुलिस से शिकायत की है। उसका कहना है कि वह और उसकी पत्नी भावमती जब रात में उठकर देखा तो चार बोरी गेहूं गायब थे। बक्सा आंगन में पड़ा था, जिसमें रखा सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जिसमें रखे जेवरात व नकदी गायब थी। शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय ने बताया कि इस तरह की कोई तैयारी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**उपलब्धि** पैराथाइरॉइड ट्यूमर का यह पहला मामला सामने आया, डॉक्टर की टीम ने किया इलाज

# एम्स में पैराथाइरॉइड ट्यूमर महिला रोगी की हुई सर्जरी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में गर्दन में पैराथाइरॉइड ट्यूमर से पीड़ित महिला की सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। मेडिसिन विभाग मे इलाज के लिए आई महिला के गले मे पैराथाइरॉइड ट्यूमर का यह पहला मामला था। जिसे जनरल मेडिसिन, ईएनटी व एनेस्थीसिया विभाग के कुशल डॉक्टर की टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी किया है।

मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष हार्मोनल एक्सपर्ट व एंडोक्रिनोलॉजी इंचार्ज प्रो. डॉ. मधुकर मित्तल ने बताया कि अपने ही शहर की रहने वाली 25 वर्षीय महिला गले में उत्पन्न पैराथाइरॉइड ट्यूमर से परेशान थी। ओपीडी मे आने के बाद सभी प्रकार की जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद नाक, कान, गला विभाग के सर्जन प्रो. डॉ. अरिजीत जोदार ने महिला के गले मे उत्पन्न पैराथाइरॉइड ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया।

उन्होने बताया कि एक या एक से अधिक पैराथाइरॉइड ग्रंथियों में एडेनोमा विकसित हो जाता है, जिससे अत्यधिक मात्रा में पैराथाइरॉइड हार्मोन का उत्पादन होता है। जिससे रक्त में कैल्शियम का स्तर बढ़ जाता है। यह रोग कई शारीरिक प्रणालियों को प्रभावित करता है। इसमें हड्डियों, गुर्द में पथरी, कराहना, पेट दर्द, बार-बार पेशाब आना व मनोरोग संबंधी संकेतों थकान, अवसाद, भ्रम, स्मृति हानि, चिड़चिड़ापन और यहाँ तक कि कोमा जैसे पारंपरिक लक्षण दिखते है। प्रो. डॉ. अरिजीत जोतदार ने बताया कि पैराथाइरॉइड ट्यूमर को ऑपरेशन द्वारा हटाने के लिए, ट्रांससर्विकल एप्रोच का प्रयोग किया गया, जिससे सामान्य पैराथाइरॉइड ग्रंथियों और आवर्तक लेरिंजियल तंत्रिका (स्वर रज्जु को आपूर्ति करने वाली और सामान्य स्वर उत्पादन के लिए जिम्मेदार तंत्रिका) को दृश्यमान रूप से संरक्षित रखते हुए रोगग्रस्त ग्रंथि को सटीक रूप से हटाया जा सका। मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है।



ट्यूमर रोगी के सफलता पूर्वक सर्जरी के बाद खुशी जताते चिकित्सक व अन्य।

> पैराथाइरॉइड ट्यूमर के सफलतापूर्वक सर्जरी सफलतापूर्वक होने पर पूरी टीम को बधाई। एम्स में पैराथाइरॉइड ट्यूमर जैसे जटिल विकार वाले रोगियों को राहत प्रदान करने में मदद करने के लिए इस तरह के सहयोगी टीम के प्रयासों को और बढ़ाया जाएगा।
>
> -प्रो. डॉ. अमिता जैन, निदेशक एम्स।

# क्रिकेट में उन्नाव ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मार्डन रेल कोच कारखाना मैदान में मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय 14 वर्षीय बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन क्षेत्राधिकारी लालगंज अमित सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में चार टीमों ने प्रतिभाग किया।

सेमीफाइनल मैच प्रथम रायबरेली ए और हरदोई के मध्य हुआ, जिसमे हरदोई ने 5 गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमी फाइनल लखनऊ और उन्नाव के मध्य हुआ। इसमें उन्नाव ने लखनऊ को 25 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच उन्नाव और हरदोई के मध्य खेला गया। हरदोई ने 55 रन का लक्ष्य दिया, जिसे उन्नाव ने बड़ी आसानी से पांच ओवर शेष रहते प्राप्त कर लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रेल कारखाना परिसर क्रिकेट सचिव पवन सिंह, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री सुधा सिह, बीसीसीआई सदस्य फहीम, क्रिकेट एसोसिएशन रायबरेली पदाधिकारी मनीष सिंह चौधन ने विजेता एवं उप-विजेता खिलाड़ी को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सचिव खेल विभाग रायबरेली अजय सिंह चंदेल सभी अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी के प्रति भाभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोमेश सिंह, भीम सिंह, आशुतोष सिंह, प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, प्रदीप पाण्डेय, विकास, मंगल चरण रावत मजुरल हक, मो. अनीस आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम के खिलाड़ी और मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना

## करवा चौथ पर्व के मौके पर किया चांद का दीदार, निर्जल व्रत रखा और पूरे विधि विधान से की पूजा-अर्चना

संवाददाता, संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखंड सौभाग्य की कामना के साथ शुक्रवार को सुहागिनों ने करवाचौथ का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया। सुहाग की लंबी आयु की कामना के साथ महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा और रात को चांद का और चलनी की ओट से अपने पति का दीदार कर व्रत तोड़ा। पूरे सोलह श्रृंगार में विधि विधान से पूजा की। इसके बाद बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। चंद्र देव अर्घ्य देकर सुहागिनों ने अपना व्रत पूरा किया। इस दौरान इस दौरान महिलाओं ने मंदिरों में एकत्रित होकर पूजा की। माता पार्वती की आरती उतारी।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह रहा। सुबह से ही तैयारियों में जुट गई। भूखी प्यासी होकर तरह-तरह के पकवान बनाए। शाम को परिजनों के साथ चांद का दीदार करने के लिए छत तो कोई आंगन में इंतजार करने लगी। जैसे ही चांद दिखाई दिया, हर कोई उत्साहित हो गया। सुहागिनों ने पूरे विधिविधान से पूजन अर्चन किया। साथ ही पति के लंबी उम्र की कामना की।

**चांद का दीदार कर सुहागिनों ने तोड़ा व्रत, अमेठी।** करवा चौथ का पावन पर्व शुक्रवार को अमेठी जिले भर में पूरी आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए सुहागिन महिलाओं ने निर्जल उपवास रखा और पूरे दिन इस विशेष दिन की तैयारियों में जुटी रहीं। महिलाओं ने गुरुवार से ही इस पर्व की तैयारियां शुरू कर दी थीं।


करवा चौथ पूजा के दौरान फोटो सेशन कराते ईओ स्वर्ण सिंह और उनकी पत्नी।


करवा चौथ पूजा के दौरान पूजा करती सुहागिन व पानी पिलाता पति।

व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पर्व के लिए नई पूजन सामग्री और श्रृंगार के सामान की खरीदारी के चलते ज्वैलर्स, कपड़े, चूड़ियों और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। ब्यूटी पार्लरों पर तो दिन भर मेहंदी लगवाने का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं ने साफ-सफाई कर स्नान किया और दिन भर पकवान बनाने तथा पूजन सामग्री जुटाने में जुटी रहीं। इस दौरान घरों में कई तरह के व्यंजन तैयार किए गए।शाम के समय, महिलाओं ने घरों की छतों और अन्य सुविधाजनक स्थानों पर पूजा सामग्री लेकर करवा चौथ की पूजा शुरू की। पूजन में लाल फूल, अक्षत, सिंदूर, सोलह श्रृंगार की सामग्री, लाल चुनरी, धूप, दीप, नैवेद्य आदि चढ़ाए गए। साथ ही, भगवान शिव को भी अक्षत, चंदन, धूप, दीप, फूल, फल और शहद अर्पित किया गया।

जिले में सुहागिन महिलाओं ने शाम करीब 7:40 बजे पूजन करने के बाद पहला अर्घ्य दिया। इसके बाद, रात करीब 8:03 बजे चंद्रमा का दीदार हुआ। चंद्रदेव के दर्शन होते ही अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हुआ और पूजा संपन्न हो गई। पूजा पूरी होने पर, महिलाओं ने छलनी की ओट में पहले चंद्रमा और फिर पतियों का चेहरा देखकर अपना निर्जल व्रत पूर्ण किया।अंत में, पतियों ने अपनी पत्नियों को पानी पिलाकर उनका उपवास खुलवाया। इस तरह आस्था, प्रेम और मंगल कामनाओं के साथ करवा चौथ का यह विशेष पर्व अमेठी में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।


रायबरेली के जिला कारागार में निरुद्ध 12 महिला बंदियों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। जेल अधीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि महिला बंदियों ने पूजा-अर्चना करके पतियों की लंबी उम्र की कामना की। अमृत विचार


करवा चौथ पर्व पर पूजन करतीं सुहागिन महिलाएं। अमृत विचार

जिले में सुहागिन महिलाओं ने करीब रात करीब 8:13 बजे चंद्रमा का दीदार हुआ। चंद्रदेव के दर्शन के बाद अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हुआ और पूजा संपन्न होते ही, महिलाओं ने छलनी की ओट में पहले चंद्रमा और फिर पतियों का चेहरा देखकर अपना व्रत पूर्ण किया। पतियों ने अपनी पत्नियों को पानी पिलाकर उनका निर्जल उपवास खुलवाया। इस तरह आस्था, प्रेम और मंगल कामनाओं के साथ करवा चौथ का यह विशेष पर्व संपन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### सम्मान समारोह का आयोजन 19 को

**रायबरेली :** आदि शक्ति मां भक्त सुरेश सेवा संस्थान कोरवां बिठूली की ओर से 19 अक्टुबर को ब्रहद गो पूजन, स्वास्थ शिविर, विभिन्न सहयोग एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गाएंगे। यह जानकारी संस्थान के पदाधिकारी डॉ. अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने दी है। उन्होंने बताया कि यहां पर रास्ट्रीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** चेकिंग के दौरान अभियुक्त विष्णु पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम चंदौकी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### स्वदेशी मेले का राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तहत अमेठी जनपद में स्वदेशी मेला का भव्य शुभारंभ आज पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

### नमो: 108 कमल की खेती का शुभारम्भ

**शिवगढ़ (रायबरेली) :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेड़ारु में नमो : 108 कमल की उन्नतशील खेती के लिए शुक्रवार को वैज्ञानिक डॉ. केजे सिंह व सीएसआईआर फ्लोरीकल्चर मिशन एनबीआरआई लखनऊ के प्रधानाचार्य डॉ. दयाशंकर के मार्गदर्शन में रोपाई कर कमल की खेती का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद शिवगढ़ राजमहल महेश विलास पैलेस में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रिंसिपल एवं वैज्ञानिक डॉ. केजे सिंह व डॉ.दयाशंकर ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि सीएसआईआर/एनबीआरआई का 'नमो : 108' कमल अब पूरे उत्तर प्रदेश में खिलेगा। यह कमल की एक नई किस्म है। इसे खास तौर पर तैयार किया गया है। इस कमल की खास बात यह है कि इसमें 108 पंखुड़ियां होती हैं। यह संख्या बहुत शुभ मानी जाती है। इस किस्म को 'नमो : 108' नाम दिया गया है।यहां ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी, राजकुमार सिंह, गोविन्द नरायण शुक्ल,जीबी सिंह, पवन सिंह, उमाकांत अवस्थी, रिंकू सिंह रहे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, तीन लोग झुलसे

संवाददाता, जामो (अमेठी)

**परिजनों में कोहराम**

- **हाईमास्ट लाइट ठीक करने के दौरान 11 हजार वोल्ट लाइन से छू जाने से हुआ हादसा**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे जुम्मन मजरे दूरामऊ में खराब हाईमास्ट लाइट ठीक करते समय 11 हजार वोल्ट लाइन से लाइट का पोल छू जाने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य युवक झुलस गए। हादसे के के बाद आनन-फानन में तीनों को जिला अस्पताल लाने पर एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य तीनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक पूरे जुम्मन गांव में लगी हाईमास्ट लाइट खराब हो गई थी। शुक्रवार की लगभग 11 बजे गांव के ही 50 वर्षीय मो.आजाद उर्फ राजू पुत्र भोंदू, सूरज, धर्मेन्द्र व राम प्रकाश वर्मा खराब हाईमास्ट लाइट को ठीक करने के लिए उसे खोल रहे थे। इसी दौरान हाईमास्ट लाइट का पोल बगल से जा रही 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के तार से छू गया। जिसमें प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मो. आजाद गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं सूरज, धर्मेन्द्र व राम प्रकाश भी घायल हो गए। आनन फानन में परिजन व ग्रामीण ग्राम प्रधान अमर बहादुर सिंह के साथ चारों घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मो. आजाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीनों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजनों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल की सूचना पर पहुंची गौरीगंज पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष जामो विनोद सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है तो आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# घटिया निर्माण पर रोक और जांच के आदेश

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**खबर का असर**

- **शुकुल बाज़ार स्थित कंपोजिट विद्यालय नेवाजगढ़ का मामला**



9 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार।** जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉक शुकुल बाज़ार स्थित कंपोजिट विद्यालय नेवाजगढ़ में घटिया निर्माण सामग्री और मानकों की अनदेखी से बन रही बाउंड्री वॉल के मामले में बीएसए ने निर्माण कार्य में रोक लगाने के साथ नोटिस जारी करते जांच के आदेश दिए हैं।

बता दें कि अमृत विचार अखबार के 9 अक्टूबर के अंक में इस खबर प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद मामला संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल और सख़्त कार्रवाई की है। खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मामले को तुरंत संज्ञान लिया और निर्माण कार्य में अनियमिता पाई गई। निर्माण में रोक लगाते हुए कार्यदायी संस्था पर स्पष्टीकरण पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों ने दीवार के निर्माण कर रही उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड संस्था ने मौरंग की जगह डस्ट का उपयोग, पीली और औसत दर्जे की ईंटों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों की शिकायत को आधार बनाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने तत्काल प्रभाव से दीवार के निर्माण पर रोक लगाते हुए इसके जांच के आदेश दिए हैं। वहीं इससे पहले बीएसए के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शुकुल बाजार शैलेंद्र शुक्ला ने 9 अक्टूबर को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर बाउंड्री वॉल के पिलर और बीम कई स्थानों पर झुके हुए पाए गए थे। जो ढांचे की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। निरीक्षण के बाउण्ड्रीवाल निर्माण में औसत दर्जे की ईंटें और मसाले में अधिकतर डस्ट का प्रयोग मिला, जो सरकारी निर्माण मानकों के खिलाफ है। इस तरह खण्ड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया कि निर्माण अपेक्षित गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा था।

निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी संजय तिवारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य करा रही संस्था को पत्र लिखकर गुणवत्ता में सुधार व भविष्य में पुनरावृत्ति न होने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण पर रोक लगाने और इसके जांच के आदेश दिए हैं। बीएसए ने संस्था को 15 दिनों के भीतर सभी त्रुटियों को सुधारने के लिए कहा है। बीएसए ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई, तो ठेकेदार पर कार्य निरस्तीकरण के साथ-साथ कड़ी वैधानिक कार्रवाई और कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम और एम्स प्रशासन की बैठक सम्पन्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश से पांच सदस्य टीम एम्स पहुंची। एम्स पहुंचने पर निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन व एम्स प्रशासन के साथ टीम के अधिकारी डॉ ऋषि कुमार सक्सेना संयुक्त निदेशक क्षय रोग उ. प्र. राज्य क्षय रोग अधिकारी स्वास्थ्य भवन लखनऊ, डॉ उदित मोहन विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार, डॉ कार्ति विजय विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार, डॉ प्रवीण आई हैट लखनऊ, आदर्श श्रीवास्तव स्टेट पीपीएम कोऑर्डिनेटर स्वास्थ्य भवन लखनऊ की बैठक हुई। बैठक मे डीआरटीबी सेंटर खोले जाने पर चर्चा कर वार्ड का निरीक्षण भी किया गया।


एम्स में निरीक्षण करती टीम।

एम्स प्रशासन के साथ बैठक कर डीआरटीबी सेंटर एवं कल्चर एंड स्टेट लैब के स्थापना पर चर्चा किया। इसमें रायबरेली समेत आसपास के जिलों के क्षय रोग के मरीज की सुविधा को बढ़ाने पर चर्चा की गई। पिछले माह दिशा की बैठक में नामित सदस्य गौरव अवस्थी ने जिले के हित में क्षय रोगियों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करने की बात मजबूती से रखी थी। उन्होंने बैठक में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि क्षय रोगियों को फास्ट लाइन ट्रीटमेंट एवं उच्च तकनीकी जांच के लिए डीआरटीबी सेंटर जिला चिकित्सालय में खोला गया था। लेकिन पर्याप्त मानव संसाधन व मशीनर उपलब्ध न होने के चलते इसका लाभ जिले के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## मुलायम सिंह की स्मृति में हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार। बैसवारा इंटर कॉलेज के खेल मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधान लाल जी यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव समाजवाद के मसीहा थे। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में गरीबों और पिछड़ों के लिए कार्य किया था। फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच बैसवारा एजुकेशन क्लब और एमसीएफ अकादमी के बीच खेला गया जिसमें एमसीएफ अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय श्री प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. रमेश यादव, अंशू यादव ,केसी गुप्ता आदि मौजूद रहे।


टूर्नामेंट का शुभारंभ करते पूर्व विधायक अशोक सिंह।

## पूर्व मुख्यमंत्री को पुण्यतिथि पर किया याद

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** भवानीगढ़ स्थित शिवगढ़ नहर कोठी परिसर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। सपा ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सपा के जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, विशिष्ट अतिथि बछरावां विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, ब्लॉक महामंत्री देवतादीन पासवान, युवजन सभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश रावत, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामू अनाड़ी रहे। वक्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के राजनीतिक जीवन, संघर्ष और समाजवाद की विचारधारा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि नेताजी ने सदैव गरीब, मजदूर, किसान और नौजवानों की आवाज उठाई। उनका जीवन समाज सेवा और न्याय के लिए समर्पित रहा। इसलिए उनसे अत्यधिक प्रेरणा लेने की जरूरत है। विवेक यादव, राज्जन पटेल, आशीष कुमार, राममिलन गौतम, श्रवण कुमार रावत, अंकित वर्मा, अमरेंद्र कुमार, जगजीवन भारतीय, रामनरेश यादव आदि उपस्थित रहे।


मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई।

## पति के सामने ही पत्नी ने थामा जेठ का हाथ

**जामों (अमेठी), अमृत विचार।** करवाचौथ जैसे पवित्र त्योहार के दिन अमेठी जनपद में रिश्तों की अनोखी कहानी सामने आई है। जामों थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में एक पत्नी ने उसी दिन अपने पति को छोड़ जेठ के साथ रहने का फैसला कर सबको चौंका दिया। जानकारी के अनुसार, टिकरा गांव निवासी अमरजीत कुमार की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी। अमरजीत शहर में नौकरी करता है। आरोप है कि उसकी पत्नी पिछले तीन वर्षों से अपने जेठ राहुल कुमार के साथ संपर्क में थी। करवाचौथ के दिन जब अमरजीत घर लौटा, तो उसे इस रिश्ते की सच्चाई का पता चला। अमरजीत ने जब पत्नी से इस बारे में पूछा तो उसने खुले तौर पर कहा कि अब वह पति के साथ नहीं, बल्कि राहुल के साथ ही रहना चाहती है। मामला थाने तक पहुंचा, जहां पुलिस की मौजूदगी में पति-पत्नी के बीच बातचीत हुई। लेकिन पत्नी अपने फैसले से पीछे नहीं हटी। आख़िरकार अमरजीत ने पुलिस के सामने ही अपनी पत्नी को जेठ के हवाले कर दिया। इस घटना से गांव में चर्चा का माहौल है। लोग इसे करवा चौथ पर चौंकाने वाली कहानी के रूप में देख रहे हैं।

# सभी वर्गों के सच्चे हितैषी थे मुलायम सिंह: प्रियंक हरिविजय

- **नेता जी को सपा नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**

संवाददाता, गौरीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव किसानों, मजदूरों, युवाओं व व्यापारियों सहित सभी वर्गों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने सभी वर्गों के लिए कार्य किया। नेता जी द्वारा किए गए सभी कार्य अनुकरणीय हैं। उन्होंने सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया। नेता जी ने किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं को लागू कर सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य किया। यह बातें शाहगढ़ विकासखण्ड के नेवादा किशुनगढ़ में शुक्रवार को आयोजित सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि कार्यक्रम में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने कही। उन्होंने कहा कि नेता जी का योगदान अनुकरणीय है। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में सपा को विजई बनाकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभी लोग एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने व पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की दिशा में कार्य करें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सपा नेता पारसनाथ यादव, कल्लू पाण्डेय, पूर्व सपा प्रवक्ता विजय यादव ,राहुल दुबे, पवन शुक्ला सहित सपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



नेता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी "धीरू"।


श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सपा नेता व अन्य लोग। अमृत विचार

## सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज स्थित सपा कार्यालय पर शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पद्मभूषण से सम्मानित, समाजवादी आंदोलन के पुरोधा एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण तथा उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। इस दौरान सपा प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्रा, महामंत्री अरशद अहमद, शिव प्रताप यादव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते सपा कार्यकर्ता।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I have change my name Sarfaraz Ahmad to Sarkar Ahamad s/o Mohammad Nihal, In future I would like to be khown by this name. **Sarkar Ahamad S/o Mohammad Nihal 500/138, Kutubpur, Daliganj, P.S.-Hasanganj, Lucknow.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 (मा.शि.प. प्रयागराज उ.प्र. रोल नं. 2239557272, राजकीय महिला कॉलेज) की मूल अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है जो बहुत ढूँढने पर भी नहीं मिली। **अर्श व्हीलर पुत्र अमिताभ व्हीलर, 309/5, नजरबाग, लखनऊ।**

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि B-2/12, विजयन्त खण्ड, गोमती नगर लखनऊ, स्थित प्रॉपर्टी की मालकिन निष्ठा कोचर है। इस प्रॉपर्टी का अलॉटमेन्ट लेटर खो गया है। जिसकी एफआईआर कर दी है। जिसकी एफ.आई.आर. नं0 20250000740797 है।

**सूचना**

मैने अपना नाम KM SALIHA KHATOON से बदलकर SALIYA KHATOON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-RAIS AHMAD ADD-GANDCHAPPA, BAHADURGANJ DIST-SITAPUR-261204 (U.P)**

**सूचना**

मैने अपना नाम RAISH AHAMAD से बदलकर RAIS AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MOHD RAZA ADD-GAND CHAPPA, BAHADURGANJ DIST - SITAPUR - 261204(U.P)**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र साहिल व उसकी पत्नी सलमा बानो के गलत व बेजा चाल-चलन व अनैतिक आचरण के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है एवं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। साहिल व उसकी पत्नी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे, मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं होगा। **नौशाद सुत इरशाद अहमद निवासी ग्राम पूरे जोगा, मजरे गयासपुर, थाना बाजारशुक्ल, तहसील मुसाफिरखाना, जिला- अमेठी, उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री Hazra Fatima के विद्यालय अभिलेखों में Hazra Fatima के स्थान पर उसका गलत नाम Hajra Fatima दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम Hazra Fatima है जो आधार कार्ड में अंकित है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में उसका सही नाम Hazra Fatima दर्ज किया जाये। **वसीउल्लाह खां पुत्र समीउल्लाह खां निवासी मो0 सुदामापुरी वार्ड-9 थाना कोतवाली तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पति शिव बहादुर पांडेय की एलआईसी पालिसी संख्या 219505928 है, इसमें मेरा नाम नामिनी के तौर पर शिवकुमारी लिख गया है जो गलत है, मेरा वास्तविक नाम विद्यावती है। शिवकुमारी व विद्यावती दोनों नाम एक ही है। **शिव कुमारी उर्फ विद्यावती पत्नी शिव बहादुर पांडेय निवासिनी ग्राम मोहारी, पोस्ट खरगूपुर (नवाबगंज) गोंडा**

**सूचना**

मेरे आर्मी के दस्तावेजों में पिता का नाम कैलाश चन्द्र व जन्म तिथि 01-05-1952 अंकित हो गई है। जबकि पिता का नाम कैलाश व जन्म तिथि 10-11-1952 है। यही सही है। इसी को माना जाये। **नायक अनुराग पुत्र श्री कैलाश निवासी- बन्सरामऊ, पोस्ट- नेरा तहसील व जनपद- कन्नौज।**

**NOTICE**

My postal records show my nickname as Pratiksha Patel and my date of birth as 5/1/2004, which is incorrect. Anshika Patel & Pratiksha Patel, both names are mine. It is necessary to change it to the correct date of birth 7/7/2005 and correct name Anshika Patel daughter of Keshavanand Singh R/o village and post Rujhei, present address 61 Ramnagar Society Rampuram Shyam Nagar Kanpur Nagar.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र हार्दिक द्विवेदी पुत्र अनूप कुमार एवं पुत्री वैष्णवी द्विवेदी पुत्री अनूप कुमार के सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज राजाजीपुरम स्कूल अभिलेखों में मेरा गलत नाम अंजू द्विवेदी (ANJU DWIVEDI) अंकित है। जबकि मेरा सही नाम बीना द्विवेदी (BEENA DWIVEDI) पत्नी अनूप कुमार है। अतः मेरे बच्चों के स्कूल के अभिलेखों पर मेरा सही नाम बीना द्विवेदी (BEENA DWIVEDI) दर्ज किया जाये। **बीना द्विवेदी पत्नी अनूप कुमार निवासिनी चेतना अस्पताल के पास माल जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा मूल बैनामा दिनांकित-15/10/2014 जो कि कार्यालय उपनिबन्धक जोन-3 में क्रमांक- 18678 पर दिनांक- 15/10/2014 को दर्ज है, कचहरी परिसर में कहीं खो गया। जो भी बहुत ढूढ़ने पर भी नहीं मिला है। **अशोक कुमार पुत्र स्व0 राम कुमार निवासी- 128/760, वाई-ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर नगर। मो0 : 7458091184**

**NOTICE**

I say that in my 10th class marksheet cum certificate my name is mentioned as Yogesh Mourya and in Aadhar card and PAN card my name is mentioned as Yogesh Rajbahadur Mourya and in 12th class marksheet cum certificate my name is mentioned as Mourya Yogesh Rajbahadur. My name Yogesh Mourya and Yogesh rajbahadur Mourya and Mourya Yogesh Rajbahadur are the name of one and the same.Residing at Trivedipur Lalganj Raebareli - 229206

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र गौरव वाल्मीक व उसकी पत्नी प्रिया पुत्री अशोक कुमार वाल्मीक निवासी- मोहल्ला भैनपुरा छिबरामऊ को उसके खराब आचरण से दुखी होकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति उनसे कोई भी व्यवहार या संविदा करे तो स्वयं जिम्मेदार समझा जाये। **भैयालाल पुत्र नेकसे वाल्मीक निवासी- अकबरपुर, परगना व तहसील- छिबरामऊ, जनपद- कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आशुतोष त्रिपाठी को उसके क्रियाकलापों व खराब आचरण से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **विजय त्रिपाठी पुत्र श्री जयदत्त नि0मो0 गंगारामपुर, कस्बा व पो0 मल्लावां, तह0 बिलग्राम, हरदोई।**

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब के खिलाफ 25 तक चलेगा अभियान

हरदोई, अमृत विचार। त्योहारों में अवैध शराब का प्रयोग न हो इसके लिए आबकारी पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी करेंगी। इस छापेमारी का उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री, निर्माण व तस्करी रोकना है। जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेट अनुनय झा ने बताया है अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने के लिए 25 अक्टूबर तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है।

### 13 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि शासन के मंशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय निरन्तर रोजगार मेलों का आयोजन कराकर बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में महिपाल सिंह महाविद्यालय, खुमारी में 13 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न क्षेत्र की कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है।

### महिला कर्मचारियों को उनके अधिकार बताए

हरदोई, अमृत विचार। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हरदोई डिपो परिसर में किया गया। कार्यक्रम में महिला परिचालकों एवं महिला कर्मचारियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

# शरीर की स्वस्थता को पहलवानी जरूरी: ब्रजेश

## पूर्व चेयरमैन डॉ. सुरेश पाठक और सुभाषचंद्र पाठक की पुण्यतिथि पर हुए दंगल में बोले उपमुख्यमंत्री

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



पहलवानों का उत्साहवर्धन करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

अमृत विचार। कस्बे के तपसी बाबा सदहा तालाब प्रांगण में पूर्व चेयरमैन डॉ सुरेश पाठक एवं सुभाषचंद्र पाठक की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को भाजपा नेता राजेश पाठक ने विशाल दंगल का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहलवानों का हाथ मिलवाया। डिप्टी सीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा भारतीय परंपरा कुश्ती की परंपरा सृष्टि के साथ, मानव जीवन के साथ जुड़ी है। युवा पीढ़ी को ये जरूर कहूंगा कि शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए पहलवानी जरूर करें। केंद्र और प्रदेश की सरकार खेलों को आगे बढ़ा रही है। खेलों में अगर कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ी जाता है तो सरकार उसका स्वागत करती है। कुश्ती के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सुविधाएं सरकार दे रही है। खेलों में जो भी मेडल ला रहे है उन्हें डीएसपी और तहसीलदार बनाकर खोलों के प्रति बढ़ावा दे रही है। खेलों में देश-विदेश का नाम रोशन करने वालों को सरकार अच्छा प्रोत्साहन भी दे रही है। डिप्टी सीएम ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि खेलों को सरकार बढ़ावा दे रही है। सपा शासन में न्यायपालिका, कार्यपालिका, प्रेस की आजादी पर हल्ला बोल जैसे कार्यक्रम चलाए गए थे। कानून व्यवस्था की रक्षा करना भाजपा सरकार का कार्य है। जबकि कानून व्यवस्था के धज्जियां उड़ाना सपा का कार्य रहा है। करीब 45 मिनट तक मल्लावां में रुके उसके बाद लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता राजेश पाठक, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, विधायक बंबालाल दिवाकर, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उन्नाव के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, समाज सेवी विशाल जायसवाल, व्यापारी नेता नवल महेशवरी, मनोज अग्निहोत्री, रामू त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, सोनू पाठक, अजय शर्मा, परवेज, सगीर अंसारी, अतुल शुक्ला मौजूद रहे। संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया।

### कई जिलों से आए पहलवान

मल्लावां, अमृत विचार। दंगल में अयोध्या के पहली कुश्ती बाबा नागेंद्र दास राजस्थान के हवा सिंह मेरठ के बीच खेली गई जिसमें बाबा नागेंद्र दास ने पटखनी दी। मोहसिन लखनऊ के बाबी मिश्रा, जम्मू के रिजवान गनी, राजस्थान के सोनू, उन्नाव के सुरेंद्र, पंजाब के बग्गा, नेपाल के शंकर थापा, गोरखपुर के गुड्डू पहलवान, दारापुर के श्रीपाल, हरिया के शैलेंद्र, कन्नौज के विनोद व बरेली के रवि आदि पहलवानों ने अपने-अपने दांव दिखाए। कार्यक्रम के सहमुख्य आयोजक गौरव पाठक ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत।

## रंजिश में मारपीट दो लोग घायल

बिलग्राम, हरदोई। बरगांवा गांव में रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। उमा शंकर पुत्र राम कुमार और अनीता पत्नी अनुप को गांव के कुछ लोगों ने पीटा। मारपीट का कारण उमा शंकर के मकान के बाहर बने चबूतरे को विपक्षियों द्वारा ट्राली से गिराना बताया जा रहा है। जब उमा शंकर ने इस बात का विरोध किया तो विपक्षियों ने उन्हें मारना-पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आईं उमा शंकर की भाभी अनीता को भी हमलावरों ने पीटा। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# मेज पर पैर रखकर मोबाइल चलाते गुरुजी का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता, भरखनी, हरदोई



वायरल वीडियो में मेज पर पैर रखे शिक्षक।

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। यहां जिन अध्यापकों पर बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है वह कभी लेट आते तो कभी स्कूल में मेज पर पैर रख आराम फरमाते और मोबाइल चलाते दिखाई पड़ते हैं। ताजा मामला क्षेत्र के कुरारी गांव स्थित प्रावि का है जहां के प्रधानाध्यापक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वह मेज पर पैर रख मोबाइल चलाते दिखाई पड़ रहे हैं। भरखनी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की मनमानी आए दिन देखने को मिलती है यहां स्कूल खुलने और अध्यापकों का विद्यालय आने का कोई निश्चित समय नहीं है। गुरु जी जो चाहे वह करें और पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं। इसी क्रम में शुक्रवार को मेज पर पैर रखकर मोबाइल चलाते शिक्षक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जानकारी करने पर पता चला कि यह विकास खंड भरखनी के ग्राम कुरारी के प्राथमिक विद्यालय का वीडियो है और वीडियो में मेज पर पैर रख मोबाइल चला रहे प्रधानाध्यापक राजेश शुक्ला हैं। वीडियो से अनुमान लगाया जा सकता है कि मास्टर साहब विद्यालय में शिक्षण कार्य को लेकर कितने गंभीर हैं। इससे पहले ग्राम भसीडा में शिक्षकों के देर से आने एवं बरुआरा में छुट्टी के दिन बच्चों द्वारा स्कूल खोलने का भी वीडियो वायरल हुआ था। खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी सुनील कुमार ने बताया कि उपरोक्त राजेश शुक्ला को नोटिस जारी किया गया है।

## स्वदेशी मेले में कई उत्पादों का किया गया अवलोकन

हरदोई, अमृत विचार। उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार से जनपद में शहीद उद्यान (कम्पनी बाग) में यूपी इण्टरनेशन ट्रेड शो की भांति यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में नोडल उद्योग विभाग के साथ-साथ उद्यान विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा 50 स्टाल लगवाये गये। कार्यक्रम में लगायी गयी स्टालों में जनपद में उत्पादित/निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें इत्र, धूपबत्ती, मिट्टी के बर्तन, गाय के गोबर से बने गणेश, दियाली, मूर्ति, हैण्डलूम प्रोडक्टस, खादी की बनी हुई, खादी की बनी हुई विभिन्न चीजे, एनआरएलएम द्वारा बुनी हुई विभिन्न आकृतियों, खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न प्रकार के स्टाल जिनमें चाट बताशा, पिज्जा, मोमोज, सीएम युवा के स्टाल जैसे इत्र, फोटो स्टूडियो के स्टाल लगाये गये। आम जनता द्वारा उक्त स्थल पर भ्रमण कर खरीदारी की गई।



पंथ संचलन करते स्वयंसेवक। अमृत विचार

### स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण के बाद हुआ पथ संचलन

हरदोई, अमृत विचार। संघ शताब्दी वर्ष पर बेंहदर के एक निजी स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण कार्यक्रम हुआ, मां भारती की पूजा अर्चना के बाद संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार व गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जिला कार्यवाह तीर्थराज का पाथेय कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवकों ने प्राप्त किया। कासिमपुर व बेंहदर होते हुए पथ संचलन हुआ। संघ संस्थापक के जीवन परिचय के साथ शताब्दी वर्ष तक संघ के पहुंचने की पूरी यात्रा को विस्तृत बताया गया। आगे कहा कि संघ 100 वर्षों की सोंच रख निरंतर आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने बताया शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन का प्रण लिया है जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व स्वदेशी तथा आत्मनिर्भर इसी पर शताब्दी के इस पूरे वर्ष भर संघ लगन से काम करेगा जिसमें समाज को भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी जो राष्ट्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगी। पथ संचलन बेंहदर, कासिमपुर व मार्डर तिराहा होते हुए निकाला। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का अनुशासन देख कई स्थानों पर पुष्प वर्षा भी ग्रामीणों ने किया। कार्यक्रम में जिला सह कार्यवाह ब्रजमोहन, सह जिला संपर्क प्रमुख रतन, खंड कार्यवाह संजय, स्वयंसेवक रमेश, शिवम, ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गयी रामजी की बारात शोभायात्रा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकी। अमृत विचार

अमृत विचार। मोहल्ला उधरनपुर के रामलीला प्रांगण में चल रहे रामलीला के मंचन में गुरुवार को रामजी की बारात की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें झांकियों को देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। भगवान राम की बारात की विशाल शोभा यात्रा कलाकारों द्वारा मनमोहक झाकियों के साथ पूरे मोहल्ले के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद बारात मेला प्रांगण में बने जनक के द्वार पर रुकी तो पूरी बारात का भव्य स्वागत किया गया। पुरोहितों द्वारा भगवान राम और सीता जी का विवाह संपन्न करवाया गया। राम बारात के विराम के बाद मेलाध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री (छुट्टन) ने उपस्थित सभी गणमान्यों, दूर-दराज से पधारे श्रद्धालुओं और अतिथियों का हृदय से वंदन किया। उन्होंने रामलीला कमेटी के सदस्यों के समर्पित सहयोग, उत्कृष्ट व्यवस्था और कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विशेष रूप से, पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदान की गई चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और सहयोग की मुक्त कंठ से तारीफ की गई, जिसके कारण यह भव्य आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

## रोडवेज बस से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई



शिवम गुप्ता।

अमृत विचार। पिता के साथ मिठाई की दुकान सिलेंडर उठाने के लिए स्कूटी से घर आ रहा था। उसी बीच जिंदपीर चौराहा फ्लाई ओवर पर सामने से आ रही रोडवेज़ बस ने उसे टक्कर मारी और भाग निकली, हादसे का सवार हुआ स्कूटी सवार दूर जा गिरा। आनन-फानन उसे वहां से उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के चंदीपुरवा निवासी शिवकरन गुप्ता की जीडीसी के बगल में मिठाई की दुकान है शिवकरन के साथ दुकान पर उसका 28 वर्षीय बड़ा बेटा शिवम गुप्ता भी बैठता है। शुक्रवार को शिवम स्कूटी से अकेले सिलेंडर उठाने घर आ रहा था। उसी बीच फ्लाई ओवर जिंदपीर चौराहे क पास पहुंचते ही उसे सामने से आ रही रोडवेज़ बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवम दूर जा गिरा उसी बीच ड्राइवर बस लेकर फरार हो गया। स्कूटी सवार को वहां से उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचाया गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसके छोटे भाई गोपी गुप्ता ने बताया कि शिवम की शादी हो चुकी थी।

# गरीब परिवार का राशनकार्ड हुआ रद

संवाददाता, पिहानी, हरदोई



प्रार्थना पत्र लिए पीड़ित परिवार। अमृत विचार

अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरवा किला में एक महिला पिछले दो साल से अपने रद्द हुए राशन कार्ड को फिर से बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रही है। गुलबहार पत्नी बब्बन निवासी पंडरवा किला हरदोई का राशन कार्ड संख्या 215541549708 सक्रिय था और उन्हें नियमित रूप से राशन मिलता था। लगभग दो साल पहले, कोटेदार ने उन्हें सूचित किया कि उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है और जिला मुख्यालय स्थित पूर्ति कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया। इसके बाद से गुलबहार लगातार पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से मुलाकात की और कई प्रार्थना पत्र भी दिए, लेकिन उन्हें लगातार टालमटोल का सामना करना पड़ा। महिला का कहना है कि दो साल से उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। गुलबहार के पति बब्बन मेहनत-मजदूरी कर घर का खर्च चलाते हैं और अपने बच्चों इरम (8 वर्ष), एसेल (6 वर्ष), अल्फिया (4 वर्ष) और फैसल (2 वर्ष) का भरण-पोषण करते हैं। राशन कार्ड निरस्त होने से परिवार को खाद्य सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। महिला ने डीएम से मांग की है कि उनके प्रार्थना पत्र पर स्थलीय जांच कराई जाए, दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए और उनका राशन कार्ड तुरंत बनवाने का आदेश दिया जाए।



पीड़ित की शिकायत सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### डीएम ने सुनीं 55 लोगों की शिकायतें

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में शुक्रवार को कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जन सुनवाई के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

हरियावां, हरदोई। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा निवासी लालता पुत्र चुन्नीलाल ने शाम के समय एकांत स्थान पर दुष्कर्म किया। किसी तरह पीड़िता ने घटना के बाद घर पहुंचकर पूरी बात परिजनों को बताई। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना हरियावां थाने में दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान और जांच के आधार पर घटना को सत्य पाया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी लालता को हिरासत में लेकर पूछताछ की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने के बाद शुक्रवार को उसे माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और प्रकरण में आगे की कार्रवाई जारी है।

## दिल्ली में छत से गिरकर हरदोई केअधेड़ की मौत

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली में रह रहे अधेड़ की वहीं छत से नीचे गिर कर मौत हो गई। उसकी पत्नी गुरुवार को शव ले कर गांव पहुंची, अंतिम संस्कार होने से पहले ही सूचना होने पर पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका तीसरे दिन पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के तत्यौरा गांव निवासी 52 वर्षीय संतोष कुमार वर्मा पुत्र श्यामलाल वर्मा अपने चार भाइयो में बड़ा था, उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक बड़ी बेटी, जिसकी शादी हो चुकी है और उससे छोटे दो बेटे कृष्णा वर्मा व सनी वर्मा है। संतोष काफी अरसे से परिवार के साथ दिल्ली में रह रहा था। जैसा कि बताया गया है कि बुधवार को संतोष वहीं छत से नीचे गिर पड़ा था, उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची, पत्नी उठा कर निजी हास्पिटल ले गई, लेकिन उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पत्नी उसका शव ले कर गांव पहुंची, अंतिम संस्कार से पहले ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया।

## हरदोई डायरी

### बालिकाओं को किया सम्मानित

हरदोई, अमृत विचार। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने बताया है कि शुक्रवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जनपद के प्रमुख चौराहों एवं कस्बो में जाकर आम जनमानस को महिलाओं व बालिकाओं से उचित व्यवहार करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों से जागरूक करने के लिये प्रेरित किया गया। जगह-जगह पर महिलाओं एवं बालिकाओं को कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यालय में आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के उपाय एवं महिला अपराध संबंधित कानूनों के बारे में भी अवगत कराया गया। नवीन परिचालक/चालक अनुज्ञप्ति प्राप्त आवेदको को यात्रा में महिलाओं से उचित व्यवहार करने एवं उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

### छात्र ने लगाया पिटाई का आरोप रिपोर्ट दर्ज करने की हुई मांग

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज टड़ियावा के एक छात्र नें शिक्षक-शिक्षिका पर पिटाई का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना किसी कारण के अक्सर उसकी पिटाई की जाती है, मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की गई है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में राजकीय इंटर कॉलेज टड़ियावां के कक्षा नौ के छात्र आशीष गौतम का कहना है कि कॉलेज के एक शिक्षक व शिक्षिका नें उसे बिना किसी कारण बेरहमी से कई बार पीटा है, जब प्रिंसिपल सुनील कुमार से मामले की शिकायत की तो उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया उलटे उसका ही नाम काटने की धमकी दी, लिहाजा छात्र नें पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित शिक्षक शिक्षिका के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

### शराब सेल्समैन लूटकांड के दो शातिर गिरफ्तार, एक की तलाश

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा पुलिस ने देशी शराब ठेके के सेल्समेन के साथ 19 दिन पूर्व रात्रि को तमंचे की नोंक पर लूट करने वाले दो शातिरों को गिरिफ्तार कर खुलासा किया है। तीसरा शातिर लुटेरे की तलाश में पुलिस लगी है। 21 सितंबर की रात को गोवर्धन निवासी देशी शराब ठेके का सेल्समैन रामजी शराब ठेका बंद कर बिक्री का 90 हजार रुपये लेकर घर जा रहा था, तभी रास्ते में तीन लोगों ने तमंचे के बट से मारपीट कर 90 हजार रु की नगदी लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस टीम खुलासे के लिए लगी थी। तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



चोरों द्वारा लगाई गई सेंध। अमृत विचार

### ग्राहक सेवा केंद्र से साढ़े तीन लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा स्थित स्टेशन रोड परिषद मार्केट में पंजाब नेशनल बैंक के एक ग्राहक सेवा केंद्र में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर साढ़े तीन लाख रुपये नकद चुरा लिए। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सज्जन गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब उन्होंने दुकान खोली, तो रैक टूटा हुआ था और दीवार में नकब लगी हुई थी। काउंटर में रखे साढ़े तीन लाख रुपये गायब थे। दुकान में ऊन और कंबल भी बेचे जाते हैं, लेकिन उनका कोई नुकसान नहीं हुआ है। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में नकब लगाई थी। इस दीवार के पीछे किसी का मकान नहीं है, बल्कि जूनियर स्कूल की खाली जमीन पड़ी है, जहां आमतौर पर किसी का आना-जाना नहीं रहता। मामले की जानकारी मिलने पर कोतवाल प्रेम सागर ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

### अब जनता खुद स्कैन कर पंचायत को देगी अपने सुझाव

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। समर्थ और विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संबंध में नगर पंचायत कार्यालय बेनीगंज में नगर पंचायत अध्यक्षा शिवप्यारी अंजाना, उपजिलाधिकारी(न्यायिक)/अधिशासी अधिशासी अधिकारी के द्वारा सभासदगण एवं गणमान्य नागरिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्यूआर कोड के माध्यम से अधिक से अधिक नगरवासियों ने अपने-अपने सुझाव दर्ज कराए जाने के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही मौके पर ही कई लोगों द्वारा अपने अपने सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज किए गए।

# सुहागिनों ने मनाया करवाचौथ

संवाददाता, हरदोई



चलनी की ओट से पति का दीदार करती सुहागिन। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में करवा चौथ का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। त्योहार को लेकर कई दिनों से महिलाएं तैयारियां कर रही थी। शुक्रवार को सुबह से ही पूजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। जैसे ही चांद निकला महिलाओं ने चंद्र दर्शन किया। पूजन व पति से आशीर्वाद देने के बाद जल ग्रहण कर उपवास पूर्ण किया। वर्ष भर महिलाएं इस त्योहार का पूरे उत्साह के साथ इंतजार करती हैं। शुक्रवार को आठ बजते ही महिलाओं ने चंद दर्शन किया। चंद्र दर्शन के बाद पूजन अर्चन कर पति का आशीर्वाद लेकर व्रत को सफल बनाया। पूरे दिन त्योहार को लेकर तैयारियां होती रहीं। शाम से ही घरों में रंगोली बनाकर पूजा थाल आदि को सजाया गया। अंधेरा होते ही चंद्र दर्शन के लिए उत्साहित महिलाओं ने छतों पर जाकर चंद्र दर्शन किया, जो महिलाएं शादी के बाद पहली बार व्रत रख रही थी, उनमें विशेष उत्साह दिखने को मिला। समय के साथ समाज ने तमाम परिवर्तन हो रहे हैं, लेकिन करवा चौथ पर सुहागिनों का जो उत्साह पहले था, वहीं आज भी है। पाश्चात्य सभ्यता के हावी होने के बावजूद भी करवा चौथ का त्योहार अभी भी रीति रिवाजों के साथ पूरे उत्साह से महिलाएं मनाती हैं।

## कचरा प्रबंधन को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर में कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा कचरा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की गई उन्होंने बताया कि जब हम घरों या किसी संस्थान में आवश्यक सामग्री का इस्तेमाल करते हैं तो एक समय ऐसा आता है जब वह वस्तुएं या सामग्री खराब हो जाती है जैसे प्लास्टिक, ट्यूबलाइट, पॉलिथीन, या कागज या अन्य वस्तुएं उसमें से सब कुछ कुछ वस्तुएं ऐसी होती हैं जिन्हें हम पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के द्वारा अन्य वस्तुओं का निर्माण कर सकते हैं। जैसे प्लास्टिक कांच कागज प्लास्टिक बोतल अवशिष्ट पदार्थ या बचा हुआ भोजन इसके लिए हमें विभिन्न प्रकार के कूड़े या कचरे को प्राथमिक स्तर पर अलग-अलग छांटना होता है जिन्हें विभिन्न प्रकार के रंगों के डस्टबिन में रखना होता है। इस अवसर पर शिवम, शशि देवी, निहारिका, आकांक्षा, वैष्णवी, सुमन, सुहानी गुप्ता आदि छात्र-छात्राएं तथा डॉ एसके पांडे, डा. रश्मि द्विवेदी, श्री आनंद विशारद, शुभम मिश्रा, विवेक आदि उपस्थित रहे।

# दादा मियां के कुल शरीफ में उमड़ा अकीदत का सैलाब

## वारिस पाक की पालकी यात्रा पर जमकर बरसे फूल

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार।** विश्व प्रसिद्ध देवा मेला शुक्रवार को पूरी तरह सूफियाना रंग में रंग गया जब सूफी संत हज़रत हाजी वारिस अली शाह के पिता हज़रत सैय्यद कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां का ऐतिहासिक कुल शरीफ परंपरागत और रूहानी अंदाज़ में अदा किया गया।

रूहानियत से भरे इस मौके की शुरुआत नमाज़-ए-असर से पहले दरगाह परिसर में हाजी सैय्यद उस्मान गनी शाह की अगुवाई में हुई। कुरान की तिलावत और सलाम की गूंज से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कुल शरीफ से पहले देवा की फिजा उस वक्त अल्लाह वारिस, हक वारिस के नारों से गूंज उठी जब वारिस पाक की पालकी यात्रा का शुभारंभ खानकाह हज़रत कल्लन मियाँ से किया गया। रास्ते भर अकीदतमंदों ने फूल बरसाए और पालकी को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई वारिस पाक की पालकी का दीदार कर खुद को सौभाग्यशाली मान रहा था।



पालकी में सवार हाजी सैय्यद उस्मान गनी शाह। अमृत विचार

दरगाह पहुंचने के बाद चादरपोशी की रस्म अदा की गई, जिसके पश्चात महफ़िल-ए-समा का आयोजन हुआ। इसमें सूफियाना कलाम और कव्वाली की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। श्रद्धालु संगीत की रूहानी लहरों में डूबते चले गए। अंत में मुल्क की अमन, एकता और भाईचारे के लिए दुआ की गई। कुल शरीफ की रस्म के समापन पर तबर्रुक (प्रसाद) वितरित किया गया और अकीदतमंदों ने दादा मियाँ की दरगाह पर सिर झुकाकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। एडिशनल एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, मेला सीओ सौरभ श्रीवास्तव, मेला प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, और देवा कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बावजूद पुलिस ने अनुशासन बनाए रखा, जिससे हर रस्म और आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

### देवा मेला के घोड़ा बाजार में ठेकेदारों की मनमानी चरम पर

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा मेला के घोड़ा बाजार में ठेकेदारों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। हाथरस से आए व्यापारियों ने बताया कि प्रति घोड़ा 1000 और टोकन के नाम पर 200 रुपये, यानी कुल 1200 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। व्यापारी आसिफ ने बताया कि उनके सेक्टर में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे रात में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। जब व्यापारी आरिफ ने इसका विरोध किया, तो ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए कहा कि जिलाधिकारी से शिकायत कर दो, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। व्यापारियों का आरोप है कि मेले की शुल्क दरें प्रदर्शनी समिति द्वारा सार्वजनिक की गई हैं, लेकिन ठेकेदार खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। यह हालात प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हालांकि एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह ने मामले में कार्रवाई की बात कही है।

### देवा मेला में आज

पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे तक
खेलकूद मैदान में हॉकी प्रतियोगिता के मैच

सायं 5 :30 से 8 बजे रात्रि बजे तक
बैडमिंटन टूर्नामेंट

अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक
प्रेक्षागृह में स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

सायं 5 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक
साईं भजन- प्रस्तुति- उमा शंकर जी महाराज
फूलों की होली- प्रस्तुति - सरिता रासरंग ग्रुप
लोकगीत - प्रस्तुति-संजू सिंह

रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक
भजन- किशोर चतुर्वेदी
मानस कार्यक्रम

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

रंगारंग

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार।** देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार की संध्या स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर संजय राय और जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ. सुविद्या वत्स ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने वेलकम सॉन्ग से शुरुआत की, जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनीकोडर की छात्राओं ने राजस्थानी धूमर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी के बच्चों के गणेशा के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिरौलीगौसपुर की छात्राओं ने ढोल बाजे के साथ ग्रुप नृत्य किया। संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर नाट्य मंचन के जरिए संदेश भी दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुविद्या वत्स ने किया। नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### रूबाब कैसर के नृत्य ने बिखेरा जलवा

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी, अमृत विचार।** देवा मेले की शुक्रवार की सांस्कृतिक शाम रूबाब कैसर के नृत्य प्रदर्शन से चमक उठी। कोरियाई और बॉलीवुड रीमिक्स गानों पर उनकी जीवंत और उर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। रूबाब के तालमेल और अभिनय ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत की धुनों ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। स्थानीय लोग और पर्यटक उनके आकर्षक प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हुए। उनके नृत्य ने न केवल कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया, बल्कि युवा वर्ग में कला और संगीत के प्रति उत्साह भी बढ़ाया।



रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### सांस्कृतिक मंच पर कत्थक नृत्य और अवधी लोकगीतों ने भरे रंग

**देवा, बाराबंकी।** देवा मेला 2025 के सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार की शाम कला और संगीत का जादू बिखरा। धीरेन्द्र पाण्डेय एवं उनकी टीम ने कत्थक और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। गणेश वंदना से शुरू हुआ कार्यक्रम "छाप तिलक सब छीनी", "श्रीराम स्तुति"और"शिव वंदना" जैसे नृत्यों से सजा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रसिद्ध अवधी गायक सत्यांशु पटेल ने यूपीमें बाटे अयोध्या जिला नमवा के नजानेला जैसे गीतों से एकता और प्रेम का संदेश दिया।

# डीएम-एसपी ने मजार पर की चादरपोशी

**बाराबंकी, अमृत विचार।** शुक्रवार की शाम देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के आयोजन में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह और उनके वालिद सैयद कुर्बान अली शाह की मजार पर पारंपरिक चादर अर्पित की गई। इस अवसर पर मेला परिसर से पीएसी बैंड के साथ चादर जुलूस निकाला गया, जिसमें हजारों जायरीन श्रद्धा भाव के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। जुलूस सबसे पहले सैयद कुर्बान अली शाह की मजार पर पहुंचा, जहां चादर अर्पित की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने हाजी वारिस अली शाह की मजार पर पहुंचकर चादर पेश की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का आस्ताने के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति शशांक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी/सचिव अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी के साथ मेला कमेटी के सदस्यों फव्वाद किदवई, रानी मृणालिनी सिंह, संजय बाली, तालिब नजीब, संदीप सिन्हा, महबूब-उर-रहमान, फैज महमूद, डॉ. फारुख, राय स्वरेश्वर बली, समेत प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गाजे-बाजे और उमड़े जायरीन की श्रद्धा ने देवा मेला के पवित्र वातावरण को और भी जीवंत और भावनात्मक बना दिया, जिससे भक्तों व आयोजकों दोनों ने आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक सौहार्द का अनुभव किया।



चादरपोशी करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार



कव्वाली प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### दमादम मस्त कलंदर की शानदार प्रस्तुति पर दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी।** देवा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला में स्थानीय कव्वालों द्वारा एक से बढ़कर एक कव्वाली प्रस्तुत कर माहौल को सूफ़ियाना बना दिया। कव्वाल अजीज वारसी के ग्रुप ने दमादम मस्त कलंदर पर माहौल को सूफ़ियाना बना दिया। इसके बाद वारसी ग्रुप देवा के कव्वाल सहाब वारसी और उनके वालिद मो. शाकिब वारसी की टीम ने छाप तिलक सब छीनी और आशिकाना गजल सहित अनेक गज़लों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कव्वाल अफ्फान हुसैन वारसी व उनकी टीम के साथी कव्वालों द्वारा ताजदारे हरम, बेखुद किये रहते है, आज रंग है आदि मनमोहक कव्वालियों की प्रस्तुतियां देकर सूफी रंग बिखेरा।



हॉकी खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

### हरदोई और डीएचए गोला की टीमों ने दिखाई ताकत, विरोधी टीमें ढेर

**देवा, बाराबंकी।** ऐतिहासिक देवा मेला में चल रही राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए दो मुकाबलों में बाबू श्रीशचंद्र हॉकी अकादमी, हरदोई और डीएचए गोला की टीमों ने जबरदस्त जीत दर्ज की। पहले मैच में हरदोई ने वीर हॉकी अकादमी, भदोही को 5-0 से रौंद दिया। निखिल, अमित गाजी, प्रशांत मिश्रा और साजन ने गोल कर टीम को एकतरफा जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में डीएचए गोला ने चैंपियन क्लब, रामपुर को 3-1 से हराया। शमीम, शुभम और साहिल ने टीम के लिए गोल किए, जबकि रामपुर के अभय भारती ने एकमात्र गोल किया। मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह दिखा। आयोजन सचिव मज़हर अज़ीज़, अदील समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# पढ़ाई के लिए डांटने पर छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई/टड़ियावां।** पढ़ाई से दूर रह रही छात्रा को डांट दिया गया,उसी बात से खफा हो कर उसने कमरे. के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के खडरौआ मजरा सैंती निवासी बृजभूषण मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा की दो बेटियों और एक बेटे में सबसे बड़ी 16 वर्षीय दीक्षा मिश्रा टड़ियावां के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करती थी। शुक्रवार की शाम को बृजभषण मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा घर से बाहर थे और दोनों छोटे बच्चे पड़ोस में खेल रहे थे,घर में दीक्षा और उसकी मां थी। उसी बीच दीक्षा काफी देर दिखाई नहीं दी तो उसकी मां ने आवाज़ दी,लेकिन कोई जवाब न आने पर वह उसे ढूंढने लगी,उसी बीच उसने अंदर से बंद कमरें में झांक कर देखा तो दीक्षा का शव छत के कुंडे में दुपट्टे से लटका दिखाई दिया। शोर होने पर पड़ोसी दौड़ आए,सूचना मिलते ही वहां पुलिस पहुंची और उसके सामने कमरें का दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला गया। जैसा कि पिता ने बताया कि दीक्षा पढ़ाई से दूर भागती,इसी वजह से डांटा गया था,उसी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। फोरेंसिक टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बाइकों की टक्कर में 2 युवकों की मौत

रफ्तार की मार

संवाददाता गंजमुरादाबाद

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के कबीरपुर खंभोली गांव निवासी पुष्पेंद्र (40) पुत्र संतराम बांगरमऊ नगर में एक ट्रैक्टर एजेंसी में मिस्त्री था। वह सहकर्मी अनुज द्विवेदी पुत्र जनार्दन द्विवेदी निवासी अतरौली थाना मोहनलाल गंज लखनऊ के साथ बाइक से हरदोई के कुरसठ में कंपनी की मीटिंग से एजेंसी लौट रहा था। तभी शुक्रवार शाम उन्नाव-हरदोई मार्ग पर मल्लावां थानाक्षेत्र स्थित गुलबहा मोड़ के पास उनकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें पुष्पेंद्र, अनुज व दूसरी बाइक सवार रिंकू पुत्र सुरेश निवासी बेहटा कच्छ बांगरमऊ व उसका भाई गोविंद गंभीर घायल हो गए। जिन्हें बांगरमऊ सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने पुष्पेंद्र व रिंकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनुज व गोविंद को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि हादसा हरदोई जिले मल्लावां थाने की सीमा में हुआ है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे जा रहे हैं। आगे की कार्रवाई हरदोई पुलिस करेगी।



घटनास्थल पर मौजूद विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**सफीपुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी मकान के पीछे बाग में गई थी। जहां पहले से घात लगाए बैठा विशाल पुत्र राजेश उसे पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। बेटी की चीख सुन वह पहुंची तो विशाल बेटी को किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### उजड़ गया गुड्डी और रंजना का सुहाग

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** हादसे में जान गंवाने वाला रिंकू दिल्ली में मजदूरी कर परिवार पालता था। वह एक सप्ताह पूर्व गांव लौटा था। उसकी मौत से पत्नी गुड्डी व दो बच्चे बदहवास हैं। वहीं पुष्पेंद्र एक ट्रैक्टर एजेंसी में कार्य करता था। घटना से पत्नी रंजना व मां रामकुमारी सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल है।

### बस से उतरी किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर, उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सफीपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दो बेटियां 8 अक्टूबर को दिल्ली से बस से घर आ रही थीं। 9 अक्टूबर सुबह बड़ी बेटी उन्नाव-हरदोई रोड के पास उतर गई पर छोटी बेटी कहीं लापता हो गई। बड़ी बेटी ने घर पहुंचकर बताया तो उसकी तलाश शुरू की गई। उसने शक जताया कि बस में एक गोरखपुर निवासी पूर्व परिचित आकाश नामक युवक मौजूद था। हो सकता है वही बेटी को बहलाकर ले गया हो। एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तलाश की जा रही है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से दो हिस्सों में कटा युवक

**बांगरमऊ, उन्नाव।** उन्नाव-बालामऊ रेलमार्ग पर शुक्रवार को दो भाग में कटे युवक का शव पड़ा देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने जांच कर शव की पहचान कराकर मोर्चरी भेजा है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर गांव के बाहर से निकले उन्नाव-बालामऊ रेलमार्ग पर शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने बालामऊ-कानपुर रेलवे लाइन पोल नंबर 51/4 व 51/5 मध्य युवक का शव दो हिस्सों में पड़ा देखा। इस पर वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। तभी वहां पहुंची गांव निवासी नीतू पुत्री स्व. दिलावर प्रसाद ने उसकी पहचान पति अरविंद उर्फ छुनक्की पुत्र सीताराम निवासी गांव रूदामऊ थाना माधौगंज हरदोई के रूप में की।

बताया जाता है कि रात में तीन मालगाड़ियां इसी ट्रैक से निकली थीं। इसी में किसी से अरविंद ने आत्महत्या कर ली। नीतू ने बताया कि 23 जून-2010 को उसकी शादी अरविंद से हुई थी। लेकिन पारिवारिक विवाद के बाद वह 9 साल से बेटे आयुष के साथ मायके में रहती है। वहीं चर्चा है कि अरविंद अपने बेटे से मिलने ससुराल आया था। जहां से लौटकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने हरदोई निवासी परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा है।

### पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में जब्त किए पटाखे

**पाटन, उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के बीघापुर, बिहार व बारासगवर थानाक्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों की बिक्री व निर्माण कार्य जारी है। जिसकी जांच करने के लिए शुक्रवार को एसडीएम रणवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह ने फोर्स के साथ अलग-अलग जगह छापेमारी की। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस की अवधि, भंडारण व बारूद संग्रहण की जांच हुई। टीम ने पटाखा निर्माण स्थल का भी जायजा लिया। निरीक्षण में एसडीएम ने बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री कर रहे लोगों को चेतावनी दी और बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किए।

# छापेमारी में पकड़ा गया अवैध पटाखा भंडारण

संवाददाता सफीपुर

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पटाखों के अवैध भंडारण की सूचना पर छापेमारी की। सबसे पहले राहतगंज बाजार निवासी रामसागर पुत्र बुद्धीलाल के घर छापा मारा। जहां प्रतिबंधित पटाखों का जखीरा मिला।

वहीं बबरअली खेड़ा स्थित सीबू गुप्ता व श्याम जी गुप्ता पुत्र सुंदरलाल के घरों की तलाशी में भी अवैध पटाखों का भंडारण मिला। वहीं मोहल्ला सराय सूबेदार निवासी अनिकेत पुत्र मोती गुप्ता के घर से भी पुलिस को गत्ते के डिब्बों में पैक पटाखे मिले। अनिकेत पर बीते साल भी अवैध पटाखा भंडारण का केस दर्ज हुआ था। इसी तरह अवधेश उर्फ बउआ पुत्र अशोक गुप्ता निवासी मोहल्ला सराय सूबेदार के गोदाम से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे मिले।

पुलिस ने बरामद पटाखों को सील कर कब्जे में लेने के साथ चार पर रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि चारों लोगों पर अवैध विस्फोटक सामग्री भंडारण करने का केस दर्ज है। बताया कि अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रिक्शा चलाने वाले ने बच्चे पढ़ा लिए...

मुशायरा व कवि सम्मेलन

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सपा संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। सर्वप्रथम सपा नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद देश के जाने-माने शायरों व कवियों ने कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

युवा सपा नेता गुलिस्तान खान द्वारा नगर के शान्ती मिल मैदान में आयोजित मुशायरा व कवि सम्मेलन की शुरुआत डॉ. नदीम शाद ने नात पाक से की। इसमें बिहार से आए अपूर्व विक्रम शाह ने घायल भारत चीख रहा है, चीख सुनाने आया हूं... पढ़ कर लोगों में जोश भरा।




मुशायरा में कलाम पेश करतीं शायरा। अमृत विचार

मध्य प्रदेश की मनिका दुबे ने कभी मां की हथेली चूम लेना, रही मां की बड़ी कुर्बानियां है... पढ़कर मातृत्व प्रेम जगाया। बिलाल सहारनपुरी ने रिक्शा चलाने वाले ने बच्चे पढा.लिए, जो थे नवाबजादे नजाकत में मर गए.... पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। डॉ. नदीम साद ने दुश्मनी की तो क्या पूछिए दोस्ती का भरोसा नहीं पढ़कर लोगों को झूमने पर मजबूर किया। इसके अलावा शबीना अदीब, हाशिम फिरोजाबादी, आदिल रशीद देहलवी, मुमताज नसीम, मोहन मुंतजिर व जहाज देवबंदी आदि शायरों ने कलाम पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री मुनीर अहमद, बृजेश वर्मा टिल्लू भैया, डॉ. मुन्ना अल्वी, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक बदलू खान, सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, शशांक शेखर शुक्ला, आलोक त्रिपाठी, पूर्व राज्यमंत्री राजपाल कश्यप, एड. संजीव त्रिवेदी, एड. मुजम्मिल अहमद, अल्वी मिश्रा, रेहान खान, याकूब अली सिद्दिकी आदि रहे। संचालन नदीम फरुक व अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री शकील खान नदवी ने की। अंत में आयोजक गुलिस्तान खान ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

### उपमुख्यमंत्री ने पूर्व चेयरमैन से जाना क्षेत्र का हाल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा अपने गृहनगर पड़ोसी जनपद हरदोई के कस्बा मल्लावां में स्व. डॉ. सुरेश पाठक व स्व. सुभाष चंद्र पाठक की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को विशाल करवाचौथ दंगल का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जाते समय लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के हरदोई उन्नाव रोड अंडरपास पर नगर पालिका बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी इजहार खां गुड्डू ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री ने उनका हाल-चाल जानने के साथ नगर व क्षेत्र के बारे में पूछा। उन्होंने नगर व क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**परियर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत परियर-बिठूर मार्ग पर परियर में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें पृथ्वीपाल (40) पुत्र महादेव निवासी गांव फतेहपुर थाना गंगाघाट की मौके पर मौत हो गई। जबकि विशाल पुत्र धर्मेंद्र निवासी मयूरामऊ विलग्राम हरदोई गंभीर घायल हो गया। जिसे निजी हॉस्पिटल में परियर चौकी इंचार्ज अनिल राजपूत ने भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। वहीं, पृथ्वीपाल का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मानव के संस्कार ही उसके जीवन की पूंजी



**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित महिला मंडल सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन की रात वृंदावन से पधारे भारत भूषण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का बखान करते हुए कहा कि मानव के संस्कार ही उसके जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है। भागवताचार्य ने श्रोताओं से कहा कि श्रीमद्भागवत कथा प्रेत योनि से भी मुक्ति देती है। उन्होंने धुंधकारी के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि धुंधकारी को संस्कार प्राप्त नहीं हुए तो वह बुरे कर्म करने लग गया। जबकि सद् संस्कार मिलने से गोकर्ण जी पढ़ लिख कर ज्ञानी बन गए। इसीलिए व्यासजी कहते हैं कि संस्कार ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कथा वाचक ने करवा चौथ व्रत को लेकर भी व्याख्यान दिया। कथा समापन पर यजमान अशोक रस्तोगी व उनकी पत्नी अलका ने पवित्र श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती उतारी। व्यवस्थापक विष्णु दयाल रस्तोगी व परिवार के उदय, अविरल व राजेश ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### ह्रदयाघात से चिकित्सक की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के गांव भगवंतपुर गोटपाली निवासी चिकित्सक डॉ. विशंभर लाल का ह्रदयगति रुकने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना से ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे पुत्र संजय, एक पौत्र व एक पौत्री को छोड़ गए हैं। बता दें कि डॉ. विशंभर लाल गरीबों का नि:शुल्क इलाज करते थे। इसके लिए उन्हें मध्य प्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय आयुर्वेदिक महासम्मेलन में सेवा सम्मान व दिल्ली में आयोजित आयुर्वेद पर्व में सम्मानित भी किया जा चुका है।

### मारपीट करने वाले युवक पर हुई कार्रवाई

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के गांव साहबगंज में नशे में शिवम पुत्र फूलचंद निवासी गुलरिहा साहबगंज निवासी मोहित पुत्र रामआसरे से गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने मोहित से मारपीट शुरू कर दी। इसमें मोहित को चोटें आ गईं। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की। पुलिस ने शिवम को पकड़कर उसके विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट भेज दिया है।

### पिकअप से टकराई कार, चार लोग घायल

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** हरदोई जिला के मोमिनाबाद गांव निवासी 11 वर्षीय रोशनी, 7 वर्षीय इब्राहिम, 38 वर्षीय राशिद व 13 वर्षीय आलिया गुरुवार को कानपुर गए थे। देर होने से वह सफीपुर में रिश्तेदारी में रुक गए थे। शुक्रवार को वह हरदोई के लिए निकले थे। तभी पीटीसी के पास सुबह 11 बजे कार व पिकअप में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप चालक भाग निकला। कार सवार चारों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

न्यूज ब्रीफ

### क्राइम इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

**शुक्लागंज।** 28 सितंबर को फोरलेन स्थित यूनियन कर्बाइड गली के बाहर नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने को लेकर हुए विवाद में भाजपा कार्यकर्ताओं से अभद्रता करने के आरोप में गंगाघाट कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर फूल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, सभासद नंद किशोर मिश्रा सहित कई कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में धरना दिया था।

### एसवीएम की खुशी ने किया नाम रोशन



छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

**शुक्लागंज।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की तरुण वर्ग की छात्रा खुशी शिवहरे ने झांसी में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में हैमर थ्रो विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर, विद्यालय और प्रांत का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### मूल उद्देश्यों से भटकी पत्रकारिता : महेश

**उन्नाव।** साहित्यकार व भाषाविद डॉ. रामविलास शर्मा की जयंती पर हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष नामक संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी पुस्तकालय में हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा पत्रकारिता सृजन सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार व मुख्य अतिथि महेश शर्मा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महेश शर्मा ने कहा कि आज की पत्रकारिता चाटुकारिता में बदल गई है। पत्रकारिता में आए बदलाव व वैकल्पिक संसाधनों की बदौलत समाज का एक वर्ग पत्रकारिता के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत है। संगोष्ठी को वामपंथी कार्यकर्ता अखिलेश तिवारी, अबरार अहमद, नसीर अहमद, सरल कुमार सरल, सभासद बृजेश पांडे, अरुण दीक्षित, अरुण पांडे व संजीव श्रीवास्तव ने संबोधित किया।

# चांद को देखूं हाथ मैं जोड़ूं, करवाचौथ का व्रत मैं तोड़ूं...

## सुहागिनों ने आसमान में चांद को अर्घ्य देकर देखा अपना चांद

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सुहाग का पर्व करवाचौथ शुक्रवार को पूरी आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा और रात को चांद का दीदार कर पूजन के बाद व्रत खोला।

करवाचौथ को लेकर बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं ने अपनी पसंद के कपड़े, गहने व श्रृंगार की सामग्री खरीदी। शहर के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की काफी भीड़ रही। सदर बाजार में सजी दुकानें पर पूजन सामग्री जैसे मिट्टी के करवे, चूरा, गट्टा, खील, लइया आदि की दुकानों पर खूब भीड़ रही। जिससे दुकानदारों का कारोबार चमका। इसके साथ फूलों की दुकानें खरीदारों से गुलज़ार रहीं। इसमें डिजाइनर गजरों की खूब बिक्री हुई। खासकर नव विवाहिताओं में पहले करवाचौथ को लेकर विशेष उत्साह रहा। शुक्रवार शाम महिलाओं ने श्रृंगार कर घरों के आंगन व छतों पर पहुंचकर करवाचौथ की कथा सुनी और पूजा की।



फूल की दुकान में होती खरीदारी।



चांद का दीदार करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### महिलाओं ने बाजारों में जाकर की खरीदारी

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** करवाचौथ की तैयारियों नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में काफी दिनों से चल रही है। सुबह से ही बाजारों में करवा के अलावा चूरा गट्टा की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शाम होते ही सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखते हुये चांद के निकलने का इंतजार कर रही थी। जैसे ही चांद निकला महिलाओं ने छतों पर चांद की विधि विधान से पूजन किया और चांद का अर्ध्य दिया। महिलाओं ने चांद को अर्ध्य देकर निर्जला व्रत तोड़ा। वहीं बच्चों ने अतिशबाजी का आनंद उठाया। आसमान पर रंग बिरंगे पटाखों की रोशनी से आसमान सतरंगी हो गया। वहीं परंपराओं के अनुसार इस दिन शादीशुदा महिलाएं या जिनकी शादी होने वाली हैं वो अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। ये व्रत सुबह सूरज उगने से पहले से लेकर और रात्रि में चंद्रमा निकलने तक रहता है। इसके चलते सुबह से ही महिलाओं की सजने-संवरने के लिए ब्यूटी पार्लरों पर भीड़ लगी रही। महिलाओं ने बाजारों में जाकर खूब खरीदारी की। रात्रि को चंद्र उदय होने पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर महिलाओं ने अपने पति के सामने व्रत तोड़ा। कुछ लोगों ने अपनी पत्नियों के साथ बाहर ही खाना खाया। इसके साथ ही तमाम लोगों ने अपने पत्नियों को मोबाइल, सोने की अंगूठी, पायल के अलावा महंगे उपहार दिये। वहीं कुछ लोगों ने साड़ियां दी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर की मौत

**शुक्लागंज।** जाजमऊ चौकी अंतर्गत आजाद मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक हादसे में ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतक राजू गौतम (45) पुत्र स्व. बुद्धिलाल, मूल निवासी जवाहर खेड़ा थाना हसनगंज, अपनी बहन रंजीता के घर पोनी गांव में रहकर मजदूरी करता था। शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह साइकिल से करवाचौथ का सामान लेकर अपने घर जा रहा था। आजाद मार्ग पर ट्रैक्टर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।



राजू। (फाइल फोटो)

### विधायक ने किया पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का उद्घाटन

**नवाबगंज, अमृत विचार।** विकासखंड के बोधीखेड़ा गांव में शुक्रवार को पंडित दीन दयाल पशु आरोग्य मेला आयोजित हुआ। इसका उद्घाटन विधायक बृजेश रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने किया। विधायक ने पशुपालकों को बकरी व मुर्गी पालन क्षेत्र में आगे बढ़कर सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उन्होंने पशुपालन को व्यवसाय के रूप में मजबूत करने पर जोर दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह ने बताया कि मेले में 1256 पशुओं का उपचार किया गया। इसमें पशुओं का सामान्य चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान व बधियाकरण भी हुआ। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मौर्या ने पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

### शीशा साफ कर रहे चालक को दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** ढाबा से खाना खाकर निकले ट्रक चालक की दूसरे ट्रक को बैक करने में लगी टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है। सीतापुर के संदाना थानाक्षेत्र के ख्योंकरि गांव निवासी महेश (51) ट्रक चालक था। गुरुवार रात वह कानपुर में भाड़ा उतारकर दूसरा भाड़ा लोड करने लखनऊ जा रहा था। तभी वह लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शेखपुर नरी गांव के पास पड़ने वाले एक ढाबे पर खाना खाने रुका था।

### अम्बिका स्कूल में इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता संपन्न



अंबिका स्कूल में चेस प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** राजधानी मार्ग अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने व सर्वांगीण विकास हेतु इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 3-4 बालक वर्ग में ग्रीन हाउस, बालिका वर्ग में येलो हाउस, कक्षा 5-6 बालक वर्ग में रेड हाउस, 7-8 में बालक वर्ग ग्रीन व बालिका वर्ग येलो हाउस तथा 9-11 बालक वर्ग में रेड और बालिका वर्ग में येलो हाउस विजेता रहे। प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बौद्धिक व रचनात्मक विकास में सहायक होती हैं। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**उन्नाव।** किराए का कमरा लेकर फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक का शव कमरे में पड़ा मिला। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बिसरा सुरक्षित किया गया हैं।

सीतापुर के कमलापुर थानांतर्गत कसमड़ा गांव निवासी राजू (40) पुत्र घनश्याम सोनी अविवाहित था। वह सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर में सुनील मिश्रा पुत्र स्व. रामकिशन के मकान में किराए पर रहकर फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम वह कमरे में अचेत पड़ा था। इस पर गृहस्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली सूचना पर पहुंचे मझले भाई विनोद ने बताया कि राजू परिवार से मतलब नहीं रखता था।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए धरती पुत्र मुलायम सिंह



सपा संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टण्डन व सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव।



मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार



मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर जिले के समाजवादियों ने धरती पुत्र के नाम से प्रसिद्ध मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सपा के जिला कार्यालय में सपा की राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद अन्नू टण्डन व जिलाध्यक्ष राजेश यादव की उपस्थिति में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने श्रद्धांजलि अर्पित कर मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा व गरीबों, किसानों व पिछड़ों के हित में किये गये कार्यों को याद किया। सपा से सदर विधानसभा प्रत्याशी रहे डॉ. अभिनव कुमार ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर समाजवादी आंदोलन के प्रणेता मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा टेढ़ा गांव के एक रिसॉर्ट में हुई। इसमें पूर्व सपा प्रत्याशी अंकित सिंह परिहार ने कहा कि नेताजी के विचार हमेशा समाज के लिए बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं। राजधानी मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला के आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।





नसीहत वह सच्ची बात है, जिसे हम कभी गौर से नहीं सुनते। खुशामद एक घटिया धोखा है, जिसे हम पूरी तवज्जो से सुनते हैं।
–खलील जिब्रान, दार्शनिक



# रक्षा से शिक्षा तक

भारत–ब्रिटेन के बीच रक्षा से शिक्षा तक के समझौते, जहां विकसित भारत के दृष्टिकोण को और मजबूती देने तथा अमेरिकी टैरिफ के दुष्प्रभावों से कुछ राहत दिलाएंगे, रक्षा, शिक्षा और व्यापार के कई आयामों में सहायक सिद्ध होंगे। चुनौतियों से जूझती हालिया ब्रिटिश अर्थव्यवस्था को भी ये समझौते बड़ी राहत पहुंचाने वाले हैं। इस तर्क को रक्षा क्षेत्र में हुए 4,200 करोड़ रुपये के मिसाइल सौदे से समझा जा सकता है। यह सौदा न केवल हमारी जमीनी और हवाई ताकत को बढ़ाने वाला है, बल्कि ब्रिटिश रक्षा विनिर्माण के लिए आर्थिक अवसरों से युक्त एक नया निर्यात बाजार भी खोलता है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी आयरलैंड में लगभग 700 नई नौकरियां तत्काल सृजित होंगी।

ब्रिटेन के लिए भारत एक विशाल बाजार है। को-प्रोडक्शन और पार्ट सप्लाई के माध्यम से उसे उच्च स्तरीय सेवाओं, रक्षा उपकरणों और शिक्षा-उत्पादों के व्यापार में अरबों पाउंड के अवसर प्राप्त होंगे। व्यापारिक ढांचे अर्थात हालिया सीईटीए और एफटीए संबंधी समझौतों के सरकारी आकलन बताते हैं कि दीर्घकाल में ये समझौते ब्रिटेन की जीडीपी में सालाना लगभग 5 बिलियन पाउंड का इजाफा कर सकते हैं और द्विपक्षीय कारोबार में इन से 26 बिलियन पाउंड तक का वार्षिक विस्तार संभव है। ऐसे महत्त्वाकांक्षी आंकड़े यह साबित करते हैं कि ब्रिटेन को विशाल भारतीय बाजार के माध्यम से निर्यात और सेवाओं में अपार संभावनाएं मिलने वाली हैं। इन समझौतों से सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों के साथ-साथ आईटी, वित्त, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा और हेल्थ-टेक में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। निर्माण तथा रक्षा-निर्माण में को-प्रोडक्शन और स्पेयर-पार्ट सप्लाई-चेन के नए अवसर खुलेंगे। इससे भारत को अमेरिकी टैरिफ से कुछ हद तक राहत के साथ 'मेक इन इंडिया' को बल मिलेगा।

रक्षा समझौते के अंतर्गत मिसाइल आपूर्ति हमारी वायुसेना और थलसेना की क्षमता में त्वरित गुणात्मक सुधार लाएगी, पर यह आवश्यक है कि इसमें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और प्रतिस्पर्धी आपूर्तिकर्ताओं की भागीदारी पर भी ध्यान दिया जाए, ताकि एक देश पर निर्भरता न बढ़े। शिक्षा क्षेत्र में कुछ ब्रिटिश विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खोलने की पहल भी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम देश के भीतर ही उपलब्ध होंगे और उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण-प्रशिक्षण के अवसर सुलभ होंगे। भारत चाहता है कि पेशेवरों के वर्क वीजा को 82 हजार से बढ़ाकर 1.25 लाख किया जाए तथा स्टूडेंट वीजा को 92 हजार से और आगे बढाया जाए। विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस खुलने के बाद इन वीजाओं की मांग में बदलाव आ सकता है। यद्यपि यह केवल संभावना है, गारंटी नहीं कि ब्रिटेन अपनी नीति-संवेदनशीलता के अनुरूप वीजा नीति में कुछ नरमी बरतेगा और स्टूडेंट व वर्क वीजा की संख्या बढ़ाएगा। फिलहाल इन समझौतों से कई उम्मीदें जुड़ी हैं, ये तभी पूरी होंगी जब समझौते सार्थक तथा टिकाऊ होंगे। इसके लिए रक्षा सहयोग में वास्तविक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, व्यापार में घरेलू प्रतिस्पर्धा का संरक्षण और शिक्षा में गुणवत्ता-नियमन के समेकित उपाय सुनिश्चित करना होगा।

## प्रसंगवश

# भेदभाव और कुरीतियों की शिकार बालिकाएं

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। यह दिन दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस बार 2025 की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है।

हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं, इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या पांच करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था, जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिंता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पाई है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या को रोकने का माहौल बनाना होगा। यदि यह कहा जाए कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं हम सबकी एक जिम्मेदारी है, तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं, तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि हम बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें कि देखो वह हमारी बेटी है, जो इतना बड़ा काम कर रही है।

# गहरे हैं मायावती की रैली के सियासी निहितार्थ





अजय दयाल
लखनऊ

बसपा की लखनऊ रैली में जुटी भीड़ ने राजनीतिक पारा बढ़ा दिया है। लंबे समय से निष्क्रिय मायावती की वापसी से उत्तर प्रदेश के सारे सियासी समीकरण बदल जाने की आहट भी साफ सुनाई दे रही है।

सियासत में न तो दल और न ही राजनीतिज्ञ कभी अप्रसांगिक होता है। उसके चाहने वाले, समर्थक जब चाहते हैं प्रासंगिक बना देते हैं। बहुजन समाज पार्टी और उसकी नेता मायावती के संदर्भ में भी इस बात को सही माना जाना चाहिए। राजधानी में हुई बसपा महारैली की भीड़ के आधार पर ही यह बात नहीं कही जा रही, बल्कि मायावती ने अपने मूल व्यवहार से आगे बढ़कर यहां जो नजीर पेश की वह मुख्य है। उम्र की 70वीं दहलीज पर पहुंच रहीं बसपा नेत्री ने इस रैली के बहाने वर्तमान साधा और भविष्य भी। बता दिया कि दलितों के बीच उसका जलवा कायम है और यह भी संदेश दे दिया कि मुझ तक ही पार्टी समीति नहीं, आगे 'आकाश' है। राजनीति में उनकी दोबारा सक्रियता काफी कुछ कहती है। लखनऊ में हुई रैली के गहरे सियासी निहितार्थ भी साफ नजर आ रहे हैं।

गुजरे सालों की हकीकत यह है कि दलित वोट बैंक का एक बड़ा भाग दशकों बसपा के खाते में ही रहा। खाता टूटा तो वोट बैंक इस कदर बिखरा कि पार्टी लोकसभा में और न ही उत्तर प्रदेश विधानसभा में ठिकाना तलाश सकी। बसपा की पहचान समझे जाने वाले दिग्गज नेता भी एक-एक कर अलग होते गए। इस कड़ी में बसपा छोड़कर जाने वाले नेताओं ने दूसरे दलों को मजबूत किया। इनमें लालजी वर्मा, राम अचल राजभर, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, स्वामी प्रसाद मौर्य, बाबू सिंह कुशवाहा, आरके चौधरी, नकुल दुबे, लालजी निर्मल, केके गौतम, इंद्रजीत सरोज जैसे नेता रहे, जिन्होंने बाहर निकल कर दूसरे दलों का दामन थाम लिया।

इसके बाद यह समझा जाने लगा कि मायावती अपनी पार्टी के साथ एकाकी और अलग-थलग हो गईं हैं। इस नेतृत्वकर्ता और पार्टी दोनों के ही इस हश्र का फायदा उठाने को दूसरे दल टूट पड़े। भाजपा, सपा, कांग्रेस डॉ. आंबेडकर को अपना-अपना बताने की रेस में उतर पड़े। बाबा साहब के नाम पर अन्य दलों के आयोजन बड़े होने लगे, दलितों के हित में बड़ी-बड़ी घोषणाएं होने लगीं। इसके मुकाबले उस वक्त इन दलों के आंबेडकर प्रेम को ढकोसला करार देने वाली मायावती अकेली थीं, जिनकी उस दौरान बात नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह गई।

हालांकि, राजनीति की समझ रखने वाले यह जानते हैं कि सच्चा राजनीतिज्ञ कभी हार नहीं मानता, थकता नहीं। मायावती के भीतर बैठा 'साइलेंट एक्टविस्ट' नये सिरे से जमीन तैयार करने को जुटा रहा। लगभग नौ बरस के बाद यकायक मायावती ने जो हुंकार भरी उसकी धमक इस बार सियासत में मजबूत पकड़ रखने वालों के दिल की धड़कने बढ़ाने जैसी रही। दो राय नहीं कि मायावती की लखनऊ रैली ने पार्टी को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास दिया है। भले ही बसपा से दलितों ने बीते चुनावों में दूर बनाते हुए विकल्प तलाश हो, लेकिन बसपा प्रमुख मायावती ने उसे फिर से अपनी तरफ मोड़ने का मजबूत प्रयास किया है।

मायावती का वही पुराना आत्मविश्वास लौटा दिखा, जब उन्होंने एक्स पोस्ट कर कहा कि भीड़ के मामले में आज आपने खुद के भी अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ये जो लाखों-लाखों की संख्या में लोग आए हुए हैं, तो इनको यहां दूसरी पार्टियों की तरह मजदूरी देकर दिहाड़ी पर नहीं लाया गया है, बल्कि ये लोग अपने खून-पसीने की कमाई के पैसों से ही खुद चलकर आज मुझे सुनने के लिए आए हैं।

कुल मिलाकर यह रैली बसपा के लिए सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश देना रहा कि दलित समाज का भरोसा अभी भी मायावती पर कायम है। वोट बैंक तो बिखरा, पार्टी की राजनीतिक जमीन भी खिसकी, पर रैली की भीड़ देखकर सहज ही अंदाजा होता है कि मायावती की लोकप्रियता में गिरावट नहीं आई है। इसी मौके पर भतीजे आकाश ने मायावती को पांचवी दफा मुख्यमंत्री बनाने का राजनीतिक पासा भी फेंक दिया। कहा कि आप लोगों को बहन जी को फिर से सत्ता में लाना है। मायावती का सारा निशाना तो सपा पर ही रहा। यह बात अलग है कि समीक्षक मायावती के बयानों को भाजपा के लिए हितकारी मान रहे हैं, लेकिन बसपा नेत्री ने भाजपा को लेकर 'सॉफ्ट रियेक्शन' देकर भी राजनीति साधी।

दरअसल, मायावती का सूबे में राजनीतिक संघर्ष भाजपा से ज्यादा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) का फार्मूला लेकर चल रहे अखिलेश यादव से है, जो सीधे बसपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर सकते हैं, जिसका खामियाजा मायावती और बसपा को और उठाना पड़ेगा। इस बार मायावती ने अपने बाद दलितों को भविष्य के नेतृत्व का भी एलान कर दिया। मायावती ने अपने भाषण में कहा कि जैसे आप लोगों ने कांशीराम के बाद मेरा साथ दिया है, वैसे ही मेरे बाद आकाश आनंद का साथ देना है।

सच पूछिए तो अब तक हमेशा यही संदेश निकलता रहा कि मायावती ने हमेशा पार्टी को अपने तरीके और निर्णय पर चलाया। जब जो चाहा किया। उनकी छवि सरकार हो या संगठन एक सख्त प्रशासक की नजर आती रही, लेकिन रैली में उनका व्यवहार उनके अब तक के मिजाज के विपरीत नजर आया। वह काफी सरल, संयमित लेकिन आत्मविश्वास से भरी नजर आईं। उन्होंने वर्तमान सियासी परिदृश्य के मद्देनजर अपनी बात रखी साथ ही भविष्य का खाका भी खींचा। यहां तक कि उन्होंने भविष्य में संगठन की जिम्मेदारी भतीजे आकाश को देने का एलान भी कर दिया। आने वाला दौर तय करेगा कि मायावती की रैली में जुटी भीड़ कितनी कारगर साबित होती है।

## आमने सामने



20 साल इस खटारा सरकार को कभी ध्यान ही नहीं था कि बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। हमारी सरकार बनते ही 20 दिन में अधिनियम बनाएंगे और 20 महीने के अंदर बिहार का ऐसा कोई घर नहीं बचेगा, जिसके पास सरकारी नौकरी नहीं होगी।
–तेजस्वी यादव, नेता प्रतिपक्ष, बिहार

ये तो 'चुनावी बुलबुला' है। राजद के लोगों के प्रति प्रदेश में लोगों के मन में क्या भाव है और लोग क्या चाहते हैं ये मायने रखता है। ये चुनावी स्टंट है। प्रदेश के लोगों को पता है कि नीतीश कुमार स्थिर सरकार चलाते हैं और वे व्यवस्थित सरकार चलाते हैं। –अशोक चौधरी मंत्री, बिहार



# जयप्रकाश और महात्मा गांधी की पीड़ा



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

गांधी और जेपी अलग-अलग रास्तों से लगभग एक राजनीतिक दर्शन तक पहुंचे थे। गांधी का रास्ता मुख्यत: अनुभवों और प्रयोगों पर आधारित था। जेपी की यात्रा वैचारिक थी।

भारत के स्वाधीनता का निर्णायक संघर्ष महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ा गया था। उस संघर्ष में जयप्रकाश नारायण (जेपी) गांधी जी के सिपाही थे, जिन्होंने 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। जब सभी बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गए तो जयप्रकाश जेल की दीवार फांद कर बाहर आ गए और उन्होंने भूमिगत रहकर उस आंदोलन का संचालन किया। हालांकि कुछ महीनों के बाद वह फिर गिरफ्तार कर लिए गए और जेल में भारी यातनाएं भी दी गईं, इसलिए जब हम जेपी के जीवन पर नजर डालते हैं तो गांधी जी याद आते हैं। भले ही गांधी की उपलब्धियां ज्यादा हों। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अंग्रेजी हुकूमत पर दबाव बनाने के अहिंसक आंदोलन में बड़े पैमाने पर आम लोगों को जोड़ा था।

विदेशी हुकूमत से आजादी का विचार बहुत बेलाग था और लोगों की भावनाएं जगाने वाली इसमें अपील थी, लेकिन संवैधानिक मान्यता का दावा करने वाली शासन व्यवस्था की तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का समर्थन पाना काफी मुश्किल था। इन सबसे भी बढ़कर यह समानता थी कि दोनों ही राजनीति को नैतिक आधार पर चलाना चाहते थे और दोनों की नैतिकता का आध्यात्मिक स्रोत धर्म ही था। ऊपरी आडंबरों और सांप्रदायिक असहिष्णुता से मुक्त धर्म। दोनों ने ही अपने विरोधियों को अलग-थलग करने या घेरने की जगह सहयोग और मतभेद समाप्त करने की नीति पर अमल किया। वे मूलतः राजनेता न होकर अच्छे शिक्षक थे, मूल्यों के प्रचारक थे। वे भले ही पूरी राजनीतिक सत्ता को अपने नजरिए के अनुसार नया रूप देने में सफल न हुए हों, पर उन्होंने जिन मूल्यों पर जोर दिया उनका महत्व सदैव बना रहेगा।

गांधी और जेपी अलग-अलग रास्तों से लगभग एक राजनीतिक दर्शन तक पहुंचे थे। गांधी का रास्ता मुख्यतः अनुभवों और प्रयोगों पर आधारित था। जेपी की विचार यात्रा वैचारिक थी और इसकी झलक हमें उनके रोचक लेखन में मिलती है। आज देश के विकास को जीडीपी के पैमाने से मापा जाता है। विकास का पश्चिमी माडल सिर्फ जरूरतें बढ़ाकर मानव विकास के जिस रास्ते की कल्पना कर रहा है या जिस रास्ते पर जा रहा है, उसे देख वे भी गांधी की तरह हैरान होते। वे चाहते थे कि स्वराज में जनता की भागीदारी दिखायी दे। जनता अपनी जिंदगी अपने हाथ रखे और पुनर्निर्माण के रास्ते पर अपने बलबूते बढ़े। उनका आग्रह था कि सत्ता देश के लाखों गांवों में बिखेर दी जाए, मुट्ठी भर राजधानियों के हाथ में केंद्रित न रहने दी जाए, लेकिन गांधी जी अपनी इस कल्पना को साकार करने के लिए जीवित नहीं रह सके, फिर भी इतनी बात दुनिया के सामने आ गई कि नेहरू और गांधी के रास्ते अलग थे।

नेहरू का रास्ता राष्ट्र-राज्य (नेशन स्टेट) था और गांधी का ग्राम गणराज्य का। आजादी के तीस साल बाद सत्ता में आई जनता सरकार ने भी जेपी द्वारा प्रस्तावित विकेन्द्रित शासन व्यवस्था लाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। जेपी द्वारा 1974-75 में भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ उभरे बिहार आंदोलन का नेतृत्व करना, जवाब में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लागू करना, उन्हें और हजारों अन्य नेताओं को जेलों में बंद करना, 1977 के चुनाव में विपक्षी दलों को एकजुट करना और चुनाव में भारी जीत दिलवाते हुए केंद्र में पहली गैर-कांग्रेस सरकार का गठन कराने में उनकी भूमिका इतिहास की चीजें हैं। गांधी की तरह जेपी को भी समझ में आ गया कि मैदाने-जंग में जीत का मतलब यह नहीं होता कि जीत के सेनापति उन क्रांतिकारी उद्देश्यों के लिए भी उतने ही मन से काम करें। यह बात तब और भी ज्यादा स्पष्ट ढंग से सामने आती है, जब प्रस्तावित बदलावों से सत्ता में आए लोगों के अपने अधिकारों से भी कटौती का मसला जुड़ा हो।

जैसे ही अंग्रेजों ने आजादी देने की बात स्वीकार कर ली और विभाजन समेत सत्ता के हस्तांतरण की बातें शुरू हुई। गांधी की उपेक्षा शुरू हो गई। उन्होंने अपने सचिव और जीवनीकार प्यारेलाल से शिकायत की, 'आज मेरी कौन सुनता है-आजादी की लड़ाई लड़ते हुए तो हम एक थे लेकिन आजादी के अवसर पर हम विभाजित हैं। सत्ता की संभावना ने हमारा नैतिक बल हर लिया है।' संभव है कि यही शब्द जेपी के मुंह से भी तब निकलते जब 1977 में इंदिरा गांधी के शासन को खत्म करने के लिए एकजुट हुई जनता पार्टी के घटक दल बिखरने लगे थे।

आजाद भारत में कुछ ही महीने जिंदा रहने के दौरान ही महात्मा गांधी को पार्टी पॉलिटिक्स की बुनियाद ही गड़बड़ होने का एहसास हो गया था। 1947 की पहली तारीख को उन्होंने कांग्रेस के रचनात्मक कार्यकर्ताओं से कहा था, ''आज राजनीति भ्रष्ट हो गई है। राजनीति में जाने वाला हर आदमी इसमें नहा जाता है। हम सभी को इससे बाहर ही रहना चाहिए। फिर 27 जनवरी को उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने अपनी आजादी की लड़ाई का शुरुआती और जरूरी हिस्सा हासिल कर लिया है। पर इसका मुश्किल भाग अब आना है। लोकतंत्र के मुश्किल रास्ते पर इसने ऐसे घटिया ठिकाने बनाए हैं, जिनसे भ्रष्टाचार पैदा हुआ है और गड़बड़ी वाले ऐसे संस्थान बने हैं जो नाममात्र के लोकतांत्रिक और जनप्रिय हैं (तेन्दुलकर, महात्मा खण्ड 8)।"

## सोशल फोरम

# लो फिर आ गए हैं सिंघाड़ों वाले दिन

सिंघाड़ा ट्रैपा नटन्स (Trapa natans) नामक जलीय पौधे का फल है। सिंघाड़े को संस्कृत में शृङ्गाटक, जलफल कहते हैं, जबकि अंग्रेजी में इसे वॉटर चेस्टनट या वॉटर कैल्ट्रोप्स के नाम से जाना जाता है।



अजय कुमार प्रजापति
ब्लॉगर

ये तालाबों, दलदलों और धीमी गति से बहने वाली नदियों में उगता है। यह सर्दी के मौसम में मिलने वाला एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है, जो फाइबर, प्रोटीन, आयरन और विटामिन से भरपूर होता है। यह पाचन को दुरुस्त करने, वजन घटाने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। इसका उपयोग कच्चा, उबला हुआ या आटे के रूप में किया जाता है, खासकर उपवास के दौरान।

सिंघाड़े में विभिन्न पोषक तत्व पाए जाते हैं। जैसे- विटामिन A, विटामिन B6, विटामिन C और थायमिन। खनिज में कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, पोटेशियम, कॉपर, मैगनीज, जिंक, सोडियम और आयोडीन पाया जाता है। इसके अलावा इसमें कार्बोहाइड्रेट, डाइटरी फाइबर और प्रोटीन भी होता है।

इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और कब्ज से निजात दिलाता है। सिंघाड़े में फाइबर और पानी की अच्छी मात्रा होती है, जो पेट को भरा रखती है और वजन को नियंत्रित करने में मदद करती है। कम सोडियम और अधिक पोटेशियम होने के कारण यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय पर दबाव कम पड़ता है और हृदय स्वस्थ रहता है।

सिंघाड़ा डायबिटीज के मरीजों के लिए भी सुरक्षित माना जाता है। जानकार कहते हैं कि यह शुगर के अवशोषण को धीमा करके रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके पोषक तत्व शरीर में कमजोरी और थकान को दूर करने में भी सहायक होते हैं। हालांकि डायबिटीज के मरीजों को इस खाने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

सिंघाड़े दो रंग के बाजार में मिलते हैं। एक हरे रंग का और दूसरा काले रंग का। सिंघाड़े शुरू में जब तोड़े जाते हैं तो मुलायम होते हैं। इन्हें कच्चा खाया जाता है। सख्त होने पर इसे उबालकर खाया जाता है। सिंघाड़े के पके फलों को सुखाकर उसका आटा बनाया जाता है, जिसका उपयोग उपवास के व्यंजनों में किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में इसकी कचरी भी बनाकर खाई जाती है।

## सामयिकी

# पूर्व नरेश का शुभकामना संदेश व नेपाल का भविष्य

नेपाल में सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार ने काम करना प्रारंभ कर दिया है, लेकिन जनता में यह भ्रम बना हुआ है कि नेपाल का आगे का भविष्य क्या होगा? जिस गति से पुराने राजनीतिक दलों के नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही हैं और उनके खिलाफ जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है, उससे ऐसा लगता है कि नेपाल की राजनीति में उन्हें दरकिनार करने की लंबी तैयारी है। फिलहाल अभी जो दृश्य है, वह नेपाल के लिए बहुत शुभ नहीं है। हैरत है कि पिछले दिनों जेन जी आंदोलन में तहस-नहस हुए नेपाल को संवारने के लिए कोई दूसरा या तीसरा देश दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। जैसा कि भूकंप से तबाह हुए नेपाल के लिए दुनिया के तमाम देश इमदाद को आगे आए थे।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

इससे ऐसा लगता है कि नेपाल के मित्र देशों को भी छह महीने बाद होने वाले आम चुनाव के बाद नए नेपाल की राजनीतिक दिशा का इंतजार है। इसी के साथ दशहरा पर्व के अवसर पर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र का देश के नाम संदेश भी चर्चा में है। पूर्व नरेश का यह जनता के नाम शुभकामना संदेश था, लेकिन इस बार के संदेश के मायने अलग हैं। दशहरे के मौके पर पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र का जनता के नाम भावनात्मक संदेश को नेपाल में बदल रही राजनीतिक परिदृश्य की दृष्टि से देखा जा रहा है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने नेपाली जनता को याद दिलाया है कि उनके पूर्वजों ने जिस त्याग, बलिदान और अदम्य साहस से नेपाल की एकता, अखंडता, सार्वभौमिकता और संप्रभुता की रक्षा की, वही हमारे अस्तित्व, स्वाभिमान और गौरवशाली संस्कृति की रीढ़ है। इन्हीं आदर्शों के सहारे नेपाल सदा से स्वतंत्र और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में खड़ा रहा है। हमें किसी भी प्रकार की पराधीनता या भू-राजनीतिक जाल में उलझे बिना, अपनी राह स्वयं तय करते हुए 'अखण्ड नेपाल' के नवनिर्माण की ओर अग्रसर होना है। अपने संदेश में पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने युवाओं पर भी फोकस किया है। कहा कि युवा पीढ़ी हमारे भविष्य की आधारशिला है। उनमें निहित देशभक्ति, ऊर्जा और नवीन चिंतन ही वह शक्ति है जो राष्ट्र को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाएगी।

कार्की सरकार फिलहाल अभी ओली सहित उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई और जांच पड़ताल में जुटी है, जैसा कि जेन जी समूह की मंशा है। ऐसा लगता है कि कार्की सरकार का छह महीने का कार्यकाल पूर्व की सरकार को भ्रष्ट और बेइमान साबित करने में ही बीत जाएगा। ओली और उनकी सरकार के लगभग सभी मंत्री भ्रष्ट और बेइमान थे, इसमें संदेह की गुंजाइश नहीं है। ऐसे में आगामी छह महीने बाद नेपाल में तय समय-सीमा में चुनाव हो पाएगा, इसे लेकर भी असमंजस है, क्योंकि चुनाव में हिस्सा लेने के लिए राजनीतिक दलों के लिए यह समय बहुत अधिक नहीं है। जिस तरह भंग प्रतिनिधि सभा के सदस्यों और राजनीतिक दलों ने खामोशी अख्तियार कर ली है, उससे तय समय-सीमा में चुनाव हो पाने के संदेह को और गहरा करता है। आंदोलन, आगजनी और हिंसा के बाद नेपाल की राजनीति डरी हुई जान पड़ रही है।

डर के इस माहौल में नेपाल में दो तरह की राजनीति जन्म लेती दिखाई पड़ रही है, जो जनता को आकर्षित कर सकती है। प्रथम तो राजशाही और दूसरा ग्रेटर नेपाल! नेपाल चार सौ साल तक राजशाही के शिकंजे में रहा है। इस दौरान दो मर्तबा लोकतंत्र के लिए आवाज उठी। 1960 में प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय वीपी कोइराला के नेतृत्व में राजा के खिलाफ आवाज उठाई गई थी, जिसे तत्कालीन नरेश ने छल-कपट के जरिए दबा दिया था, दूसरा 1996 में। 1996 का यह आंदोलन जनयुद्ध में तब्दील हो गया था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

अमृत विचार
शब्द रंग




लगभग 200 वर्षों से गुलाब की पंखुड़ियों की उसी खुशबू के बीच खंडहर बनी वह इमारत मौजद है, जो बता रही है कि इमारत कभी बुलंद थी। उस राजधानी में जहां सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी नहीं, वहां चुनिंदा हकीम आज भी तमाम मरीजों की सांसें थाम उन्हें जिंदगी दे रहे हैं। हां! वही हकीम जो इस्लामी स्वर्ण युग के दौरान विद्वानों की श्रेणी में आते थे। ऐसे विद्वान जो धर्म, चिकित्सा, विज्ञान और इस्लामी दर्शन के जानकार थे। उसी यूनानी चिकित्सा पद्धति को विरासत में पाने वाले कुछ हकीम अब भी हैं, जिसकी नींव 460 ईसा पूर्व ग्रीस में यूनानी दार्शनिक हिप्पोक्रेट्स ने रखी थी। इन हकीमों से मिलना है तो लखनऊ में चौक के शोर-शराबे और संकरी गलियों से होते हुए दारुलशफा तक पहुंचना होगा। यहां दशकों पुराना एक जर्जर भवन पर लगा बोर्ड दिखेगा, जिस पर लिखा है किंग्स यूनानी हॉस्पिटल, गोल दरवाजा चौक। यही है शाही यूनानी शिफाखाना। -रिपोर्ट: शुभंकर



# खंडहर बता रहे हैं इमारत कभी बुलंद थी



## इमारत पर बदलते दौर के निशान हावी

आज इमारत पर बदले दौर के निशान हावी हैं। यहां की टूटी दीवारें और जंग खा चुका साइनबोर्ड संस्थान की ऐतिहासिक महत्ता की कहानी बयां करता है। अंदर चुनिंदा हकीम आज भी मात्र तीस रुपये के पर्चे पर परामर्श के साथ औषधियां भी देते हैं। मौके पर पहुंचिए तो हकीम सय्यद जैनुअल हसन और हकीम सय्यद अहमद मेंहदी यहां बैठे मिलेंगे। एक हकीम-ए-अव्वल हैं तो दूसरे हकीम-ए-दोयम यानी सीनियर और जूनियर हकीम साहब। इनके एक सहायक इस्लाम भी यहां दवाओं के वितरण का काम करते हैं। हालांकि यहां आने वाले मरीज कम हैं, फिर भी कई मरीज पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए आते हैं। मर्ज के लिहाज से इन हकीमों द्वारा बताई गईं सभी दवाइयां एक विशेषज्ञ टीम द्वारा तैयार की जाती हैं, जो दशकों से इस यूनिट से जुड़े हुए हैं। सभी औषधियां गुलाब, ताजी जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों से तैयार होतीं है, बाजार में मिलने वाली कोई भी रेडीमेड दवा नहीं प्रयोग नहीं होती।

गरीबों के इलाज के लिए इस चिकित्सा इकाई की स्थापना 1832 में राजा नसरुद्दीन हैदर बहादुर ने की थी। यानी सात वर्षों के बाद इस यूनानी पद्धति के अस्पताल को स्थापित हुए पूरे 200 साल हो जाएंगे। इसी जर्जर इमारत तले आज भी न केवल मरीजों को हकीम उचित चिकित्सीय परामर्श देते हैं, बल्कि यहीं निर्मित दवाएं भी। इन्हीं यूनानी औषधियों में गुलाब की पंखुड़ियों का प्रयोग होता है, जो यहां बिखरी पड़ी दिखेंगी, जिनकी रूहानी खुशबू तनमन को तरोताजा कर देती है। दरअसल यूनानी चिकित्सा पद्धति खासकर इस्लामी देशों में फली-फूली, फिर भी अवध के नवाबों के शासनकाल में यह लखनऊ पहुंची और शहर की पहचान का अभिन्न अंग बन गई। जब अन्य लोग इससे विमुख हो गए, तब भी नवाबों ने इस प्राचीन परंपरा को संरक्षण देना जारी रखा। अभिलेखों से पता चलता है कि अंतिम नवाब, वाजिद अली शाह, शाही चिकित्सकों की एक टीम रखते थे, जो यूनानी चिकित्सा पद्धति का अभ्यास करते थे। यह वह समय था जब यूरोपीय चिकित्सा पद्धति दुनियाभर में अपनी जगह बना रही थी। यह विरासत 20 वीं सदी तक जारी रही और यूनानी चिकित्सा पद्धति जन स्वास्थ्य के लिए केंद्रीय बनी रही। लखनऊ में शाही शिफाखाना यहां के चौक इलाके के बीचों-बीच स्थापित अवध की शाही विरासत का एक प्रतीक है। एकबारगी यह कोई आम सरकारी क्लीनिक या किसी पुराने हकीम का दवाखाना लग सकता है, लेकिन जो लोग इसके इतिहास को जानते हैं, उनके लिए यह नवाबों के प्रगतिशील नजरिए का प्रतीक है। राजा नसीरुद्दीन हैदर द्वारा 1833 में स्थापित, शिफाखाना उस वक्त का आधिकारिक शाही अस्पताल था। राजा ने इसे यूनानी चिकित्सा के केंद्र के रूप में स्थापित किया था, जो यूनानी-अरबी चिकित्सा पद्धति थी, जिसने भारतीय उपमहाद्वीप में गहरी जड़ें जमा रखीं थीं। तीन प्रशिक्षित हकीमों की एक टीम जनता की सेवा करती थी। इलाज न केवल मुफ्त था, बल्कि सम्मान के साथ भी किया जाता था। सभी वर्गों के मरीजों को समान स्तर की देखभाल प्रदान की जाती थी। इस सुविधा में गहन या दीर्घकालिक उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए भर्ती वार्ड भी शामिल थे।

अस्पताल के आसपास के बगीचे में औषधीय जड़ी-बूटियां उगाई जाती थीं और इसके अपने दवाखाना (फार्मेसी) में दुर्लभ औषधियां तैयार की जाती थीं। बाद के दिनों में लखनऊ उत्तर भारत के कलात्मक और बौद्धिक जीवन का केंद्र बनकर उभरा। अवध के नवाबों ने इस बदलाव को अपनाया और कवियों, कलाकारों, संगीतकारों और हकीमों को आमंत्रित किया। शिफाखाना शीघ्र ही चिकित्सा शिक्षा का केंद्र बन गया। यूनानी चिकित्सा के इच्छुक चिकित्सक यहां वरिष्ठ हकीमों के अधीन प्रशिक्षण लेते थे और निदान, औषध विज्ञान और समग्र चिकित्सा में अनुभव प्राप्त करते थे। निदान में नाड़ी-परीक्षण, नेत्र परीक्षण और सावधानीपूर्वक पूछताछ शामिल थी। उपचार में जोशांदा (जड़ी-बूटियों का काढ़ा), कुर्स (गोलियां) और अर्क (आसुत) शामिल थे, जो अक्सर रोगी की शारीरिक संरचना या मिजाज के अनुसार विशेष रूप से तैयार किए जाते थे। समय के साथ अस्पताल का स्टाफ कम होता गया और इसके समृद्ध अभिलेखागार और फार्मेसी की उपेक्षा की गई। फिर भी यह कभी बंद नहीं हुआ। वर्षों के राजनीतिक उथल-पुथल, सत्ता परिवर्तन और स्वास्थ्य सेवा के बदलते रुझानों के बावजूद, शाही शिफाखाना चुपचाप लोगों की सेवा करता रहा।

---

संस्मरण

# प्राचार्य जी के शब्द



गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
साहित्यकार

बात उन दिनों की है जब मैं कक्षा-10 का विद्यार्थी था। डॉ. बीएन शर्मा जो कि सेना से सेवानिवृत्त थे और हमारे प्राचार्य थे। उनकी छवि एक अनुशासनप्रिय और कड़क प्राचार्य की थी। जब वह अपने हाथ में रूल लेकर पूरे कॉलेज के राउंड पर होते, तो कैंपस में पिन ड्रॉप साइलेंस छा जाता। बच्चे तो बच्चे, आसपास के पेड़ों पर बैठी चिड़ियां भी चहचहाना बंदकर खामोश हो जातीं। मेधावी छात्रों से प्राचार्य जी को सहज लगाव था, जो भी बच्चा उन्हें मन लगाकर पढ़ने वाला और कुशाग्र बुद्धि दिख जाता, वह उनका लाडला हो जाता। फिर वह हर तरह से उसके बौद्धिक और मानसिक विकास का न केवल प्रयास करते, वरन उसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित भी करते। उनका ऐसा ही एक लाड़ला विद्यार्थी मैं भी था।

लेखन में मुझ पर शुरुआत से ही मां सरस्वती की बड़ी कृपा रही थी, किंतु मेरा स्वभाव उस समय तक बड़ा अंतर्मुखी था। सार्वजनिक मंच से बोलने में मेरी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती थी। कितनी भी अच्छी तैयारी क्यों न की हो, लोगों की अपनी ओर केन्द्रित निगाहें मुझे असहज कर देती थीं। मुझे लगता है शुरुआत में ऐसा सभी के साथ होता है। उस समय खाड़ी युद्ध चल रहा था। प्राचार्य जी ने इसी विषय पर एक जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्णय लिया। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें इस प्रतियोगिता में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करना है। मैंने कहा-"सर! मैं भाषण और वाद-विवाद आदि में उतना अच्छा नहीं हूं।" उन्होंने एक न सुनी और तैयारी करने को कहा। मैंने भी हिम्मत करके विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का अनुशीलन कर मैटर कलेक्ट किया, उसे अपने शब्दों में बिंदुवार लिखा और प्राचार्य जी को दिखाया। पढ़कर वह बेहद खुश हुए और आशा जताई कि प्रथम पुरस्कार विजेता मैं ही होऊंगा। मैंने भी प्रतियोगिता से पहले रोज उस मैटर को कई बार दिमाग में बैठाते हुए दोहराया। प्रतियोगिता का दिन आया। जनपद के लगभग सभी विद्यालयों के प्रतिभागी आए हुए थे। बढ़िया स्टेज सजाया गया था। सभी में अत्यंत उत्साह था। मैं थोड़ा नर्वस था, किंतु उत्साहित था। सभी प्रतिभागी पूरे जोशोखरोश के साथ अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। सात-आठ प्रतिभागियों के बाद मेरा नाम पुकारा गया। मैं मां सरस्वती का स्मरण करते हुए स्टेज पर पहुंचा। मैंने मां सरस्वती को प्रणाम करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि आदि को अभिवादन करते हुए बोलना शुरू किया। जैसे ही मेरी नजर सामने बैठे हुए श्रोताओं पर गई, मैं असहज महसूस करने लगा और मेरे मुंह से आवाज निकलनी बंद हो गई। ऐसा लग रहा था जैसे मुझे कुछ भी याद न रहा हो। प्राचार्य जी मेरा उत्साह बढ़ाते हुए बोले-"बहुत अच्छी शुरुआत है बेटा! आगे जारी रखो।" पर मेरी कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था। मैं रुआंसा सा हो गया। रुंधे गले से सॉरी कहकर मैं स्टेज से नीचे उतर आया। प्राचार्य जी ने स्टेज पर माइक से कहा-"हमारे विद्यालय का सबसे मेधावी छात्र है, बहुत अच्छा लिखता है। भाषण की कला का वरदान मां सरस्वती सभी को नहीं देतीं।" उनके ये शब्द मेरे बालमन में तीर की तरह जा लगे थे। घर आकर मैं बहुत रोया। अपनी पराजय का एहसास मुझे बार-बार हो रहा था और प्राचार्य जी के शब्द मेरे कानों में बार-बार गूंज रहे थे। मैं समझ रहा था कि उन्हें भी मेरे स्टेज पर न बोल पाने से बेहद तकलीफ हुई होगी। उसी वेदना में ये शब्द उनके श्रीमुख से निकले थे। अगले दिन विद्यालय में मैं उनके कक्ष में जाकर उनसे मिला और क्षमा मांगी। उन्होंने कहा-"गौरव! दुःख इस बात का है कि तुमने इतनी अच्छी तैयारी की थी, किंतु आत्मविश्वास के अभाव में तुम घबरा गए। अरे! जब कभी भी भीड़ के सामने बोलो, कभी यह मत सोचो कि सामने सब विद्वान बैठे हैं। हमेशा यह सोचो कि सामने वाले को कुछ नहीं पता और तुम इस विषय को सबसे अच्छी तरह जानते हो। कभी घबराहट नहीं होगी।" उनके वे शब्द उसी समय मैंने गांठ बांध लिए। मैंने उसी समय संकल्प लिया कि भाषण कला में अभ्यास करते हुए पारंगत होना है। उसके बाद मैंने कभी भी सार्वजनिक मंच से बोलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। धीरे-धीरे स्टेज फियर बिल्कुल गायब हो गया। प्राचार्य जी के शब्द मेरे लिए वरदान सिद्ध हुए और उनका सुझाव मेरे जीवन का मागदर्शक सिद्धांत।



---

# अमिताभ बच्चन के पहले गुरु फ्रैंक ठाकुर दास

दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ी मल कॉलेज (केएमसी) के विशाल परिसर में कदम रखते ही फ्रैंक ठाकुर दास सभागार नजर आता है, जो उस महान शिक्षक को श्रद्धांजलि है, जिनका रंगमंच और शिक्षा के प्रति जुनून बेजोड़ था। यदि उनकी प्रेरणा न होती, तो शायद एक लंबा-दुबला बीएससी का छात्र कभी मंच पर न आता और दुनिया का अमिताभ बच्चन जैसे आइकन से परिचय नहीं होता।





विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

- अमिताभ बच्चन 1959 से 1962 तक केएमसी में छात्र थे, जब उनके पिता, प्रख्यात हिंदी विद्वान डॉ. हरिवंश राय बच्चन, विदेश मंत्रालय में हिंदी अधिकारी थे। तीन वर्षों तक केएमसी हॉस्टल का कमरा नंबर 66 उनका घर रहा। यहीं उनकी मुलाकात प्रो. फ्रैंक ठाकुर दास से हुई, जो पंजाब के गुरदासपुर के रहने वाले थे, जिन्होंने उनकी जिंदगी को नया मोड़ दिया। फ्रैंक ठाकुर दास बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। पेशे से राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर, वह केएमसी की ड्रामा और डिबेटिंग सोसाइटी के प्राण थे। इसके अलावा वह कुश्ती, फुटबॉल और अन्य खेलों के शौकीन थे। उनका दर्शन सरल, लेकिन गहरा था: छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना। लंबे कद और आकर्षक व्यक्तित्व वाले प्रो. फ्रैंक अपने छात्रों, पूर्व व वर्तमान के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। उनका जीवन छात्रों की प्रगति और सफलता के इर्द-गिर्द घूमता था।
- अमिताभ बच्चन ने 2017 के एक साक्षात्कार में प्रो. फ्रैंक ठाकुर दास से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कहा था- "एक दिन प्रो. फ्रैंक ने मुझसे कहा कि मुझे तुरंत कॉलेज की ड्रामा सोसाइटी में शामिल होना चाहिए"। उस पहली मुलाकात से ही वह मेरे गुरु बन गए। उनके मार्गदर्शन में मैंने रंगमंच की बारीकियां सीखीं। जैसे मंच पर आवाज का उतार-चढ़ाव और अभिनय में भावनाओं का क्या महत्व होता है।"
- प्रो. फ्रैंक स्वयं एक उत्कृष्ट अभिनेता और निर्देशक थे, जिन्होंने अमिताभ को पूरे समर्पण से मार्गदर्शन दिया। फ्रैंक के मार्गदर्शन में अमिताभ ने रंगमंच में उत्साह के साथ हिस्सा लिया और हिंदी व अंग्रेजी नाटकों में अभिनय किया। केएमसी ड्रामा सोसाइटी एक शक्तिशाली मंच बन गई, जो न केवल दिल्ली विश्वविद्यालय में, बल्कि पूरे शहर में नाटकों का मंचन करती थी। अमिताभ इस जीवंत रंगमंच समुदाय का अभिन्न हिस्सा थे। प्रो. फ्रैंक ने तो उन्हें मिरांडा हाउस, एक महिला कॉलेज में एकल नाटक के लिए भी सिफारिश की थी, जिसे अमिताभ मुस्कुराते हुए याद करते हैं।
- फ्रैंक ठाकुर दास का प्रभाव केवल अमिताभ तक सीमित नहीं था। उन्होंने सतीश कौशिक, कुलभूषण खरबंदा और कबीर खान जैसे केएमसी के पूर्व छात्रों की पीढ़ी को प्रेरित किया, जिन्होंने अभिनय और फिल्म निर्माण में अपनी पहचान बनाई। उनकी अपने छात्रों के प्रति प्रतिबद्धता असीम थी। वह जरूरत पड़ने पर उनकी आर्थिक मदद करते और कक्षाओं के बाद घंटों नाटकों का अभ्यास करवाते। एक कार्यनिष्ठ और बेहतरीन पंजाबी गायक, फ्रैंक ने केएमसी की डिबेटिंग और संगीत सोसाइटी को भी संवारा, जिससे कॉलेज की सांस्कृतिक विरासत पर अमिट छाप छोड़ी।
- दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक ने एक बार इस लेखक से कहा था, "1970 के दशक में जब मैं केएमसी में आया, फ्रैंक सर एक विशाल व्यक्तित्व थे। यह जानकर मैं चकित था कि उन्होंने अमिताभ बच्चन को पढ़ाया था। वह अपनी उपलब्धियों पर कभी घमंड नहीं करते थे। यही उनकी खासियत थी। उन्होंने मुझे रंगमंच की बारीकियां उसी समर्पण से सिखाईं, जो वह सभी को देते थे।"
- केएमसी समुदाय को फ्रैंक ठाकुर दास के योगदान पर गर्व है। 2019 में अमिताभ बच्चन, सतीश कौशिक और कबीर खान ने फ्रैंक ठाकुर दास सभागार के जीर्णोद्धार के लिए धन संग्रह कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जो खराब हालत में था। अमिताभ ने 51 लाख रुपये का दान दिया, ताकि सभागार का भव्य पुनर्निर्माण हो सके। फ्रैंक के अन्य छात्रों ने भी योगदान दिया, जो उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,500.82 | 25,285.35 |
| बढ़त | +328.72 | +103.55 |
| प्रतिशत में | 0.40 | 0.41 |

सोना 1,26,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,71,500 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### म्यूचुअल फंड में निवेश घटकर 30,421 करोड़

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रहा। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार निवेश में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। इसके बावजूद यह लगातार 55वां महीना है जब इक्विटी खंड में शुद्ध रूप से निवेश बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी वाले म्यूचुअल फंड में सितंबर में 30,421 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अगस्त के 33,430 करोड़ रुपये और जुलाई के 42,702 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, सबसे अधिक योगदान फ्लेक्सी कैप फंड्स का 7,029 करोड़ रुपये रहा।

### सेंसेक्स 329 अंक उछला, निफ्टी में तेजी

**मुंबई।** दवा कंपनियों और बैंकों के शेयरों में लिवाली और विदेशी कोषों के समर्थन से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स लगभग 329 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 104 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 328.72 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 482.01 अंक बढ़कर 82,654.11 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि आठ शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 103.55 अंक यानी 0.41 प्रतिशत बढ़कर 25,285.35 अंक पर बंद हुआ।

### एयर इंडिया ने गुरुग्राम में शुरू की ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और यूरोपीय विमान विनिर्माता एयरबस ने गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया उड्डयन प्रशिक्षण अकादमी में एक अत्याधुनिक पायलट प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया है। यह केंद्र दोनों कंपनियों की बराबर-बराबर की हिस्सेदारी वाला साझा उद्यम है। इस केंद्र में एक दशक में 5,000 से ज़्यादा पायलटों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। इससे भारत के तेज़ी से बढ़ते विमानन क्षेत्र को कुशल पायलटों की उपलब्धता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

# भारत का अपना स्वदेशी एआई मॉडल फरवरी तक होगा तैयार

## इलेक्ट्रॉनिक्स सचिव बोले-इंडिया एआई समिट तक पेश किए जाने की है योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा अपना कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल अगले साल फरवरी में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले तैयार हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को यहां आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है और 10,000 जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की है।

उन्होंने कहा कि भारत अपने आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा है। वर्ष के अंत तक हमें अपना पहला पूरी तरह भारतीय आधारभूत मॉडल मिलने की उम्मीद है। इंडिया एआई समिट होने तक भारत का स्वायत्त मॉडल पेश कर देने की योजना है। स्वायत्त एआई मॉडल भारत में विकसित ऐसा स्वदेशी एआई तंत्र होगा जो पूरी तरह भारतीय डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा।

सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी को करने की घोषणा की है। कृष्णन ने कहा कि सरकार एआई के संभावित प्रभावों को लेकर सतर्क है और ऐसे मंच विकसित करना चाहती है जो समावेशी हों। उन्होंने बताया कि सरकार क्षेत्र-विशिष्ट छोटे एआई मॉडल विकसित करने पर भी जोर दे रही है, ताकि प्रौद्योगिकी का लाभ उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।

**सरकार लगातार बढ़ा रही कंप्यूटिंग क्षमता** : उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही है और भारतीय कंपनियों के लिए अधिक जीपीयू उपलब्ध कराएगी। स्वदेशी जीपीयू के विकास में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कृष्णन ने कहा कि यह 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के तहत सरकार के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक होगा, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल रही है।

**देश में ही स्थित सर्वरों से होगा संचालित:** इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि भारत का स्वायत्त एआई मॉडल पूरी तरह भारतीय डेटा सेट पर प्रशिक्षित होगा और भारत में स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार 12 घरेलू कंपनियों को समर्थन दे रही है और इनमें से दो के आधारभूत मॉडल इस वर्ष के अंत तक तैयार हो जाएंगे।

### टीसीएस ने लंदन में एआई हब, डिजाइन स्टूडियो पेश किया

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को लंदन में एक कृत्रिम मेघा (एआई) अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो पेश करने की घोषणा की। कंपनी ने साथ ही कहा कि ब्रिटेन में उसके निवेश से अगले तीन वर्षों में 5,000 रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। टीसीएस इस समय ब्रिटेन में 42,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 3.3 अरब पाउंड का योगदान दिया। टीसीएस ने आज लंदन में एक एआई अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो के शुभारंभ की घोषणा की, जो ब्रिटेन में उसके लगातार रणनीतिक निवेश की पुष्टि करता है। सितंबर में पेश किए गए न्यूयॉर्क डिजाइन स्टूडियो के बाद, लंदन स्टूडियो टीसीएस का दूसरा डिजाइन केंद्र है। ब्रिटेन और आयरलैंड के लिए टीसीएस के प्रमुख विनय सिंघवी ने कहा कि ब्रिटेन वैश्विक स्तर पर टीसीएस का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और कंपनी पूरे देश में अपनी उपस्थिति बढ़ाना जारी रखेगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार घट कर 699.96 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.33 अरब डॉलर घटकर 700.24 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, तीन अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.05 अरब डॉलर घटकर 577.71 अरब डॉलर रही।

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। केन्द्रीय बैंक के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.75 अरब डॉलर बढ़कर 98.77 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.81 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 40 लाख डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रहा।

## बैंकों में एमडी और ईडी बन सकते हैं निजी क्षेत्र के लोग

- सरकार ने शीर्ष प्रबंधन पदों को निजी क्षेत्र के लिए खोला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में शीर्ष प्रबंधन पदों को निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए खोल दिया है। एसबीआई में प्रबंध निदेशक (एमडी) के चार पदों में एक पद निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों में कार्यरत व्यक्तियों के लिए खुला है। अब तक सभी एमडी और चेयरमैन पदों पर आंतरिक उम्मीदवारों की नियुक्ति हुई है। संशोधित नियुक्ति दिशानिर्देशों के अनुसार अब निजी क्षेत्र के लिए एक एमडी पद उपलब्ध होगा। इसी प्रकार, संशोधित दिशानिर्देशों के तहत निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में कार्यकारी निदेशक (ईडी) पद के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई है। एसबीआई के अलावा, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया सहित 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इसके अनुसार निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 21 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें कम से कम 15 वर्ष का बैंकिंग अनुभव और बैंक बोर्ड स्तर पर कम से कम दो वर्ष का अनुभव शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के पद के लिए पात्र उम्मीदवार ऐसी रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

इन दिशानिर्देशों के लागू होने की तिथि से एसबीआई के एमडी का पहला पद रिक्त माना जाएगा। पहली रिक्ति भरने के बाद आगामी रिक्तियों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में काम कर रहे पात्र उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा। राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) के संबंध में प्रत्येक बैंक में एक पद सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए खुला होगा, जिसमें निजी क्षेत्र के उम्मीदवार भी शामिल हैं। बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) के चार पद हैं, जबकि छोटे बैंकों में दो पद हैं।

## कंपनियों के निजीकरण के फैसले को करें रद्द

- एआईपीईएफ ने उत्तर प्रदेश सरकार से किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने शुक्रवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दो वितरण कंपनियों के निजीकरण के फैसले को रद्द करने का आग्रह किया। संगठन ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मसौदा विधेयक के प्रावधानों के आलोक में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के फैसले को तुरंत रद्द करें, जो पूर्ण निजीकरण की नीति का खंडन करता है।

इसमें कहा गया है कि एआईपीईएफ ने पूरे बिजली वितरण क्षेत्र के निजीकरण के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी किए गए बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के मसौदे का कड़ा विरोध किया है।

## वेदांता समूह के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी वायसराय रिसर्च के वेदांता समूह की कंपनियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के आग्रह वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने पूछा कि भारत के बाहर की कंपनियां इस बात को लेकर इतनी चिंतित क्यों हैं कि हम अपना कामकाज कैसे चलाते हैं?' न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की पीठ ने शक्ति भाटिया नामक एक वकील की जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

## भरोसे के शासन को आधुनिक कर ढांचा जरूरी

- कारोबारी सुगमता और जीवनयापन होगा आसान : नीति आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने शुक्रवार को कहा कि स्वैच्छिक अनुपालन, पारदर्शिता और निष्पक्षता सहित विश्वास आधारित शासन के लिए एक आधुनिक कर ढांचा स्थापित करने की जरूरत है। आयोग ने भारत के कर रूपांतरण की ओरः अपराध-मुक्त करने और विश्वास-आधारित शासन शीर्षक वाले एक कार्य पत्र में यह बात कही। इसमें आगे कहा गया कि भारतीय कर ढांचे को 2047 तक विकसित भारत बनाने और विकास, समावेशन तथा विश्वास के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया कि कारोबारी सुगमता और जीवनयापन में आसानी को बढ़ाने के लिए एक आधुनिक, पूर्वानुमानित और नागरिक केंद्रित कर प्रणाली जरूरी है। आयोग के अनुसार सरकार को पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान और जन विश्वास अधिनियम (2023) जैसे मंचों पर ध्यान देना चाहिए, जिसका मकसद अनुपालन बोझ को कम करना है। आयोग ने यह भी बताया कि अपराधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए और समय-समय पर उनकी समीक्षा की जानी चाहिए।

पत्र में यह भी कहा गया कि सजा की गंभीरता अपराध की गंभीरता के अनुसार होनी चाहिए, ताकि छोटे-मोटे उल्लंघनों के लिए अत्यधिक दंड से बचा जा सके।

### सजा को तर्कसंगत बनाने की सिफारिश

नई दिल्ली। कर कानूनों में सुधार और कारोबार में सरलता के उपायों के तहत 2025 का आयकर अधिनियम कई तरह के पुराने आपराधिक सजा वाले प्रावधानों को खत्म करा चुका है और अभी इसमें 13 प्रावधानों में 35 प्रकार के कार्यों और गलतियों को आपराधिक कार्य की श्रेणी में रखा गया है। नीति आयोग की कर नीति द्वारा नीति पर कार्य-पत्र श्रृंखला के तहत गुरुवार को जारी दूसरे दस्तावेज में उपरोक्त तथ्य को रेखांकित किया गया है। इस दस्तावेज का विषय है डिक्रिमिनलाइजेशन एंड ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस। दस्तावेज में दंडों को तर्कसंगत बनाने, छोटे और प्रक्रियात्मक गैर-अनुपालन को गैर-आपराधिक बनाने और न्यायिक विवेक को मजबूत करने के लिए एक सिद्धांत-आधारित ढांचे का प्रस्ताव किया गया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर. सुब्रमण्यम ने कहा कि ऐसे सुधारों से मुकदमेबाजी कम होगी, निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।



# मानसिक स्वास्थ्य समग्र कल्याण का मूल

## प्रधानमंत्री मोदी ने मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को मुख्यधारा में लाने पर दिया बल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अपने संदेश में एक ऐसा माहौल बनाने का आह्वान किया जहां मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत अधिक से अधिक मुख्यधारा में आए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस इस बात की पुरजोर याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक मूलभूत हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि तेज गति से भागती दुनिया में, यह दिन दूसरों के प्रति करुणा दिखाने और उसे बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करता है। मोदी ने लिखा कि आइए हम सामूहिक रूप से ऐसा माहौल बनाने के लिए काम करें जहां मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत ज्यादा से ज्यादा मुख्यधारा में आए। इस क्षेत्र में काम करने वाले और दूसरों को स्वस्थ होने और खुशी पाने में मदद करने वाले सभी लोगों को मेरी बधाई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समग्र उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को गति देना है।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक करते केरल के सीएम पिनराई विजयन।

### कोझिकोड में एम्स के लिए मंजूरी का आग्रह

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कोझिकोड जिले के किनालूर में एम्स की स्थापना के लिए शीघ्र मंजूरी देने का आग्रह किया है। राज्य सरकार ने इस चिकित्सा संस्थान के लिए यह स्थान पहले ही चिन्हित कर लिया है। दिल्ली में पत्रकारों से विजयन ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से कोझिकोड में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए अंतिम मंजूरी शीघ्र देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने मोदी और नड्डा से यह अनुरोध ऐसे समय में किया है जब केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने हाल ही में अलप्पुझा में एम्स स्थापित करने का आह्वान किया था।

### कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां कृषि क्षेत्र के लिए 35,440 रुपये के व्यय वाली 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' समेत दो बड़ी योजनाएं शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वह यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के एक 'विशेष' कार्यक्रम में भाग लेंगे और किसानों के साथ बातचीत भी करेंगे। इसमें कहा गया है कि यह कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को बताता है। पीएम धन धान्य कृषि योजना का परिव्यय 24,000 करोड़ रुपये है। मोदी 11,440 करोड़ रुपये के दलहन में 'आत्मनिर्भरता मिशन' भी शुरु करेंगे। वह कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जबकि लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## कुमार सोलंकी पर रिश्वतखोरी का आरोप, चार्जशीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को मेरठ स्थित केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के अतिरिक्त निदेशक डॉ. अजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक लवेश सोलंकी, और एक निजी व्यक्ति रईस अहमद के खिलाफ रिश्वतखोरी के एक मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। यह मामला 12 अगस्त को मेरठ के एक निजी अस्पताल समूह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि सीजीएचएस के दो सरकारी अधिकारी अस्पतालों को सूची से डी-एम्पैनल (हटाने) की धमकी देकर 50 लाख की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया। जांच एजेंसी के अनुसार, बातचीत के बाद आरोपियों ने पहली किश्त के रूप में पांच लाख लेने पर सहमति जताई।

## जुबिन की मौत मामले में उनके दो निजी गार्ड गिरफ्तार

- अब तक सात लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

गुवाहाटी, एजेंसी

गायक जुबिन गर्ग की पिछले महीने सिंगापुर में रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत के सिलसिले में शुक्रवार को उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ जुबिन की मौत से जुड़े मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या सात हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार की ओर से जुबिन की सुरक्षा में तैनात नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य को असम पुलिस ने कई दौर की पूछताछ के बाद मंगलवार को निलंबित कर दिया। अधिकारी के मुताबिक, नंदेश्वर और परेश के बैंक खातों के माध्यम से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक राशि का लेनदेन किया गया, जिससे संदेह पैदा हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों को गुवाहाटी की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन के लिए सीआईडी की हिरासत में भेज दिया।

जुबिन की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने गुरुवार को कहा था कि उनके पति ने अपने दो पीएसओ को सामाजिक कार्य के लिए कुछ पैसे दिए थे। गिरफ्तार पीएसओ नंदेश्वर और परेश लंबे समय से जुबिन के साथ थे। जुबिन को लगभग एक दशक पहले प्रतिबंधित उग्रवादी समूह उल्फा से हत्या की धमकी मिली थी, जिसके बाद असम पुलिस ने उन्हें गायक की सुरक्षा में तैनात किया था। इससे पहले, 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबिन के चचेरे भाई संदीपन गर्ग, उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, संगीतकार शेखरज्योति गोस्वामी और गायक अमृतप्रभा महंत को मामले में गिरफ्तार किया गया था। असम पुलिस सेवा के अधिकारी संदीपन को मामले में गिरफ्तारी के बाद निलंबित कर दिया गया था।

## आतंकी संगठनों से जुड़े मददगारों के घरों पर छापे

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत चल रहे मामलों की जांच के सिलसिले में शहर के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े आतंकवादियों के 21 मददगारों के घरों पर मारे गए। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में मजिस्ट्रेटों और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में पूरी कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार की गई। यह कार्रवाई आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना और दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य साक्ष्य जब्त करना था।

## बुर्के वाली महिलाओं का सत्यापन करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

- बिहार चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी।

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर या पर्दे में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान ''गरिमापूर्ण'' तरीके से सत्यापित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 'पर्दा-नशीं' महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए महिला मतदान अधिकारियों या परिचारिकाओं की उपस्थिति में ''गरिमापूर्ण तरीके से उनकी पहचान'' सत्यापित करने के उसके निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्रों पर ''विशेष व्यवस्था'' की जाएगी तथा उनकी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि बुर्का पहनकर आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने में मदद के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिहार के सभी मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगी। कुमार ने घूंघट और बुर्का पहनी महिलाओं के बारे में संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि मतदान केंद्रों के अंदर पहचान सत्यापित करने के बारे में आयोग के स्पष्ट दिशानिर्देश हैं और उनका सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''बुर्काधारी महिलाओं की पहचान सत्यापित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तैनात रहेंगी।

### 12 वैकल्पिक पहचान पत्रों से दे सकेंगे वोट

**पटना।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नहीं है, वो इस विधानसभा चुनाव में 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेंगे। आयोग ने यह व्यवस्था उन मतदाताओं की सुविधा के लिए की है जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज तो है, लेकिन किसी कारणवश वे अपना ईपीआईसी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं।

## आईपीएस आत्महत्या मामले की जांच को एसआईटी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई पूरण कुमार की 'आत्महत्या' के मामले की समयबद्ध तरीके से 'त्वरित, निष्पक्ष और गहन जांच' के लिए शुक्रवार को छह सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया।

एसआईटी का नेतृत्व चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पुष्पेंद्र कुमार करेंगे। एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक इस एसआईटी में चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर, पुलिस अधीक्षक (नगर) के एम प्रियंका, डीएसपी चरणजीत सिंह विर्क और अन्य अधिकारी गुरजीत कौर व जयवीर राणा सदस्य होंगे।

## आभूषण कंपनी के कार्यालयों पर छापा

- बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने की कार्वाई

कोलकाता, एजेंसी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने शुक्रवार को कोलकाता में विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। एक आभूषण कंपनी द्वारा कथित तौर पर फर्जी ऋण अधिग्रहण के माध्यम से 1,200 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में छापे मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने आभूषण कंपनी के मालिकों और कई कर्मचारियों के न्यू अलीपुर, गिरीश पार्क और शरत बोस रोड इलाके में स्थित आवासों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि ये छापे मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने के लिए मारे गए। उन्होंने बताया कि उत्तरी कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवास पर भी छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि यह माना जा रहा है कि इस व्यक्ति ने इस धोखाधड़ी योजना में अहम भूमिका निभाई। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि ये छापे वित्तीय कदाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कया गया है।

### सौ करोड़ के साइबर घोटाले में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की अपराध आय (पीओसी) से जुड़े एक साइबर घोटाले की जांच के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मकबूल अब्दुल रहमान डॉक्टर, काशिफ मकबूल डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई और ओम राजेंद्र पांड्या के रूप में हुई है। इन्हें अहमदाबाद की एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया।

### बंगाल के मंत्री समेत सात ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता।** ईडी ने शुक्रवार को यहां सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस से जुड़ी संपत्तियां भी शामिल हैं। यह कार्रवाई नगर पालिका में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई। ईडी की टीम ने साल्ट लेक स्थित मंत्री के आवास-सह-कार्यालय, नगर बाजार इलाके में एक पार्षद के आवास पर छापेमारी की।

# शेरी बनीं भारत की पहली मिसेज यूनिवर्स

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की शेरी सिंह ने मनीला में गुरुवार को मिसेज यूनिवर्स 2025 का खिताब जीता। यह पहली बार है जब किसी भारतीय ने यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीता है।

मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता के 48वें संस्करण का आयोजन फिलीपींस की राजधानी मनीला में किया गया था, जिसमें दुनिया भर के देशों की कुल मिलाकर 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। शेरी ने मिसेज इंडिया 2025 जीतने के बाद भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मनीला में अपनी शालीनता और वाकपटुता से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी महिला सशक्तीकरण एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की प्रभावशाली दलीलों से भी निर्णायक काफी प्रभावित नजर आए।



### ये सीमाओं से परे देखने वाली हर महिला की जीत

शेरी सिंह ने अपने ताजपोशी के बाद कहा, यह जीत सिर्फ मेरी जी नहीं है, बल्कि यह हर उस महिला की जीत है जिसने अपने जीवन में कभी सीमाओं से परे सपने देखने की हिम्मत की है। मैं दुनिया को दिखाना चाहती थी कि दयालुता ही सच्ची सुंदरता को परिभाषित करती है। इस प्रतियोगिता में सेंट पीटर्सबर्ग की प्रतिभागी प्रथम रनर-अप और फिलीपींस की प्रतिभागी द्वितीय रनर-अप रहीं।

## युद्ध शुरू होने से युद्धविराम तक

फिलिस्तीन और इजराइल के बीच दुश्मनी का वैसे तो पुराना इतिहास है लेकिन दोनों के बीच नया टकराव 7 अक्टूबर 2023 को तब शुरू हुआ गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने इजराइल पर बड़े पैमाने पर अचानक हमला किया। इस हमले में हमास ने सीमा पार से इजराइल में घुसपैठ कर कई इजराइली नागरिकों और सैनिकों की हत्या कर काफी संख्या में उन्हें बंधक भी बना लिया। इजराइल ने इसे ब्लैक सैटरडे कहा और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। दिसंबर 2023 में इजराइल गाज़ा में जमीनी और हवाई हमले शुरू किए। इसी के साथ गाजा में तबाही का अनवरत दौर शुरू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से संघर्ष विराम होने तक गाजा के निवासियों ने इस युद्ध की भारी कीमत चुकाई है। स्वतंत्र राष्ट्र बनने का सपना देख रहा यह क्षेत्र हजारों लोगों की मौत होने के साथ मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

## गाजा : मलबे का ढेर



### बुनियादी ढांचा तबाह

- वर्ल्ड बैंक और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लगभग 18.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है।

### स्वास्थ्य-शिक्षा बर्बाद

- करीब 94 प्रतिशत स्वास्थ्य सुविधाएं क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं। लगभग 100 प्रतिशत बच्चे स्कूल से बाहर हैं, क्योंकि गाजा में 91.8% स्कूलों की इमारत मलबे में बदल गए हैं।

### गाजा पर इजराइल के हमले और लोगों का हाल

- ओसीएचए के अनुसार 2025 के पहले नौ महीनों में गाजा में इजराइल ने 12,00 से ज्यादा हमलों का रिकॉर्ड बनाया है।
- लाखों लोग अपने घरों से विस्थापित होकर तुलकरम, नूर शम्स और जेनिन के टेंट में बनाए गए शिविरों में रह रहे हैं।
- स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों के मुताबिक इजराइल के हमलों में 70 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।
- हमलों में 17,000 से ज्यादा पेड़ों के नष्ट होने की रिपोर्ट है। प्रमुख रूप से होने वाली जैतून की खेती भी नष्ट हो गई।

### बच्चों और महिलाओं पर टूटा सबसे ज्यादा कहर

- संयुक्त राष्ट्र उपग्रह केंद्र के विश्लेषण के मुताबिक गाजा शहर में 83 प्रतिशत इमारतें मलबे के ढेर में बदल चुकी हैं।
- गाजा में लगभग 81,000 आवासीय इकाइयां इजराइली हवाई हमलों और जमीनी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हुई हैं।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार गाजा में लगभग 42,000 फिलिस्तीनी जीवन बदल देने वाली चोटों से ग्रस्त हुए हैं।
- इन घायलों में से करीब एक चौथाई बच्चे हैं और 5,000 से ज्यादा लोगों के अंग विच्छेदन के मामले दर्ज किए गए हैं।

### विस्थापन और मानवीय संकट

- करीब 22 लाख आबादी वाले गाजा के 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं और पूरी आबादी को भोजन और मानवीय सहायता के लिए तरस रही है। आधे से अधिक आबादी अकाल के कगार पर है।

### अर्थव्यवस्था का नुकसान

- फिलिस्तीनी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है, जीडीपी में 6.9 बिलियन डॉलर के नुकसान का अनुमान है। गरीबी दर 60% से अधिक बढ़ सकती है। साथ ही 2,00000 से अधिक नौकरियां चली गई हैं।

### हर तरफ भुखमरी का तांडव

- संयुक्त राष्ट्र के एक नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि दो साल से जारी युद्ध और भोजन की भारी कमी के कारण गाजा में पांच साल से कम उम्र के 55,000 से ज्यादा बच्चे जानलेवा हद तक कुपोषण का शिकार हैं। यह संख्या करीब 16 प्रतिशत है।
- इनमें से 12,800 से अधिक बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित बताया गया है। जिनकी मौत का खतरा काफी बढ़ गया है। द लैसेंट पत्रिका में इसी बुधवार को प्रकाशित यह अध्ययन गाजा पट्टी के करीब 2,20,000 बच्चों की जांच पर आधारित था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान को मिसाइल नहीं देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पाकिस्तान को हवा से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की नयी उन्नत मिसाइल (एएमआरएएएम) की आपूर्ति करने का दावा करने वाली खबरों का खंडन किया है। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम पर हाल ही में किए गए अनुबंध संशोधन में केवल रखरखाव और कलपुर्जे शामिल हैं, इसमें नई मिसाइलों की आपूर्ति नहीं है। अमेरिका के युद्ध विभाग की 30 सितंबर को जारी मानक अनुबंध घोषणाओं की एक सूची में पाकिस्तान सहित कई देशों के लिए मौजूदा विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध में संशोधन का उल्लेख था।

### ट्रंप का फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का दावा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने का दावा दोहराया है। ट्रंप पिछले कुछ महीने से कई युद्धों को रुकवाने का श्रेय लेते हुए नोबेल शांति पुरस्कार की दावेदारी भी कर रहे थे, हालांकि नॉर्वे नोबेल समिति की घोषणा में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति का नोबेल देने की घोषणा की गई। इस घोषणा से पहले शुक्रवार को जब एक संवाददाता ने ट्रंप से इस पुरस्कार को जीतने की संभावना के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता। यह जरूर कहा कि उन्होंने आठ संघर्ष विराम कराए हैं और युद्धों का हल निकाला है।

### जापान : कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ गठबंधन छोड़ा

**टोक्यो।** जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य सहयोगी खोजना पड़ेगा।

### पेरु में जोस जेरी ओरे नए राष्ट्रपति चुने गए

**लीमा।** पेरु में राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के त्यागपत्र के बाद संसद ने जोस जेरी ओरे को नया राष्ट्रपति चुना है। स्थानीय मीडिया के अनुसार बोलुआर्ते कुछ दिनों से भ्रष्टाचार और कुशासन के आरोपों का सामना कर रही थीं। उनको पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव संसद में लाया गया था। मतदान में उनके खिलाफ 122 मत डाले गए। मतदान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर काम कर रहे जोस जेरी ओरे को नया राष्ट्रपति चुन लिया गया।

# इजराइल ने गाजा में युद्धविराम शुरू होने से पहले की जी भरके गोलाबारी

## इजराइली सैनिकों ने शुरू की वापसी, नेतन्याहू ने दी बंधकों की रिहाई को मंजूरी

वादी गाजा, एजेंसी

इजराइली सेना ने शुक्रवार को एलान किया कि गाजा पट्टी के लिए हमास के साथ युद्धविराम समझौता दोपहर से लागू हो गया है। यह घोषणा इजराइल के मंत्रिमंडल की ओर से गाजा पट्टी में युद्धविराम, शेष बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की ट्रंप की योजना को मंजूरी देने के कुछ घंटों बाद आई। हालांकि युद्धविराम शुरू होने से ऐन पहले तक इजराइल ने गाजा पर जी भरकर गोलाबारी की।

युद्धविराम की खबरों के बीच मध्य गाजा के वादी गाजा में इकट्ठा हुए हजारों लोग स्थानीय समयानुसार दोपहर में सेना की घोषणा के बाद उत्तर की ओर चल पड़े। इससे पहले, फिलिस्तीनियों ने शुक्रवार सुबह पूरे गाजा में भारी गोलाबारी की सूचना दी थी। यह संघर्षविराम दो साल से जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने गाजा के अधिकतर हिस्सों को मलबे में तब्दील कर दिया, पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रखा था।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि सैनिकों ने शुक्रवार दोपहर तक तैनाती रेखा पर वापसी पूरी कर ली थी, जो युद्ध विराम के आधिकारिक रूप से लागू होने के कुछ घंटों बाद की बात है। इससे पहले वापसी की संवेदनशीलता के कारण नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि सेना अपनी नई स्थिति में गाजा के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखेगी। गोलाबारी तड़के तक जारी रही। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद गाजा निवासियों ने शुक्रवार सुबह तक गोलाबारी तेज होने की सूचना दी।

मध्य गाजा के नुसेरात शरणार्थी शिविर में, गाजा शहर से विस्थापित होकर वहां शरण लिए कई लोगों में से एक महमूद शार्कावी ने बताया कि तड़के तोपखाने की गोलाबारी तेज हो गई। शार्कावी ने कहा, आज गोलाबारी में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा के ऊपर कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले सैन्य विमान भी उड़ रहे थे। उत्तरी गाजा में लोगों ने बताया कि बमबारी तड़के से ही जारी थी।



युद्धविराम के बाद उत्तरी गाजा की ओर लौटते विस्थापित फिलिस्तीनी।

### ट्रंप की शांति योजना में कई प्रश्नों के जवाब नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित व्यापक योजना में कई अनुत्तरित प्रश्न शामिल हैं, जैसे कि हमास निरस्त्रीकरण करेगा या नहीं और कैसे करेगा तथा गाजा पर शासन कौन करेगा। इन सवालों के बावजूद, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को एक टेलीविजन बयान में कहा कि अगले चरण में हमास को निरस्त्र और गाजा को विसैन्यीकृत कर दिया जाएगा। नेतन्याहू ने कहा, अगर यह आसान तरीके से हो जाता है, तो ठीक है। अगर नहीं तो इसे कठिन तरीके से हासिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमास इस समझौते पर तभी राजी हुआ जब उसे लगा कि तलवार अब भी उसकी गर्दन पर लटक रही है।

### हमास ने कहा- अब फिलिस्तीनी राष्ट्र पर केंद्रित करेंगे ध्यान

हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख वार्ताकार ने बृहस्पतिवार को एक संबोधन में युद्धविराम समझौते के मुख्य तत्वों को रेखांकित किया। खलील अल-हय्या ने कहा कि इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों समेत 2000 फिलिस्तीनियों को रिहा किया जाएगा। अल हय्या ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है। हमास तथा फिलिस्तीनी गुट अब आत्मनिर्णय और फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### अमेरिका निगरानी के लिए इजराइल भेजेगा 200 सैनिक

**वाशिंगटन।** अमेरिका इजराइल और हमास के बीच गाजा युद्धविराम समझौते की निगरानी के लिए इजराइल में लगभग 200 सैनिक भेज रहा है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि टास्क फोर्स समझौते की निगरानी कर सुनिश्चित करेगी कि कोई उल्लंघन न हो। अधिकारी के अनुसार, मिस्र, कतर और तुर्की सशस्त्र बलों के सदस्य अमेरिकी टीम में शामिल होंगे। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि टास्क फोर्स गाजा में नहीं होगी।

## रूस ने कीव में आवासीय इमारतों को बनाया ड्रोन और मिसाइलों का निशाना

कीव, एजेंसी

रूस की ओर से शुक्रवार तड़के यूक्रेन में ड्रोन और मिसाइल से किए गए हवाई हमलों में कीव में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। हमलों में आवासीय इमारतों को भी निशाना बनाया गया। इस दौरान देश के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई।

देश के दक्षिण पूर्व में अलग से हुए हमलों में एक बच्चे की भी मौत हो गई। यूक्रेन की राजधानी के बीचोंबीच स्थित 17 मंजिला एक इमारत से बचाव दल ने 20 से ज्यादा लोगों को बाहर निकाला। इस इमारत की छठी और सातवीं मंजिल पर आग की लपटें फैल गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। कीव पर यह नया हमला रात भर चला। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूसी हमलों ने नागरिक और ऊर्जा ढांचों को निशाना बनाया, जहां यूक्रेन सर्दियों के लिए तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीदेन्को ने भी इस हमले को यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ सबसे बड़े केंद्रित हमलों में से एक बताया। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि शुक्रवार के हमले से शहर के दोनों ओर बिजली गुल हो गई और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई।



रूस के हमलों के बाद कई इमारतों में लगी आग को बुझाते यूक्रेन के बचावदल।

- **हमलों में भारी नुकसान, देश के कई हिस्सों में बिजली गुल, 20 से ज्यादा लोग घायल**

यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस के ताजा हमले में 465 हमलावर और झांसा देने वाले ड्रोन, विभिन्न प्रकार की 32 मिसाइलें शामिल थीं। वायु रक्षा बलों ने 405 ड्रोन और 15 मिसाइलों को रोका या जाम कर दिया। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी जापोरिज्जिया क्षेत्र में, आवासीय क्षेत्रों और ऊर्जा संयंत्रों पर हमलावर ड्रोन, मिसाइलों और बमों से हमला किया गया, जिसमें 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और उसके माता-पिता और अन्य घायल हो गए।

## राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए मैक्रों जल्द करेंगे नए प्रधानमंत्री की घोषणा

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों एक हफ्ते की राजनीतिक उथलपुथल के बाद जल्द नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति कर सकते हैं।

इसे आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे देश में एक साल से अधिक समय से जारी सियासी गतिरोध को हल करने की उनकी एक और कोशिश माना जा रहा है। नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति को मैक्रों के लिए अपने दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में जान फूंकने के आखिरी मौके के तौर पर भी देखा जा रहा है, जो 2027 में समाप्त होने वाला है। मैक्रों के पास नेशनल असेंबली (संसद का निचला सदन) में बहुमत नहीं है। उन्हें न सिर्फ विपक्ष बल्कि अपने ही खेमे की भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## पाकिस्तान में सैन्य चौकियों पर हमला मारे गए 8 सैनिक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार तड़के एक सैन्य चौकी और एक सुरक्षा गश्ती दल पर आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सैनिकों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए हैं।

घटना स्थानीय समयानुसार तड़के लगभग 4:30 बजे खैबर जिले में हुई, जब आतंकवादियों ने मुख्य चौकी से लगभग 200 मीटर दूर तैनात उसी रेजिमेंट की एक चौकी और ब्लॉक पार्टी पर एक साथ हमला किया। हमलावरों ने अंडर-बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, स्नाइपर राइफल और छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया। सुरक्षा बलों ने इसका जवाब दिया और दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। सुदूर इलाके में संचार संबंधी दिक्कतों के कारण समय पर जानकारी नहीं मिल रही है। अधिकारियों ने क्षेत्र में शनिवार तक कर्फ्यू लगा दिया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। सूत्रों ने बताया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) सहित कई आतंकवादी संगठन क्षेत्र में सक्रिय हैं।

## चीन के हमले का खतरा, ताइवान ने तेज किया वायुरक्षा प्रणाली निर्माण

ताइपे, एजेंसी

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन की ओर से हमले के खतरे के मद्देनजर 'टी-डोम' वायु रक्षा प्रणाली के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प लिया है। लाई ने कहा कि उनकी सरकार एक ठोस रक्षा प्रणाली स्थापित करेगी जो खतरे की उच्च स्तरीय पहचान करने और उसे प्रभावी तरीके से नाकाम करने में सक्षम होगी।

'टी-डोम या 'ताइवान डोम' जाहिर तौर पर इजराइल द्वारा विकसित आयरन डोम प्रणाली से प्रेरित है। लाई ने ताइवान के राष्ट्रीय दिवस समारोह में रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के तीन प्रतिशत से अधिक और 2030 तक पांच प्रतिशत तक बढ़ाने का भी संकल्प लिया। ताइवान चीन के पूर्वी तट के पास एक स्वशासित द्वीप है जिस पर चीन सरकार अपना दावा करती है। उसका कहना है कि यह उसके शासन के अधीन होना चाहिए।

- **प्रणाली को ताइवान डोम दिया नाम रक्षा खर्च बढ़ाने का भी फैसला**

## फिलीपींस में भूकंप के शक्तिशाली झटके, 5 की मौत

मनीला, एजेंसी

दक्षिणी फिलीपींस के पास एक ही क्षेत्र में कुछ घंटों के अंतराल पर शुक्रवार को दो शक्तिशाली भूकंप आए। भूकंप का पहला झटका सुबह में महसूस किया गया जिसकी तीव्रता 7.4 मापी गई। इसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

इसके साथ ही भूस्खलन होने से कई अस्पतालों और स्कूलों को नुकसान पहुंचा और सुनामी की चेतावनी के कारण आसपास के तटीय क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा। हालांकि, सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। दूसरे भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.9 थी। फिलीपींस के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने बताया कि शुक्रवार को आए भूकंप के झटके दावाओ ओरिएंटल प्रांत के मनय शहर में महसूस किए गए थे। यह भूकंप फिलीपींस ट्रेंच में 10 किलोमीटर की गहराई पर हुई हलचल के कारण आया था। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह एक अलग भूकंप था या 7.4 तीव्रता वाले भूकंप का ही एक और झटका था।



भूकंप के तीव्र झटकों से फिलीपींस में आवासीय इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा।

### पिछले भूकंप से उबर नहीं पाया है फिलीपींस

फिलीपींस अभी 30 सितंबर को आए 6.9 तीव्रता के भूकंप से उबर रहा है, जिसमें कम से कम 74 लोग मारे गए थे और मध्य प्रांत सेबू, खासकर बोगो शहर और आसपास के कस्बों में हज़ारों लोग विस्थापित हुए थे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 16.43 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| मं. 7 बु. | शु. सू. 6 | के. 5 | 4 |
| 8 | 9 | 3 गु. | |
| 10 | रा. 11 | 12 श. | चं. 2 |
| | | 1 | |

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- रोहिणी 15.20 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे। माता की सेहत की चिंता हो सकती है।

**वृष:** आज समाज में आपके अधिकार बढ़ेंगे। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन:** आज आपके भीतर निर्भीकता का भाव रहेगा। गलत खानपान के कारण सेहत खराब हो सकती है। व्यवसाय में गतिशीलता कम हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे।

**कर्क:** आज आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह:** आज आपको पूर्व में किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आप किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय ले सकते हैं।

**कन्या:** आज पुराना लोन चुकाने में सफलता मिलेगी। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को अत्यधिक महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण अत्यंत सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। मानसिक उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। अधिक शारीरिक श्रम के कारण पैरों में दर्द हो सकता है। घर में अकेलापन और बोरियत महसूस करेंगे। ठंडे खाद्यपदार्थों से बचे और पानी भरपूर पिएं।

**वृश्चिक:** आज का दिन कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ की संभावनाएं निर्मित करेगा। आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी कार्य सफल होंगे। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करना चाहिए। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**धनु:** आज बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। म्यूचुअल फंड या किसी पॉलिसी में निवेश से लाभ प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में आपको उत्तम लाभ मिलेगा। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे।

**मकर:** आज आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। विद्यार्थियों को तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे। सोशल मीडिया पर अत्यंत सक्रिय रहेंगे। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे।

**कुंभ:** आज व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। धार्मिक अनुष्ठानों में आप विशेष रुचि लेंगे। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं, संभव है वही आपको धोखा दे दें।

**मीन:** आज विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अपने मन की करें दूसरों से अधिक सलाह न लें।

## सुडोकू -126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

### सुडोकू - 125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |



मैं बहुत खुश हूँ। मैं इस जीत के स्तर से खुश हूँ, इस मैच को सीधे सेटों में जीतकर खुश हूँ, और अपने प्रदर्शन से वाकई बहुत खुश हूँ। वह अतीत के महान खिलाड़ियों से तुलना करने की बजाय आत्म-सुधार पर ज्यादा ध्यान देती हैं।

-आर्यना सबालेंका



## हाईलाइट

### रोहित ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले शिवाजी पार्क में किया अभ्यास



**मुंबई :** रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले शुक्रवार को मुंबई रणजी टीम के अपने पूर्व साथी अभिषेक नायर के साथ शिवाजी पार्क में लगभग दो घंटे तक अभ्यास किया। नायर कुछ समय पहले तक भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच भी थे। रोहित की जगह हाल ही में शुभमन गिल को भारतीय एकदिवसीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित 19 अक्टूबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के दौरान वापसी करेंगे।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में खराब शुरुआत

**मैड्रिड :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'ओपन डी एस्पाना' के पहले दिन दो ओवर 73 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 81वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने तीन बोगी के मुकाबले एक बर्डी लगाई। उन्हें कट में प्रवेश पाने के लिए दूसरे दिन अपने खेल का स्तर ऊपर करना होगा। सैम बेयरस्टो ने अपने आखिरी पांच होल में से चार में बर्डी लगाई और उगो कुसौड के साथ पहले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये। इंग्लैंड के बेयरस्टो और फ्रांस के कुसौड का स्कोर छह अंडर 65 हैं।

### रणजी में बडोनी करेंगे दिल्ली की अगुवाई

**नई दिल्ली :** दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की चयन समिति ने नितीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं।

### आईपीएल की नीलामी दिसंबर में संभव

**नई दिल्ली :** आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है, और 13-15 दिसंबर संभावित समय के रूप में उभर रहे हैं। फ्रेंचाइजी अधिकारियों, जिन्होंने बीसीसीआई अधिकारियों से बात की है, ने बताया है कि चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है, हालांकि लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है। इसके अलावा, इस समय इस बात का कोई संकेत नहीं है कि नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी, जैसा कि पिछले दो संस्करणों में हुआ था - पहले दुबई (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा (2024) में।

# यशस्वी के शतक से भारत की शानदार शुरुआत

## दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की उड़ाईं धज्जियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश करके टीम में अपनी उपयोगिता साबित की। इससे भारत ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां दो विकेट पर 318 रन बनाए।

शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में पहली बार टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसका जायसवाल ने पूरा फायदा उठाया। पहले टेस्ट में बड़ा स्कोर बनाने से चूकने वाले जायसवाल दूसरे मौके को हाथ से जाने देने के मूड में नहीं थे और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह 253 गेंदों पर 22 चौकों की मदद से 173 रन बनाकर खेल रहे हैं। सुदर्शन हालांकि अपना पहला टेस्ट शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने करके 87 रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है।

सुदर्शन और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़कर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण की कलई खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय कप्तान ने सतर्कता बरती और अभी तक उन्होंने 68 गेंद का सामना करके तीन चौके लगाए हैं। इन दोनों बल्लेबाजों ने अभी तक तीसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े हैं। केएल राहुल (38) का किस्मत ने साथ नहीं दिया। बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन की सुबह के सत्र में सिर्फ एक गेंद टर्न और बाउंस हुई जिस पर उन्होंने राहुल का कीमती विकेट हासिल किया।

वारिकन ने तीसरे सत्र में एक और टर्न लेती गेंद पर सुदर्शन को पगबाधा आउट करके वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने अब तक 60 रन देकर दो विकेट लिए हैं। उनके अलावा वेस्टइंडीज के अन्य गेंदबाज दिन भर सफलता हासिल करने के लिए तरसते रहे। भारत ने पहले सत्र में एक विकेट खोकर 94 रन बनाए थे। उसने दूसरे सत्र में बिना किसी नुकसान के 126 रन जोड़कर वेस्टइंडीज की गेंदबाजी को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। भारत ने तीसरे सत्र में 98 रन जोड़े और इस बीच सुदर्शन का विकेट गंवाया। वेस्टइंडीज के स्पिनरों की लेंथ सही नहीं थी जबकि उसके तेज गेंदबाज सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर पाए जिससे भारत के बल्लेबाजों को रन बनाने में परेशानी नहीं हुई। जायसवाल और सुदर्शन में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और लंच के बाद पहले घंटे में एक समय वे लगभग छह रन प्रति ओवर की दर से रन बना रहे थे, लेकिन दूसरे घंटे में उनकी गति थोड़ी धीमी हो गई। वेस्टइंडीज को दूसरे सत्र में विकेट हासिल करने का एकमात्र मौका तब मिला जब सुदर्शन ने जस्टिन ग्रीव्स की गेंद को शॉर्ट मिडविकेट पर थोड़ा हवा में खेला लेकिन वारिकन कैच नहीं ले पाए।



वेस्टइंडीज के खिलाड़ी तीसरे अंपायर के निर्णय का इंतजार करते हुए। एजेंसी

### मुझे और रन बनाने की उम्मीद थी : सुदर्शन



**नई दिल्ली :** भारत के तीसरे क्रम के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने स्वीकार किया कि उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट शतक तक पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन 87 रन पर आउट होने से उन्हें थोड़ी निराशा हुई। सुदर्शन ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 165 गेंदों में 12 चौकों की मदद से यह पारी खेली। सुदर्शन पहले टेस्ट में (अहमदाबाद में) रन नहीं बना पाए थे, जहां भारत ने वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रन से हराया था। सुदर्शन ने टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी पारी खेलने के बाद कहा मैं आज की अपनी पारी के लिए निश्चित रूप से आभारी हूं, लेकिन मन में हमेशा वो छोटी सी ख्वाहिश होती है कि शतक पूरा हो जाए। इसलिए मैं और ज्यादा की उम्मीद कर रहा था। इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट पदार्पण करने वाले सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

### भारत

**318/2** (90 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 173 |
| राहुल स्टं. मलाचा बो वारिकन | 98 |
| साई सुदर्शन पगबाधा वारिकन | 87 |
| शुभमन गिल नाबाद | 20 |

**गेंदबाजी :** सील्स 16-1-59-0, फिलिप 13-2-44-0, ग्रीव्स 8-1-26-0, पियरे 20-1-74-0, वारिकन 20-3-60-2, चेज 13-0-55-0




यशस्वी जायसवाल।

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को हराया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

कप्तान सोफी डिवाइन (63) और ब्रूक हॉलिडे (69) के शानदार अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को महिला विश्व कप मुकाबले में 61 गेंदे शेष रहते 100 रनों से हरा दिया।

227 रनो के लक्ष्य पीछा करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 33 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये। बंगलादेश का पहला विकेट पांचवें ओवर में शर्मीन अख्तर (तीन) के रूप में गिरा। उन्हें रोजमेरी मेयर ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के विकेट लगातार गिरने शुरु हो गये। रूब्या हैदरा (चार), शोभना मोस्तारी (दो), कप्तान निगार सुल्तान (चार) और सुमैया अख्तर एक रन बनाकर आउट हुई।

छठे और सातवें विकेट के रूप में शोरना अख्तर (एक) और नाहिदा अख्तर 17 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद फातिमा खातून और राबेया खान ने आठवें विकेट के लिए 44 रन जोड़ कर संघर्ष दिखा। 36वें ओवर में जेस केर ने राबेया खान (25) को आउटकर बंगलादेश के मैच जीतने की उम्मीद का अंत कर दिया। निशीता ए निशी (पांच) को लिया तहुहू ने बोल्ड आउट किया। 40वें ओवर की पांचवीं गेंद पर इर्डन कार्सन ने फातिमा खातून (34) को आउटकर 127 रन के स्कोर पर बंगलादेश की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिया तहुहू ने तीन-तीन विकेट लिये। रोजमेरी मेयर को दो विकेट मिले। एमेलिया केर और इर्डन कर्सन ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। तीन विकेट 38 रन पर गंवाने के बाद सोफी और हैलिडे ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। दोनों ने अर्धशतक बनाये लेकिन बड़े शॉट खेलने की कोशिश में अपने विकेट भी गंवाए।



न्यूजीलैंड की ब्रूक हॉलिडे ने अर्धशतकीय पारी के दौरान कई आकर्षक शॉट लगाए। एजेंसी

- बांग्लादेश के खिलाफ हॉलिडे और डिवाइन ने खेली शानदार अर्धशतकीय पारियां

ICC WOMEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2025

### इंग्लैंड की नजर जीत की हैट्रिक पर

**कोलंबो :** चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शनिवार को यहां होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी जबकि मेजबान श्रीलंका की नजरें परिस्थितियों से परिचित होने पर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वह एक समय वह मुश्किल स्थिति में दिख रहा था लेकिन 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन पर आधी टीम गंवाने के बावजूद हीथर नाइट के नाबाद 79 रन की बदौलत उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई और अनुभव एक बार फिर चार विकेट की जीत में निर्णायक साबित हुए। कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार किया टीम मुश्किल परिस्थितियों में पड़े बिना जीत हासिल करना चाहती थी।

**समय दोपहर 3:00 बजे से**

# एशिया कप ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में बंद की गई

**लाहौर, एजेंसी**

एशिया कप ट्रॉफी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के दुबई स्थित मुख्यालय में बंद कर दिया गया है। इस महाद्वीपीय संस्था के प्रमुख मोहसिन नकवी ने निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी के बिना इसे स्थानांतरित या भारत को नहीं सौंपा जाना चाहिए।

भारतीय टीम ने एशिया कप जीतने के बाद नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद नकवी इसे अपने साथ ले गए थे और तभी से यह ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में है। भारत ने 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। नकवी के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई को बताया आज की स्थिति में ट्रॉफी दुबई में एसीसी कार्यालय में है और नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना इसे किसी को नहीं सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने कहा नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि केवल वही व्यक्तिगत रूप से ट्रॉफी (जब भी ऐसा होगा) भारतीय टीम या बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को सौंपेंगे। एशिया कप भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के साए में खेला गया। इसके अलावा नकवी ने भी सोशल मीडिया पर राजनीतिक बयान दिए।

बीसीसीआई ने ट्रॉफी लेकर चले जाने के उनके कृत्य पर कड़ी आपत्ति जताई और अगले महीने आईसीसी की बैठक में इस मुद्दे को उठाने का संकल्प लिया। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नकवी की निंदा करने और उन्हें आईसीसी के निदेशक पद से हटाने के लिए कड़ा कदम उठाया जा सकता है।

- नकवी का उनकी अनुमति के बिना इसे नहीं हटाने का निर्देश



### ट्रॉफी का अनावरण



नई दिल्ली स्थित त्यागराज स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग ट्रॉफी का कप्तान अर्जुन देसवाल (तमिल थलाइवाज), असलम इनामदार (पुनेरी पलटन), योगेश दहिया (बेंगलुरु बुल्स) और नितिन रावल (जयपुर पिंक पैंथर्स) ने अनावरण किया। ● एजेंसी

# कास्परोव ने आनंद पर बढ़त मजबूत की

### क्लच शतरंज लीजेंड्स

**सेंट लुइस (अमेरिका), एजेंसी :** भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्परोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए, जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी। कास्परोव पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे, पर वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्परोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है। अभी चार बाजियां बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है। अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले को तीन अंक मिलेंगे।

### सबालेंका की वुहान में लगातार 20वीं जीत

**वुहान (चीन) :** आर्यना सबालेंका ने वुहान में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक बढ़ाते हुए शुक्रवार को आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000-स्तरीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन चैंपियन ने 2018, 2019 और पिछले साल चीन के इस शहर में वापसी पर वुहान ओपन का खिताब जीता था। शीर्ष रैंकिंग वाली सबालेंका ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में तीन बार रयबाकिना की सर्विस तोड़ी और इस सत्र में 11वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इगा स्वियातेक शुक्रवार को जैस्मीन पाओलिनी से सीधे सेटों में उलटफेर का शिकार हो गईं। पाओलिनी ने 65 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में दूसरी रैंकिंग वाली स्वियातेक को 6-1, 6-2 से हराया।

### किया बचाव

**दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद बोलीं-भारतीय शीर्ष क्रम को एक मैच से नहीं आंका जा सकता**

# आप हमेशा शीर्ष क्रम को दोष नहीं दे सकते : रिचा घोष

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर रिचा घोष ने वनडे विश्व कप में टीम के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता। बल्लेबाजों के लिए आसान पिच पर खेलने के बावजूद भारत के शीर्ष बल्लेबाज विश्व कप में लगातार तीसरी बार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से तीन विकेट से हार गई।

प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 102 रन था। इसके बाद घोष (94) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संभाला और भारत को 251 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल चुनौती का सामना करते हुए यह लक्ष्य हासिल कर लिया। घोष ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा हमारे शीर्ष क्रम के सभी खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं। एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता। क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना हमारा काम है। आप हमेशा शीर्ष क्रम पर दोष नहीं मढ़ सकते।

उन्होंने कहा हमने मैच में कभी हार नहीं मानी। हम आखिरी गेंद तक खेले और अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश की।



### प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी

घोष ने कहा कि टीम परिणाम की समीक्षा करेगी, लेकिन इससे रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा हम अपने इस प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। हम इस बात का आकलन करेंगे कि हमने कहां अच्छा प्रदर्शन किया और हम कहां सुधार कर सकते हैं। हम सकारात्मक बने रहेंगे। हम इस मैच से सीख लेकर आगे अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेंगे। घोष ने कहा मुझे लगता है कि क्रांति के ओवर में टर्निंग पॉइंट आया। नादिन डी क्लार्क ने जो एक छक्का और एक चौका लगाया, जिससे वास्तव में पासा पलट गया। बाकी सब कुछ नियंत्रण में था।